आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 12 दिसंबर 2025 | 27 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 346, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

2 वर्ष सफलता भरे




फोटो : जय कुमार

**मंडी में कांग्रेस सरकार का जन संकल्प : भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजने और सभी गारंटियां पूरी करने का वादा**

# दो साल में बदल देंगे हिमाचल प्रदेश की तकदीर और तस्वीर : मुख्यमंत्री सुक्खू

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने वीरवार को मंडी के पड्डल मैदान में सरकार के तीन साल पूरे होने पर आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में कहा कि हम आगामी दो साल में हिमाचल प्रदेश की तकदीर और तस्वीर बदलेंगे। उन्होंने सम्मेलन में भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजने और सभी गारंटियां पूरी करने का वादा भी किया।

- **पूर्व भाजपा सरकार को भी लिया आड़े हाथ**
- **75,000 करोड़ का कर्ज छोड़ने का आरोप**

पिछले तीन वर्षों के घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए सीएम ने बताया कि किस तरह प्रदेश सरकार ने राज्य में आर्थिक, राजनीतिक और प्राकृतिक चुनौतियों का दृढ़ता से सामना किया है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार प्रदेश पर 75,000 करोड़ रुपए का कर्ज और 10,000 करोड़ का एरियर छोड़ गई। इस तरह कुल 85,000 करोड़ का बोझ प्रदेश की जनता और वर्तमान सरकार पर डाल दिया गया। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार होने का दावा करने वाली भाजपा अपने कार्यकाल में यह कर्ज क्यों नहीं चुका पाई। आज हमें इस कर्ज को चुकाने के लिए कर्ज पर कर्ज लेना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने कस्टमाइज्ड पैकेज के नाम पर बिना रजिस्ट्री के 4500 बीघा भूमि सिर्फ एक करोड़ 12 लाख रुपए में बेच दी। हमारी सरकार प्रदेश की संपदा और हितों की रक्षा के लिए वचनबद्ध है। हिमाचल के हितों को लुटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए बड़े निर्णय लिए गए हैं, साथ ही केंद्र और पड़ोसी राज्यों से अपने हक लेने के लिए मजबूती से अपना पक्ष रखा है।



## कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए लिया ओपीएस बहाली का निर्णय

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार के लिए जनहित सर्वोपरि है। हमने सत्ता में आते ही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना लागू की। कानून बनाकर अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा दिया। यह सरकार की गारंटी नहीं थी, बल्कि संवेदनशील सोच का परिणाम है। उन्होंने प्राकृतिक आपदा के दौरान प्रभावितों की मदद के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों को भी इंगित किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ओपीएस देने का निर्णय राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं लिया गया, बल्कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा के लिए लिया गया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के जन सरोकार व देश सेवा के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दो प्रधानमंत्री देश की एकता और अखंडता के लिए बलिदान किए हैं। राष्ट्र निर्माण के लिए निरंतर योगदान दिया है। वहीं, डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में ओपीएस लागू कर कर्मचारियों को उनका हक दिया है। कोई भी उनके इस अधिकार को छीन न सके, इसलिए कानून बनाकर हिमाचल के कर्मचारियों को उनका अधिकार देना है।

## तीन साल की उपलब्धियां गिनवाईं

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमने वाइल्ड फ्लावर हॉल शिमला मामले में कानूनी लड़ाई जीती है, जिससे प्रदेश को हर वर्ष 20 करोड़ रुपए की आय होगी। सरकार के प्रयासों से कड़छम-वांगतु परियोजना में रॉयल्टी 12 प्रतिशत से बढ़कर 18 प्रतिशत हुई है, जिससे हर वर्ष 150 करोड़ की अतिरिक्त आय होगी। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के चार वर्ष के कार्यकाल में शराब की दुकानों को रिन्यू करने से मात्र 450 करोड़ रुपए की आय हुई, जबकि वर्तमान सरकार ने एक वर्ष में ही आबकारी से 450 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया।

## हम ऑल्टो में नहीं, वोल्वो में 52 सीट लेकर आएंगे

**जन** संकल्प सम्मेलन में मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय में उनके खिलाफ दुष्प्रचार के लिए 20 लोगों की सोशल मीडिया टीम बैठाई गई है, लेकिन तथ्यों से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता। सीएम सुक्खू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उनके खिलाफ षड्यंत्र रचते हुए दावा किया था कि अब इस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकता, लेकिन भगवान के आशीर्वाद और जनता के समर्थन से सरकार न केवल बची, बल्कि मजबूती के साथ 40 विधायकों तक पहुंची। अपने साधारण जीवन का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वह एक गरीब परिवार के बेटे हैं और ऑल्टो में विधानसभा आते हैं, जिस पर भी भाजपा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि अगली बार ऑल्टो में आने जितने विधायक ही जीतेंगे, तो सुक्खू ने पलटवार करते हुए कहा कि हम अगली बार ऑल्टो नहीं, बल्कि वोल्वो में 52 सीट निकालकर आएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीति के सच्चे सेवक किसी से नहीं घबराते, वर्ष 2027 में हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर बनेगा।

## अग्निहोत्री बोले- भाजपा नेताओं के घर हाजिरी लगाने वाले अफसरों से सख्ती से निपटेंगे

**जन** संकल्प सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री विरोधियों पर जम कर बरसे। उन्होंने भाजपा नेताओं के साथ-साथ इशारों-इशारों में पार्टी और सरकार के भीतर अपने विरोधियों को मुख्यमंत्री के सामने खरी-खरी सुना डाली। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारी रात के अंधेरे में भाजपा नेताओं के घरों में हाजिरी लगा रहे हैं, उन्हें रात के अंधेरे में ही निपटा दिया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने इशारों-इशारों में मुख्यमंत्री को भी खरी-खरी सुना डाली। उन्होंने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा, दोनों हाथों से निपटा दो, वर्करों के काम करने हैं, ताकत से डंडा पकड़ेंगे तो काम चलेगा। मुकेश संतुष्ट आदमी है, किसी से नहीं डरता...कुचलने की कोशिश करेंगे तो नेस्तनाबूद कर देंगे। कांग्रेस पार्टी की सरकार जनता की सरकार है। उन्होंने कहा कि हम उस पार्टी के वारिस हैं, जिसने हिमाचल बनाया है। नेहरू गांधी परिवार की वजह से हिमाचल बना है। अगर डॉक्टर परमार न होते तो हिमाचल न बनता। भाजपा के लोग तो महापंजाब की वकालत कर रहे थे।

## पाठकों के प्यार ने हमें बनाया खास अनंत ज्ञान की गौरवशाली दूसरी वर्षगांठ

**प्रिय पाठकों,**

आपकी शुभकामनाओं के सानिध्य और अथाह स्नेह के बीच दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान आज अपने तीसरे वर्ष के प्रवेश द्वार पर दस्तक दे रहा है। यह यात्रा आसान नहीं रही, लेकिन देवभूमि हिमाचल के जागरूक, संवेदनशील और सचेत पाठकों से मिले प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ने हर कठिन राह को सरल बनाया है। आपके इसी विश्वास के दम पर अनंत ज्ञान निरंतर आगे बढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश में 20 से ज्यादा सक्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्रों के बीच अपनी पहचान बनाना आसान काम नहीं था, लेकिन अनंत ज्ञान ने सभी चुनौतियों को पार करते हुए निर्भीक और निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ समाज में अपनी अलग और विशिष्ट पहचान स्थापित की। इसके पीछे हमारी कर्मठ, ईमानदार और जुझारू टीम का अथक परिश्रम, समर्पण और प्रतिबद्धता है, जिन्होंने हर दिन पाठकों के विश्वास को सर्वोपरि रखा।



बीते दो वर्ष में आप सभी पाठकों ने हमें जो अपार स्नेह दिया है, उसके लिए हम शब्दों में अपना आभार व्यक्त नहीं कर सकते। इस दौरान हमारी कई खबरों को आपने सराहा, समर्थन दिया और उन्हें अपनी आवाज बनाया। हमारी मुद्दा आधारित खबरों का प्रभाव भी पड़ा, प्रशासन ने संज्ञान लिया और कई जगहों पर समस्याओं का निवारण भी संभव हो सका। यह हमारे लिए सिर्फ उपलब्धि नहीं, बल्कि सेवा का संतोष है। जनमानस की आवाज बनना, आम आदमी के दुख-दर्द को सामने लाना और उनके मसलों के समाधान का माध्यम बनना हमारा प्रमुख दायित्व और ध्येय रहा है। हम आरंभ से ही कर्म में विश्वास रखते हैं और यह निरंतरता आगे भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जारी रहेगी। हम यह भी संकल्प लेते हैं कि नीति निर्धारकों के समक्ष आपकी आवाज को पूरी तथ्यात्मकता, निर्भीकता व गंभीरता के साथ उठाते रहेंगे।

हम कभी यह दावा नहीं करते कि केवल दो वर्ष में हमारा समाचार पत्र संपूर्ण प्रदेश के हर घर तक पूरी तरह पहुंच गया है, लेकिन हम यह वादा अवश्य करते हैं कि अपने सीमित संसाधनों के बावजूद उसे हर कोने तक पहुंचाने का संकल्प कभी कमजोर नहीं होने देंगे। हमें पूर्ण विश्वास है कि आने वाले वर्षों में यह सुलभता हिमाचल प्रदेश के कोने-कोने में अवश्य पहुंचेगी। हम योजनाबद्ध तरीके से इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं और हमें विश्वास है कि सफलता हमें निश्चित रूप से मिलेगी। आपका स्नेह, आपके शब्दों का विश्वास और आपका साथ ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है।

आप इसी प्रकार आगे भी अनंत ज्ञान को अपना आशीर्वाद और प्रेम देते रहें, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हम यह विश्वास दिलाते हैं कि अपने ज्ञानवर्धक, निष्पक्ष और रोचक कंटेंट के दम पर आपको निरंतर श्रेष्ठ, पठनीय और जनहित से जुड़ी सामग्री देते रहेंगे। आपके अनंत समर्थन, विश्वास और सहयोग के लिए एक बार फिर हृदय की गहराइयों से आभार।

**-डॉ. दिलीप धाकड़**
मैनेजिंग डायरेक्टर एवं मुख्य संपादक

## 5 राज्यों में एसआईआर की समयसीमा बढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वीरवार को 5 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की समयसीमा बढ़ा दी है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान-निकोबार में 18 दिसंबर तक फॉर्म भर सकेंगे।

वहीं, उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर, गुजरात और तमिलनाडु में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जा सकेंगे। पहले फॉर्म भरने की आखिरी तारीख 11 दिसंबर थी। बाकी राज्यों का ड्राफ्ट रोल 16 दिसंबर को पब्लिश होगा। आयोग ने बताया कि गोवा, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के लिए समयसीमा वीरवार को ही समाप्त होगी और ड्राफ्ट मतदाता सूची 16 दिसंबर को पब्लिश की जाएगी। केरल में पहले ही अखिरी तारीख 18 दिसंबर कर दी गई थी जिसका ड्राफ्ट 23 दिसंबर को पब्लिश होगा। (अनंत ज्ञान)

## मुआवजे में 10 हजार का ट्रैवल वाउचर देगी इंडिगो

**एजेंसी, नई दिल्ली।** एयरलाइन कंपनी इंडिगो फ्लाइट कैंसिल से प्रभावित यात्रियों को रिफंड के अलावा मुआवजे में ट्रैवल वाउचर भी देगी। कंपनी ने वीरवार को बताया कि 3-5 दिसंबर के बीच फ्लाइट रद्द होने से ज्यादा परेशान हुए पैसेंजर्स को 10000 रुपए का ट्रैवल वाउचर मिलेगा। एयरलाइन ने बताया कि ट्रैवल वाउचर अगले 12 महीने तक किसी भी इंडिगो फ्लाइट की बुकिंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकेगा। कंपनी के अनुसार यह मुआवजा उन 5000-10,000 रुपए के अलावा होगा, जो फ्लाइट उड़ाने के 24 घंटे के अंदर कैंसिल होने पर मिलता है। इधर इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को नागरिक उड्डयन नियामक के सामने पेश हुए। करीब 2 घंटे की पूछताछ में सीईओ पीटर एल्बर्स से ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल किए गए। (अनंत ज्ञान)




**बातचीत** रक्षा, ऊर्जा, सुरक्षा और व्यापार में सहयोग को गहराई देने पर बनी सहमति

# पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर की बात

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोन पर बातचीत कर भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। दोनों नेताओं ने माना कि दो बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच तेजी से मजबूत होते संबंध वैश्विक राजनीति में अहम भूमिका निभा रहे हैं। बातचीत का मुख्य फोकस रक्षा, ऊर्जा, सुरक्षा और व्यापार जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और गहराई देना रहा।

पीएम मोदी और ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करते हुए द्विपक्षीय सहयोग में हो रही निरंतर मजबूती पर संतोष जताया। दोनों नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार बढ़ाने के लिए गति बनाए रखना आवश्यक है। इसके साथ ही दोनों ने यह भी माना कि आने वाले समय में दोनों देशों को नई तकनीकों, रक्षा और सुरक्षा में आपसी सहयोग बढ़ाने की जरूरत है। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने कॉम्पैक्ट कार्यक्रम पर भी चर्चा की। यह कार्यक्रम 21वीं सदी के लिए दोनों देशों के बीच सैन्य, तकनीकी और व्यापारिक सहयोग को मजबूत बनाने पर केंद्रित है। मोदी और ट्रंप ने महत्वपूर्ण तकनीकों, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्रों में साझेदारी बढ़ाने पर सहमति जताई। उन्होंने माना कि इन क्षेत्रों में सहयोग दोनों देशों के हित में है।

दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिति को लेकर भी विचार साझा किए। बातचीत में वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सहयोगात्मक ढांचे को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। दोनों देशों ने माना कि कई मुद्दे ऐसे हैं, जिन पर मिलकर काम करने से प्रभावी समाधान निकल सकता है। मोदी और ट्रंप ने साझा चुनौतियों से निपटने के लिए तालमेल बढ़ाने पर सहमति जताई। (अनंत ज्ञान)

### रिश्तों को और मजबूत करने का संकल्प



**बातचीत** के दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच मजबूत और भरोसेमंद रिश्ते भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को संतुलित और सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। दोनों नेताओं ने संपर्क बनाए रखने और आगे भी नियमित बातचीत करते रहने का संकल्प लिया। उनके अनुसार, निरंतर संवाद से द्विपक्षीय संबंध और बेहतर होंगे और दोनों देशों के साझा हितों को मजबूती मिलेगी।



## अरुणाचल में खाई में गिरा ट्रक, 21 की मौत

**एजेंसी, ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अनजॉ जिले के ह्युलियांग इलाके में एक ट्रक 1000 फुट गहरी खाई में गिर गया। इस हादसे में ड्राइवर और क्लीनर समेत 21 की मौत हो गई। यह हादसा 8 दिसंबर का है। जानकारी वीरवार को सामने आई। दरअसल, हादसे में एक व्यक्ति जीवित बचा था, जो दो दिन तक पैदल चलकर किसी तरह आर्मी कैंप पहुंचा। इसके बाद आज सुबह आर्मी के बचाव दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। (अनंत ज्ञान)

## लूथरा भाइयों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने गोवा के 'बर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में आरोपी गौरव और सौरभ लूथरा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुना दिया है। अदालत ने अग्रिम जमानत की यचिका खारिज कर दी है। मामला गोवा के एक रेस्तरां में आग लगने के बाद दर्ज एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें लूथरा भाइयों पर लापरवाही के आरोप हैं। (अनंत ज्ञान)

शिव प्रताप शुक्ल
राज्यपाल
हिमाचल प्रदेश
राज भवन, शिमला

Shiv Pratap Shukla
Governor
Himachal Pradesh
0177-2624152
2624440
governorsecy-hp@nic.in

संदेश

दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" एवं डिजिटल टीवी को उनकी वर्षगांठ पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ।

जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को निष्पक्षता, संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जनता तक पहुँचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अनंत ज्ञान और डिजिटल टीवी ने अपने कार्यकाल में जिस प्रतिबद्धता, पेशेवर दक्षता और सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का परिचय दिया है, वह सराहनीय है।

आज के दौर में त्वरित और विश्वसनीय सूचना का महत्त्व और अधिक बढ़ गया है। ऐसे में आपकी संस्थाओं ने समाज को जागरूक करने, जनहित के प्रश्न उठाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में प्रभावशाली योगदान दिया है।

मैं आशा करता हूँ कि अनंत ज्ञान और डिजिटल टीवी भविष्य में भी इसी निष्ठा, संतुलन और मर्यादा के साथ पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखेंगे और जनविश्वास को निरंतर सशक्त बनाते रहेंगे।

वर्षगांठ के इस विशेष अवसर पर, मैं सम्पादकीय टीम, स्टाफ, पाठकों और दर्शकों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

आपकी आगे की यात्रा ज्ञान, प्रगति और सफलता से परिपूर्ण हो।

(शिव प्रताप शुक्ल)

---

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू
SUKHVINDER SINGH SUKHU

मुख्य मंत्री
हिमाचल प्रदेश
CHIEF MINISTER
HIMACHAL PRADESH

संदेश

मुझे यह जानकार हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र और डिजिटल टीवी 12 दिसम्बर, 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है, जिसके लिए मैं समाचार पत्र समूह के प्रकाशक, सम्पादक मण्डल और सभी सदस्यों को बधाई देता हूं।

पिछले दो वर्षों में 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र की यह रचनात्मक यात्रा न केवल सराहनीय रही है, बल्कि समाज में जागरूकता, जिम्मेदार पत्रकारिता और सत्य पर आधारित सूचना के प्रसार के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

मुझे आशा है कि आगामी वर्षों में भी 'अनंत ज्ञान' अपनी निष्ठा, निष्पक्षता और समर्पण के साथ पत्रकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करता रहेगा।

मैं, समाचार पत्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

(सुखविन्द्र सिंह सुक्खू)

---

प्रेम कुमार धूमल
PREM KUMAR DHUMAL

पूर्व मुख्यमंत्री
FORMER CHIEF MINISTER

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र "अनंत ज्ञान" एवं डिजिटल टीवी 12 दिसम्बर 2025 को दूसरी वर्षगांठ मना कर रहा है। मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित करता हूँ।

लोकतन्त्र में मीडिया, समाचार पत्र और पत्रिकाओं की सता और आम जनमानस के बीच में एक सम्वाद-सेतु की भूमिका रहती है इसी कारण प्रैस को लोकतन्त्र का चौथा सतम्भ कहा जाता है, तथा "अनंत ज्ञान" अखबार के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, जनसमस्याओं और जनहितकारी मुद्दों को प्रमुखता से प्रकाशित कर के अपनी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली को दर्शाने का कार्य कर रहा है। समाचार पत्र समाज का दर्पण है, यह न केवल संचार का माध्यम है अपितु लोकतान्त्रिक और संवैधानिक मूल्यों को बल देने और समाज में जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम है।

मैं आशा करता हूँ कि "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मंडल के अथक प्रयासों से यह अखबार लगातार सफलता की ओर अग्रसर होगा व दिन प्रतिदिन जनता मे और अधिक लोकप्रिय होगा। मैं "अनंत ज्ञान" के सम्पादक मण्डल और सभी सदस्यों को इस शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ और सभी के उज्ज्वल भविष्य व समाचार पत्र के सफल प्रकाशन की कामना करता हूँ।

(प्रेम कुमार धूमल)

---

रोहित ठाकुर

संदेश

दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मैं हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। दो वर्षों की आपकी यह प्रकाशन यात्रा न केवल सराहनीय रही है, बल्कि समाज में जागरूकता, जिम्मेदार पत्रकारिता और सत्य पर आधारित सूचना प्रसारण के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

आपने जनमानस तक विश्वसनीय समाचार, उपयोगी जानकारियाँ और रचनात्मक सामग्री पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आशा है कि आगामी वर्षों में भी 'अनंत ज्ञान' इसी समर्पण और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता के उच्च मानदंड स्थापित करता रहेगा।

मैं आपके संपूर्ण संपादकीय एवं प्रबंधन टीम को शुभकामनाएं देता हूँ और विश्वास व्यक्त करता हूँ कि 'अनंत ज्ञान' निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करता रहेगा।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

(रोहित ठाकुर)

---

नरेश चौहान

प्रधान सलाहकार मुख्य मंत्री
(मीडिया)
हिमाचल प्रदेश

सन्देश

यह अतीव प्रसन्नता का विषय है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान 12 दिसम्बर, 2025 को अपनी द्वितीय वर्षगांठ मना रहा है।

अत्यन्त अल्प समय में 'अनंत ज्ञान' ने निष्पक्ष, निर्भीक और जन हितकारी पत्रकारिता के माध्यम से समाज में विश्वास की एक मजबूत पहचान बनाई है। समाचार पत्र में प्रकाशित लेख न केवल सत्य बल्कि संवेदना और सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम बने हैं। अनंत ज्ञान ने पूरी ईमानदारी से हर वर्ग और जन-जन की आवाज को एक सशक्त मंच दिया है।

मेरी ओर से यही शुभकामनाएं हैं कि अनन्त ज्ञान समाचार पत्र प्रगति के नए शिखर छुए और जन-जन के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहे।

अनंत ज्ञान समाचार पत्र की द्वितीय वर्षगांठ के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेश चौहान)

---

हर्षवर्धन चौहान



उद्योग, संसदीय कार्य व श्रम एवं रोजगार मन्त्री,
हिमाचल प्रदेश,
शिमला-171 002.
ई-मेल: industryministerhp@gmail.com
दूरभाष नं.: 0177-2621196

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता की अनुभूति हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' अपने प्रकाशन की दूसरी वर्षगांठ मना रहा है।

समाज में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सामाजिक सरोकार के मुद्दों को उठाना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना उन कार्यों में से एक है। अनंत ज्ञान अपनी सकारात्मक पत्रकारिता और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए जाना जाता है। यह समाचार पत्र अपने समाचारों व लेखों के माध्यम से समाज में जागरूकता का संचार कर रहा है।

मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी यह समाचार पत्र सकारात्मक व निष्पक्ष पत्रकारिता से सामाजिक जनचेतना की अलख जगाता रहेगा।

समाचार पत्र के सफल प्रकाशन के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हर्षवर्धन चौहान

---

## बधाई संदेश



**मुझे** अत्यंत हर्ष हो रहा है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और एवं डिजिटल टीवी अपनी दो वर्ष की सफल पत्रकारिता यात्रा का उत्सव मना रहे हैं। संस्थान की समस्त टीम का सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में भी 'अनंत ज्ञान' पूरी निष्ठा, साहस और गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग के साथ पत्रकारिता जगत में नई मिसाल कायम करेगा।

**-सतपाल सत्ती, विधायक, ऊना सदर।**

## बधाई संदेश



**अनंत ज्ञान** टीवी चैनल और समाचार पत्र के दो वर्ष पूरे होने पर पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं।लोकतंत्र में समाचार पत्र और टीवी चैनल की अहम भूमिका रही है और अनंत ज्ञान अखबार सामाजिक कुरीतियों, जनसमस्याओं और जनहित के मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित कर रहा है। मैं आशा करता हूं अनंत ज्ञान की टीम के अथक प्रयासों से लगातार सफलता की ओर अग्रसर होगा। अनंत ज्ञान इसी प्रकार से समाज हित के लिए कार्य करता रहे।

**-आशीष शर्मा, विधायक, हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र।**

## बधाई संदेश



**दैनिक** 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आपके समाचार पत्र और वैब टीवी ने ज्ञान, सच्चाई और नैतिकता के साथ पत्रकारिता के मूल्यों को स्थापित किया है। आशा है कि भविष्य में भी आप इसी लग्न, ईमानदारी और समर्पण के साथ ज्ञान का प्रकाश फैलाते रहेंगे।

**-अनिल शर्मा, विधायक, मंडी विधानसभा**

## बधाई संदेश



**अनंत ज्ञान** टीवी चैनल और समाचार पत्र पिछले दो वर्षों से जनहित के मुद्दों को उठा रहा है और निष्पक्षता से राजनीति के समाचारों को प्रकाशित कर रहा है। लोगों को प्रतिदिन नए सोच के साथ समाचार पढ़ने को मिल रहे हैं यह बहुत की सराहनीय है। आने वाले दिनों में प्रदेश की जनता की आवाज बनकर सरकार के समक्ष पहुंचाएं यही कामना है। आपकी निरंतर सफलता और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।

**-इंद्रदत लखनपाल, विधायक, बड़सर विधानसभा क्षेत्र।**

## बधाई संदेश



**अनंत ज्ञान** टीवी चैनल और दैनिक समाचार पत्र की दूसरी वर्षगांठ के बधाई व शुभकामनाएं। इन दो वर्षों में निष्पक्ष पत्रकारिता का परिचय दिया है जिससे लोगों के दिमाग पर गहर असर छोड़ा है। जनता को जागरूक के अलावा महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध करवाई है। मैं अनंत ज्ञान की टीम को फिर से शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले समय में लोगों की समस्याएं और सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में अपनी निष्पक्ष भूमिका अदा करेगा।

**-सुरेश कुमार, विधायक, भोरंज विधानसभा क्षेत्र।**

## बधाई संदेश



**अनंत ज्ञान** दैनिक समाचार पत्र और डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मैं अनंत ज्ञान समाचार पत्र के सभी पत्रकार बंधुओं को बधाई देता हूं। आशा करता हूं कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान, लोगों के मुद्दों को उठाएगा और पत्रकारिता के मूल्यों को हमेशा ऊंचा रखेगा। मैं अनंत ज्ञान समाचार पत्र परिवार को बधाई देता हूं।

**-देवेंद्र जग्गी, कांग्रेस नेता, धर्मशाला**

# हिमाचल में मक्की की खुशबू से महकी उम्मीदों की नई राह

## सुक्खू सरकार की गारंटियों से उभरता प्राकृतिक खेती का नया स्वरूप, खेतों की मिट्टी, महिलाओं की मुस्कान व युवाओं की उम्मीदों को लगे पंख

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**शिमला।** पहाड़ की ढलानों पर प्राकृतिक मक्की अपनी महक बिखरने लगी है। बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य मिलने से मक्की से किसान मालामाल होने लगे हैं। अब किसानों के दिलों में उम्मीद की लौ फिर से जगमगा उठी है। बरसों तक बाजार के तंज और दामों की गिरफ्त में दबे किसान आज पहली बार महसूस कर रहे हैं कि उनके पसीने की असली कीमत शासन के दरबार में भी पहचानी जा रही है। प्राकृतिक ढंग से उगाई गई मक्की को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का फैसला किसानों के सूखे मन में पहली बारिश की बूंद की तरह उतरा है। लिहाजा, ये फैसला किसानों के बुझे अरमानों में नई जान भरने वाला साबित होने लगा है।

जानकारी के अनुसार सुक्खू सरकार ने इस वर्ष प्राकृतिक खेती से उगाई गई मक्की का समर्थन मूल्य चालीस रुपए प्रति किलो निर्धारित किया है। यह दर पिछले वर्ष की तुलना में पूरे दस रुपये अधिक है। यह बढ़ोतरी उन किसानों के लिए राहत की ठंडी हवाओं का झोंका है, जो लम्बे अरसे से अस्थिर बाजार और कम कीमतों की मार झेलते आए हैं। मक्की की यह खरीद नीति छोटे किसानों को बाजार की धौंस से आजाद करती है और उन्हें अपने परिश्रम का वाजिब हक दिलाती है।



प्राकृतिक ढंग से उपजी मक्की की खरीद के लिए प्रत्येक किसान से बीस क्विंटल तक की सीमा तय की गई है। इससे छोटे किसानों को प्राथमिक महत्व मिलता है और एक समान अवसर की भावना जगती है। सरकारी खरीद व्यवस्था के जरिये किसान अब किसी सौदागर के तराजू पर निर्भर नहीं, बल्कि अपने हक के दाम पर निश्चिंत रह सकते हैं। यह निश्चिंतता वही है जो पहाड़ के जीवन में स्थिरता का नया दौर लेकर आ रही है।

इस योजना के पीछे सरकार की मंशा सिर्फ आर्थिक राहत तक सीमित नहीं, बल्कि प्राकृतिक खेती को पुनर्जीवित करने का गहरा इरादा भी समाया हुआ है। रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से राज्य की मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटने लगी थी। किसान लगातार परेशान था और उसका पैदावार पर भी गहरा असर पड़ने लगा था और मिट्टी की ताकत मुरझाने लगी थी। खेत अपनी सांसें खो रहे थे, लेकिन प्राकृतिक खेती इस मिट्टी को फिर से जवान करने की उम्दा कोशिश है। इसी दिशा में सुक्खू सरकार चाहती है कि मक्की ही नहीं, बल्कि सब्जियां, दालें और तमाम फसलें प्राकृतिक ढंग से पैदा की जाएं, ताकि उनकी महक, उनका स्वाद और उनकी कीमत घर घर तक अपनी पहचान बना सके।

प्राकृतिक रूप से तैयार साग-सब्जियों और फसलों की मांग अब प्रदेश की सीमाओं से आगे बढ़कर देश और विदेश के बाजारों तक जा पहुंची है। इसकी बढ़ती कीमत और चाह इसकी गुणवत्ता की गवाही दे रही है। सरकार भी यही चाहती है कि प्राकृतिक खेती हिमाचल का एक नया परिचय बने। इस सोच के साथ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कार्यकाल के शुरुआती दिनों से ही इस विषय पर गहरी नजर रखी है और इसे अपने तीन सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों में प्रमुख स्थान दिया है। उनकी तरफ से पूरी कोशिश है कि रसायन मुक्त खेती न केवल मिट्टी को बचाए, बल्कि किसान की आमदनी और प्रदेश की प्रतिष्ठा दोनों को ऊंचाई दे।



शिक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर सरकारी स्कूलों में माध्यम व्यवस्था में किए गए बदलावों ने भी जनता का विश्वास बढ़ाया है। पहाड़ी बच्चों को अब बेहतर माहौल और बेहतर दिशा उपलब्ध हो रही है, जिससे प्रदेश का उज्ज्वल कल सुनिश्चित हो सकता है।

स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में गांव-गांव तक चिकित्सा पहुंचाने के प्रयासों ने भी जनजीवन में संतुलन और राहत का नया रंग भरा है। दूरस्थ इलाक़ों में इलाज अब एक कठिन पहाड़ी सफर नहीं, बल्कि सहज उपलब्ध सेवा बन रहा है। इन तमाम प्रयासों के साथ सुक्खू सरकार उन चार शेष गारंटियों को भी धरातल पर उतारने की तैयारी कर चुकी है जो अब तक अधूरी थीं। माना जा रहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावी माहौल नजदीक आते ही इन गारंटियों का रूप पूरा हो सकता है। खासकर महिलाओं की सहायता योजना को लेकर सरकार यह मंशा बनाए हुए है कि जरूरतमंदों तक यह राहत पूरी ईमानदारी और तत्परता के साथ पहुंचे।

बहरहाल, राज्य की जमीन पर इस समय जो बदलाव दिखाई दे रहा है, वह सिर्फ सरकारी कागजों में नहीं, बल्कि खेतों की मिट्टी, औरतों की मुस्कान और युवाओं की उम्मीद में भी महसूस हो रहा है। मक्की खरीद की नीति इस कहानी का वह पहला अध्याय है, जिसने किसान की आत्मा को सुकून दिया और पहाड़ के भविष्य को एक नई रौशनी दी है।

## पुरानी पेंशन योजना की बहाली सरकार की चर्चित पूर्ण गारंटी

इसके अलावा सुक्खू सरकार पुरानी पेंशन योजना की बहाली सरकार की सबसे चर्चित पूर्ण गारंटियों में शामिल है। यह गारंटी कर्मचारियों के मन से वह बोझ हटाती है जो बरसों से अनिश्चय की धुंध बनकर उनके जीवन पर छाया था। यह योजना बुजुर्गावस्था की सुरक्षा का आश्वासन देकर उनके परिवारों को भरोसा देती है।

## 1500 रुपए की सहायता योजना ने महिलाओं में पैदा की नई चमक

**दूसरी** तरफ महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह की सहायता योजना ने पहाड़ की महिलाओं के जीवन में नई चमक पैदा की है। यह मदद सीमित दायरे में अवश्य शुरू हुई थी, पर अब सरकार इस पर पुनर्विचार कर रही है ताकि जरूरतमंद अधिकाधिक महिलाएं इसका लाभ पा सकें। यह सहायता किसी भी घर में सिर्फ रुपए का लेन-देन नहीं, बल्कि औरत की गरिमा और उसकी आत्मनिर्भरता का सुबूत है।

## युवाओं को पांच लाख रोजगार से खुला उम्मीदों का आकाश

**युवाओं** के लिए पांच लाख रोजगार उपलब्ध करवाने की घोषणा हिमाचल की युवा पीढ़ी में नई अपेक्षाओं का संचार करती है। पहाड़ी राज्य में रोजगार के अवसर सदैव चुनौती रहे हैं, और इस घोषणा ने बेरोजगार युवाओं के दिलों में आशावाद को बढ़ाया है। सरकार का कहना है कि विभिन्न विभागों, परियोजनाओं और उद्यमिता योजनाओं के माध्यम से रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। परंतु युवा वर्ग की निगाह इस बात पर है कि यह संकल्प किस गति से धरातल पर उतरता है। आने वाले वर्षों में यह घोषणा सरकार की कार्यक्षमता की सबसे बड़ी परीक्षा मानी जाएगी।

## अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से बच्चों को मिली नई दिशा

**प्रत्येक** विधानसभा क्षेत्र में चार अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोलने का वादा शिक्षा जगत में व्यापक परिवर्तन लाने वाला माना गया है। सरकार का कहना है कि इससे विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रतियोगी अवसरों में नए आयाम मिलेंगे। अभिभावकों का विश्वास है कि यह कदम उनके बच्चों को बेहतर भविष्य और व्यापक समझ प्रदान करेगा। शिक्षकों के अनुसार, यदि आधारशिला मजबूत होगी तो बच्चे आगे चलकर किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकेंगे।

## बागवानों को अपने उत्पाद की कीमत स्वयं निर्धारित करने का मिलेगा अधिकार



**हिमाचल** के बागवान वर्षों से मूल्य निर्धारण की अनिश्चितता से जूझते रहे हैं। अपने ही परिश्रम से पैदा किए गए फल की कीमत किसी और द्वारा तय कर दी जाना हमेशा असंतोष का कारण रहा है। सरकार द्वारा बागवानों को अपने उत्पाद की कीमत स्वयं तय करने का अधिकार देने की गारंटी इस वर्ग के लिए आत्मनिर्भरता की ओर बड़ा कदम है। इससे व्यापारी दलालों पर निर्भरता घटेगी और बागवान अपनी मेहनत का उचित मूल्य पा सकेंगे। ये दसों गारंटियां समाज के हर हिस्से कर्मचारी, महिला, युवक, किसान, पशुपालक और विद्यार्थी को स्पर्श करती हैं। सरकार जिन वादों को पूरा बताती है, उनसे उसकी नीयत और प्रयास झलकते हैं, पर जनता की प्रतीक्षा उन वादों को भी घेरे हुए है जो अभी पूरी तरह रूप नहीं ले पाए हैं। आने वाले दिनों में इन गारंटियों की सच्ची परख तब होगी जब इनके प्रभाव से जनजीवन में सरलता, सुकून, विश्वास और स्थायित्व पैदा होगा।

## युवाओं हेतु उद्यमिता को संबलता से विशाल निधि की स्थापना

**युवाओं** के लिए छह सौ अस्सी करोड़ रुपए की उद्यमिता निधि स्थापित करने की गारंटी विकास के नए द्वार खोलने वाली मानी जा रही है। यह निधि उन युवाओं के लिए वरदान है जिनमें कौशल है, पर पूंजी की कमी उनकी राह रोक देती थी। सरकार का दावा है कि इस निधि के माध्यम से युवा अपने नए कारोबार, हस्तशिल्प, सेवा कार्य और ग्रामीण आधारित उद्योगों की शुरुआत कर पा रहे हैं। युवाओं में यह मनोबल बढ़ा है कि सरकार केवल सहायता देने की बात नहीं कर रही, बल्कि एक स्थायी आर्थिक संरचना खड़ी करने का प्रयास कर रही है।

## महिलाओं को मासिक सम्मान राशि के तहत घर-परिवार में आई नई रोशनी

**राज्य** की महिलाओं को प्रतिमाह पंद्रह सौ रुपये की सम्मान राशि देने का वादा सरकार ने पूरा किया है। यह सहायता योजना ग्रामीण घरों में आशा की तरह उतर रही है। बहुत-सी महिलाएं कहती हैं कि यह राशि चाहे बड़ी न हो, पर यह उन्हें घरेलू फैसलों में भागीदारी और आत्मनिर्भरता का एहसास दिलाती है। इस योजना ने उन परिवारों में भी सुकून और राहत पहुंचाई है जहां आय के साधन सीमित हैं। सरकार का मानना है कि किसी भी समाज की तरक्की में महिला की आर्थिक मजबूती एक महत्वपूर्ण आधार होती है, और यह योजना उसी दिशा में उठाया गया सच्चा कदम है।

## मुफ्त बिजली से राज्य के लोगों को मिल रही है बड़ी राहत

**हर** घर को 125 यूनिट निशुल्क बिजली प्रदान करने का वादा आमजन की जेब पर से बोझ कम करने वाला साबित हुआ है। पर्वतीय क्षेत्रों में जीवन-यापन की लागत पहले ही कठिन होती है। ऐसे में बिजली बिलों में मिली राहत लोगों के लिए एक सुकून की लहर बनकर आई है। सरकार का कहना है कि इस सेवा से ग्रामीण और शहरी दोनों घरों को समान लाभ मिल रहा है। परिवारों का कहना है कि इससे घरेलू खर्चों में संतुलन आया है और जीवन की बुनियादी आवश्यकताओं को सहजता से पूरा करना संभव हुआ है।

## दूध उत्पादकों को न्यूनतम समर्थन मूल्य से पशुपालन को मिला बूस्ट



**हिमाचल** की ग्रामीण अर्थव्यवस्था बड़ी मात्रा में पशुपालन पर निर्भर है। पशुपालकों से प्रतिदिन दस लीटर दूध खरीदने और उन्हें समर्थन मूल्य देने का वादा इस वर्ग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पशुपालकों का कहना है कि यदि यह व्यवस्था निरंतर चलती रही तो उनकी आय स्थिर होगी और उन्हें बाजार के उतार-चढ़ाव से राहत मिलेगी। सरकार का तर्क है कि यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकने वाला साबित होगा और पशुपालकों का मनोबल बढ़ाएगा।

## हर गांव में चलित उपचार सेवा से स्वास्थ्य-सेवा की होगी नई पहुंच

**हर** गांव में चलित उपचार सेवा उपलब्ध करवाने की घोषणा को जनता बहुत संवेदनशील पहल के रूप में देख रही है। पहाड़ी भूमि में स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना अक्सर कठिन होता है। इन चलित चिकित्सालयों से यह उम्मीद है कि सामान्य जांच, दवाइयां और प्राथमिक उपचार घर-द्वार पर उपलब्ध होंगे। ग्रामीण परिवारों का कहना है कि यदि यह सेवा पूरी क्षमता के साथ चल पड़ी तो उन्हें दूर शहरों में चिकित्सकों के चक्कर लगाने की मजबूरी से बड़ी राहत मिलेगी।

## गोबर खरीद योजना से प्राकृतिक खेती को मिला नया आसरा



**गाय** का गोबर दो रुपए प्रति किलो की दर से खरीदने की योजना पर्यावरण-हितैषी खेती को प्रोत्साहन देने वाला कदम मानी जा रही है। यह योजना पशुपालकों को अतिरिक्त आय का स्रोत देती है और साथ ही खेतों में जैविक खाद के उपयोग को भी बढ़ावा देती है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इसे वर्षों पुरानी प्राकृतिक खेती की परंपरा को आधुनिक रूप में पुनर्जीवित करने का प्रयास मानते हैं। सरकार का कहना है कि यह योजना खेती को लाभकारी, स्वच्छ और टिकाऊ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


जन संकल्प सम्मेलन में पारंपरिक वाद्य यंत्र नरसिंगा बजाते स्थानीय कलाकार।


जन संकल्प सम्मेलन में जन संपर्क विभाग द्वारा तैयार की गई कॉफी टेबल बुक का विमोचन करते हुए मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री व अन्य कैबिनेट मंत्री।


जन संकल्प सम्मेलन में अनंत ज्ञान की प्रतियां मांगते हुए लोग।


जन संकल्प सम्मेलन में पहुंची एक बुजुर्ग महिला, जो छड़ी का सहारा लेकर जा रही है।


एक व्यक्ति प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का थैला लेकर सम्मेलन स्थल पर घूमता रहा, लेकिन किसी ने उसे नहीं टोका। बता दें कि इस थैले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का चित्र बना हुआ था।

# मंडी में हिमाचल के विकास और परिवर्तन की गूंज

## यह केवल समय की उपलब्धि नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और जन समर्पित नीतियों की ऐतिहासिक यात्रा: सीएम सुक्खू

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वीरवार को मंडी के पड्डल मैदान में भव्य जन संकल्प सम्मेलन आयोजित किया गया। प्रदेश भर से आए हजारों लोगों की अभूतपूर्व उपस्थिति ने इसे उत्सवी माहौल बना दिया। सम्मेलन में राज्य की विकास यात्रा, व्यवस्था परिवर्तन, सुशासन, आर्थिक सुधार, सामाजिक कल्याण और जनता की भागीदारी के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रभावक रूप प्रदर्शित हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले तीन वर्ष जनता-हित, पारदर्शिता और प्रणालीगत सुधारों के रहे हैं, जिनका उद्देश्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना, युवाओं को सशक्त बनाना, कमजोर वर्गों को सुरक्षा देना और हिमाचल प्रदेश को समृद्ध, हरित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार की हर योजना का केंद्र बिंदु जनता है और हमारा हर निर्णय जनता के विकास, सुविधा व प्रदेश के भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमने सत्ता संभाली उस समय प्रदेश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई थी। पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की आर्थिक सेहत और संपदा के साथ खिलवाड़ किया था। हमने संकल्प लिया कि जो व्यवस्था हमें विरासत में मिली है हम उसे बदलकर एक आत्मनिर्भर और समृद्ध हिमाचल की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि तीन साल में कांग्रेस सरकार ने ऐतिहासिक और क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं। हमने चुनाव के समय 10 गारंटियां दी थीं जिनमें से सात को पूरा कर समाज के विभिन्न वर्गों को बड़ी राहत दी है। प्रदेश के 1,36,000 कर्मचारियों से किए गए ओपीएस के वायदे को पहली कैबिनेट बैठक में पूरा किया और सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को सम्मान व आर्थिक सुरक्षा प्रदान की। प्रदेश सरकार ने जब ओपीएस शुरू की तो केंद्र सरकार ने 1600 करोड़ रुपए की बॉरोइंग बंद कर दी, जिससे प्रदेश सरकार को तीन वर्ष में 4800 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। सीएम सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत पात्र महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से सम्मान राशि के रूप में हर महीने 1500 रुपए प्रदान किया जा रहे हैं। वर्तमान में 35,687 महिलाओं को यह लाभ दिया गया है। पूर्व में अन्य पेंशन योजनाओं से लाभान्वित हो रही 2,37,000 महिलाओं को भी इसके दायरे में लाकर मासिक पेंशन को बढ़ाकर 1500 रुपये किया गया है।



सुक्खू सरकार के 3साल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्टार्टअप योजना शुरू की है और प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम शुरू करने की गारंटी को पूरा किया है। राज्य सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए गाय के दूध पर 51 रुपए और भैंस के दूध पर 61 रुपए प्रति लीटर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश दूध पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य बना है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए 300 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गोबर खरीदने की योजना शुरू की गई है। बागवानों को बेहतर दाम सुनिश्चित करने के लिए यूनिवर्सल कार्टन प्रणाली शुरू की गई है और हिमाचल बागवानी नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य बना है।

### केंद्र ने नहीं की मदद

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि वर्ष 2023 की बरसात के दौरान प्रदेश में 12000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ लेकिन केंद्र सरकार ने कोई विशेष मदद नहीं की। प्रदेश सरकार ने आपदा प्रभावितों को अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का पैकेज जारी किया और आपदा प्रभावितों को दिए जाने वाले मुआवजा में ऐतिहासिक वृद्धि की। प्राकृतिक आपदा से इस वर्ष भी हिमाचल को लगभग 12000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने कोई आर्थिक मदद नहीं की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बताएं कि वो जो प्रदेश को 5000 करोड़ रुपए मिलने का दावा कर रहे हैं वह पैसा कहां है। इसके दस्तावेज कहां है। झूठ कौन बोल रहा है हम बोल रहे हैं या भाजपा।

### सरकार ने अपनाए बच्चे

**सामाजिक** सुरक्षा के तहत पिछले 3 वर्षों में 12095 लाभार्थियों को 28 करोड़ रुपए की सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत 6000 बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया गया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत प्रदेश में 19,479 विधवा, निराश्रित तथा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रतिमाह 1000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है।

### गुणवत्ता शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार में तेजी

**सीएम** सुक्खू ने कहा कि सरकार गुणवत्ता शिक्षा पर केंद्रित है, जिससे हिमाचल की राष्ट्रीय रैंकिंग 21वें से बढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंची है। 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है और 20 विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित हो रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत के साथ अस्पतालों में आधुनिक मशीनें उपलब्ध कराने पर 3000 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। विशेष राजस्व अदालतों में 4,63,000 मामलों का निपटारा हो चुका है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और पर्यटन विस्तार के लिए भी 3000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं प्रगति पर हैं।

### पाटिल ने की प्रदेश सरकार की प्रशंसा

**जन** संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने प्रदेश कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर सरकार के उल्लेखनीय कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की। रजनी पाटिल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने आपदा और आर्थिक अन्य गंभीर चुनौतियों का सामना करते हुए हिमाचल को एक आत्मनिर्भर, सक्षम और प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए अनैतिक हथकंडे अपना कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश की लेकिन हिमाचल की जनता ने उसका लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब दिया है।

### भाजपा के नेता दिल्ली से रोकते हैं हिमाचल के हक: डिप्टी सीएम

**इस** अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि यह सरकार कागजों पर नहीं, बल्कि जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं पर काम कर रही है और आगामी वर्षों में विकास की यह गति और अधिक तेज होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश भाजपा के नेता दिल्ली से हिमाचल के हकों को रोकने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के हकों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने एचआरटीसी की उपलब्धियों का विवरण देते हुए कहा कि सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार करने वालों का पर्दाफाश किया जाएगा।

### क्या बोले कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष विनय कुमार

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के पिछले तीन वर्ष में उपलब्धियों और क्रांतिकारी बदलावों के स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में सरकार ने सामाजिक न्याय, आर्थिक प्रगति और समावेशी विकास के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। विनय कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सरकार की इन उपलब्धियों और विकासपरक पहलों को घर-घर तक पहुंचाने के लिए व्यापक जन संपर्क अभियान चलाएगी, ताकि आम जनता को सरकार की योजनाओं, सुधारों और लाभकारी कार्यक्रमों की संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो सके।

## विधायक चंद्रशेखर ने किया मुख्यमंत्री सुक्खू का स्वागत



**विधायक** चंद्रशेखर ने किया मुख्यमंत्री का स्वागत किया और सम्मेलन में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों को इंगित करती कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। सम्मेलन के दौरान राज्य सरकार की तीन वर्षों की उपलब्धियों एवं भविष्य की प्रमुख योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग कृत वृत्तचित्र भी प्रस्तुत किया गया।

## 3835 कामगारों को प्रदान किए 14.17 करोड़ रुपए

### 8 विभिन्न योजनाओं के तहत दी गई आर्थिक सहायता

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की ओर से भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगारों के लिए 11 दिसम्बर को मंडी में जन संकल्प सम्मेलन में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 14 करोड़ 17 लाख 18 हजार 354 रुपए की सहायता राशि जारी की। इससे 3,835 कामगार लाभान्वित हुए। इस राशि में सीएम सिंगल विंडो और दिव्यांग आवास योजना में 19 लाभार्थियों के लिए 19 लाख रुपए, मृत्यु एवं अंतिम संस्कार सहायता के लिए 117 लाभार्थियों को 1.50 करोड़ रुपए, शिक्षा सहायता के लिए 3,040 लाभार्थियों को 9.28 करोड़ रुपए, विवाह सहायता के लिए 600 लाभार्थियों को 3.01 करोड़, मातृत्व और पितृत्व लाभ के लिए 10 लाभार्थियों को 1.73 लाख रुपए, मानसिक रूप से दिव्यांग 9 बच्चों की सहायता के लिए 1.80 लाख रुपए, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 10.42 लाख रुपए और चिकित्सीय सहायता के लिए 30 लाभार्थियों को 3.53 लाख रुपए शामिल हैं।

## मुख्यमंत्री ने कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रदान की सहायता राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन के दौरान वीरवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का लोकार्पण किया तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं और महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के तहत लाभार्थियों को लाभ वितरित किए। उन्होंने सामुदायिक राहत केंद्र राहकोट थुनाग जनता को समर्पित किया।

> जन संकल्प सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने करोड़ों रुपए के वित्तीय लाभ दिए

मुख्यमंत्री ने माईडीड पोर्टल का लोकार्पण, नक्शा योजना का शुभारम्भ, डिजिटली साइनड एवं अपडेटेड जमाबंदी मॉडयूल का लोकार्पण, भू-नक्शा 5.0 का शुभारंभ तथा ग्रामीण बैंक के 'लोगो' का अनावरण भी किया। उन्होंने रविंद्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में बास्केटबॉल खेल छात्रावास (बालिका) का लोकार्पण भी किया। सीएम सुक्खू ने राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के 401 लाभार्थियों के खातों में 50.63 लाख रुपए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर द्वारा प्रदान किए। चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, लाहौल-स्पिति, सिरमौर, सोलन और ऊना जिला के आपदा प्रभावितों को 51 करोड़ 1 लाख 22 हजार 700 रुपए की विशेष राहत राशि प्रदान की। राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के अंतर्गत 25 लाभार्थियों को ई-टैक्सी की सांकेतिक चाबियां सौंपी तथा विदेशों में रोजगार प्राप्त करने वाले 21 युवाओं को एयर टिकट और वीजा प्रदान किए। मुख्यमंत्री सुखाश्रय और मुख्यमंत्री शगुन योजना के लाभार्थियों को भी सहायता राशि प्रदान की।

उन्होंने मुख्यमंत्री कार्प मत्स्य पालन योजना के तहत कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और ऊना जिला के 10 लाभार्थियों को 10.83 लाख रुपए, मंडी जिले में मुख्यमंत्री मधु मांडव विकास योजना के लाभार्थियों को 1.76 लाख रुपए और हिमाचल पुष्प क्रांति योजना के लाभार्थियों को भी सहायता राशि प्रदान की। किन्नौर जिला के पांच लाभार्थियों को वन अधिकार अधिनियम के तहत उनकी पारम्परिक वन भूमि पर भू-स्वामित्व पट्टे प्रदान करने के प्रमाण पत्र जारी किए।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्री निवास रामानुजन स्टूडेंटस डिजिटल योजना के तहत मेधावी छात्रों को उनके डिजिटल गैजेट प्राप्त करने के लिए ई-वाउचर प्रदान किए। इस योजना में लैपटॉप, टेबलेट और स्मार्ट फोन उपलब्ध करवाए जाते हैं। वर्ष 2025 में प्रक्रिया को और सरल बनाया गया है। अब छात्र ई-वाउचर के माध्यम से अपनी पसंद का डिजिटल गैजेट चुनकर प्राप्त कर सकेंगे। कक्षा 10वीं और 12वीं के 8,450 टॉपर मेधावी छात्रों और 900 स्नातक अंतिम वर्ष के छात्रों को इसका लाभ प्रदान किया गया। यह पहल छात्रों को आधुनिक शिक्षा और ऑनलाइन संसाधनों तक आसान पहुंच देने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।


सम्मेलन शुरू होने के उपरांत एक स्वच्छता मित्र कूड़ादान उठाकर ले जाता हुआ।


पड्डल मैदान में नगर निगम की एक स्वच्छता मित्र कूड़े को एकत्र करती हुईं।


जन संकल्प सम्मेलन में प्रदेश के कोने-कोने से आए लोग उत्साह से लबरेज।


कुल्लू से पारंपरिक परिधानों में जन संकल्प सम्मेलन में पहुंची महिलाएं।

**प्रेस वार्ता** करोड़ों रुपए खर्च करके केंद्र और भाजपा सरकार को गालियां देना ही सुक्खू सरकार का विजन

## सुक्खू सरकार ने जन संकल्प के बहाने निकाली भड़ास: जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार के तीन साल के जश्न को लेकर कहा कि जहां आपदा में सबसे अधिक नुकसान हुआ, वहीं इस सरकार ने जश्न मनाया। इससे असंवेदनशील बात कोई और नहीं हो सकती कि इस सरकार ने आपदा पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाय नमक छिड़कने का काम किया।

पड्डल के मैदान से आज पूरे प्रदेश ने देखा कि कैसे इनके मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री ने एक-दूसरे के खिलाफ आंखे तरेरते हुए भड़ास निकाली। जनता, अधिकारी और कमर्चारी भी ये देख हतप्रभ रह गए कि यह कोई मंच आपसी खुन्नस निकालने का नहीं बल्कि आपदा पीड़ितों की मदद करने और उनकी संवेदनाओं के साथ चलने का था। 3 साल के उत्सव के बाद अपना विजन रखने का मंच जिस कार्यक्रम को सरकार ने बताया वहां सिर्फ केंद्र सरकार को कोसने का काम किया गया। सुक्खू सरकार ने स्पष्ट कर दिया कि आने वाले 2 साल भी इसी तरह से केंद्र सरकार और पूर्व की भाजपा सरकार को कोसकर ही चलेंगे। मैंने पहले ही कहा था या सरकार विजन लाइफ है विजन पूरी तरीके से ब्लर है। आज केस मंच पर है साबित हो गया है।



प्रेस वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, साथ हैं विधायक राकेश जम्वाल व अनिल शर्मा।

उन्होंने कहा कि करीब दस करोड़ रुपए सरकारी कोष से इस सरकार ने क्या इसलिए खर्च किया कि आपस की लड़ाई सरेआम लड़ी जाए। क्या ये पैसा आपदा पीड़ितों को नहीं बांटा जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ही व्यवस्था परिवर्तन का नाम देने वाली इस सरकार को खुद ही नंबर दे डाले कि मुख्यमंत्री सुक्खू जी ऐसा नहीं चलेगा। आज तक हम पर्दे के पीछे सुनते आए थे लेकिन आज सरेआम मंच पर लड़ाई दिखी।

एक और बात आज हमें देखने को मिली और पूरी कांग्रेस ने भी देखी कि जिस हॉलीलोज के सहारे यह सरकार सत्ता में आई उनका न तो कोई फोटो और पोस्टर दिखा और खुद भी पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और उनका बेटा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ही मौजूद नहीं थे। ये दिखाता है कि कांग्रेस में वीरभद्र सिंह कांग्रेस के लोगों को मुख्यमंत्री सुक्खू और उनके मित्र ही खत्म करने पर तुले हुए हैं।

> केंद्र सरकार की योजना के लाभार्थियों और राज्य सरकार के कर्मियों को बुलाकर जुटाई भीड़

इस रैली में लोग आए नहीं बुलाये गए थे और कर्मचारियों पर दबाब था कि सारा काम छोड़ रैली में अवश्य आना है। रैली में स्कूली बच्चों तक को जबरन बसों में बैठाया गया। आईटीआई के बच्चों को जबरन पड्डल मैदान में धकेला गया, लेकिन फिर भी यह रैली असफल और विफल रही। ये रैली सिर्फ अपनी भड़ास निकालने और खुन्नस निकालने तक सीमित रही। सरकारी रैली का नाम देकर सरकारी कार्यक्रम मात्र दो मिनट में समेट दिया जबकि लोगों और योजनाओं के लाभार्थियों को ये कहकर लाया गया कि आपको पैसे दिलाये जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस सरकार को उखाड़ फैंकने के लिए जनता तैयार बैठी है।

## मंत्री विक्रमादित्य सिंह और पूर्व सांसद प्रतिभा की अनुपस्थिति पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में कांग्रेस सरकार द्वारा आयोजित जन संकल्प सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश सरकार में महत्वपूर्ण पद पर विराजमान लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह की अनुपस्थिति ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। इसके साथ ही पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह का कार्यक्रम में न पहुंचना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। सम्मेलन में हजारों की भीड़ उमड़ी, लेकिन दोनों वरिष्ठ नेताओं की गैरमौजूदगी ने विभिन्न अटकलों को हवा दे दी है।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के निजी कैंप ऑफिस में बैठे लोग।

भाजपा पहले ही आरोप लगा चुकी है कि सरकार के भीतर सब कुछ सामान्य नहीं है और खिचड़ी पक रही है, साथ ही यह दावा किया है कि बहुत जल्द गेंद भाजपा के पाले में होगी। सम्मेलन के बाद पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर का भी बयान सामने आया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि हॉलीलाज के योगदान को नकारा गया है और किसी भी पोस्टर में उनका चित्र शामिल नहीं किया गया है। हालांकि मंडी स्थित मंत्री विक्रमादित्य सिंह के निजी कैंप आफिस में लोगों की चहल-पहल देखी गई।

गौरतलब है कि मंडी संसदीय क्षेत्र से पूर्व में विक्रमादित्य सिंह चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भी मंडी संसदीय क्षेत्र से सांसद रह चुकी हैं। इसके अतिरिक्त, पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह भी मंडी सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। ऐसे में सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित बड़े सम्मेलन में विक्रमादित्य सिंह की अनुपस्थिति ने राजनीतिक हलकों में कई सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदेश की राजनीति में इसे एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर और भी प्रतिक्रियाएं सामने आने की संभावना है।

# 'अनंत ज्ञान' के उपलब्धियों भरे दूसरे वर्ष पर बधाइयों का तांता

### बधाई संदेश
यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हिमाचल के कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां से प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अपना दो साल का सफर सफलतापूर्वक पूरा कर रहा है। इस अवसर पर मेरी ओर से अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आज हम जिस दौर में जी रहे है वो तकनीकी विस्फोट और भ्रामक सूचनाओं के मकड़जाल का दौर है। ऐसे में प्रेस की जिम्मेदारी के साथ-साथ जवाबदेही भी बढ़ गई है। मुझे उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र जनसरोकारों का पक्षधर होने के साथ-साथ निष्पक्षता के मूल सिद्धांत पर काम जारी रखेगा।
**-एनआर ठाकुर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला मंडी।**

### बधाई संदेश
दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से ढेरों बधाइयां। आपकी टीम ने कम समय में ही विश्वसनीय और निष्पक्ष खबरों के लिए एक खास पहचान बनाई है। आशा है आप इसी जोश और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।
**-नीरज शर्मा, पूर्व प्रवक्ता इतिहास एवं महासचिव रानी अमृत कौर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंडी।**

### बधाई संदेश
'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं। समाचारों की शुचिता और निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति आपका समर्पण ही आपकी सच्ची पहचान है। उम्मीद है कि आपका यह प्रयास भविष्य में भी इसी दृढ़ता और निष्ठा से आगे बढ़ता रहेगा।
**-प्रो. राजेश शर्मा, एसपीयू मंडी।**

### बधाई संदेश
मुझे अत्यंत संतोष है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और एवं डिजिटल टीवी अपनी दो वर्ष की सफल पत्रकारिता यात्रा का उत्सव मना रहा है। आपकी टीम का सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में भी 'अनंत ज्ञान' पूरी निष्ठा, साहस और गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग के साथ पत्रकारिता जगत में नई मिसाल कायम करेगा।
**-प्रदीप ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष, हिप्र न्यू पेंशन योजना कर्मचारी महासंघ।**

### बधाई संदेश
'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी द्वारा अपनी दूसरी वर्षगांठ मनाए जाने के इस विशेष अवसर पर मैं सम्पूर्ण टीम को हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूं। आपका समाचार पत्र निष्पक्ष पत्रकारिता के प्रति जिस समर्पण भाव से कार्य कर रहा है, वह सराहनीय है।
**-प्रो. अनुपमा सिंह, प्रो वाइस चांसलर, एसपीयू, मंडी।**

### बधाई संदेश
दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। आपकी निष्पक्ष और सार्थक पत्रकारिता समाज में जागरूकता का उजाला फैलाती रहे।
**-नरेश ठाकुर प्रदेशाध्यक्ष हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। mandipedia.com पूरी टीम को शुभकामनाएं देता है। आशा है कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**-विनोद बहल, मंडयाली कवि।**

### बधाई संदेश
'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र के दो वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण टीम को हार्दिक बधाई देता हूं। न सत्य और सामाजिक उत्तरदायित्व की मूलधारा को अक्षुण्ण रखते हुए अनंत ज्ञान ने अपने दो वर्ष की अल्प अवधि में जिस प्रकार सारगर्भित और संवेदनशील पत्रकारिता का मानदंड स्थापित किया है वह अत्यंत प्रशंसनीय है।
**-आचार्य (डॉ.) ललित कुमार अवस्थी, कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' के सफल प्रकाशन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण अनंत ज्ञान परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। अनंत ज्ञान ने अपने अल्प किंतु अत्यंत प्रभावशाली कालखंड में जिस निष्ठा, निर्भीकता और बौद्धिक प्रतिबद्धता के साथ सत्य, जान, जन-सरोकारों और स्थानीय चिंतकों के विचारों को स्वर दिया है, वह इसे सामान्य समाचार पत्रों से अलग एक वैचारिक मंच के रूप में स्थापित करता है। इस पत्र ने न केवल समाचारों का संप्रेषण किया है बल्कि पाठकों के भीतर विचार, दृष्टि व जिम्मेदारी बोध का भी निर्माण किया है।
**-डॉ. राकेश कुमार शर्मा, सह अधिष्ठाता (अकादमिक मामले), विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी (हिप्र)।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से बधाई व शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की अनंत ज्ञान की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है और लोगों ने भी इसे सराहा है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी जनहित को ध्यान में रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोजश कुमार।**

### बधाई संदेश
दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी यात्रा का उत्सव मना रहा है। आपकी टीम ने बहुत कम समय में ही विश्वसनीय और निष्पक्ष खबरों के लिए एक अलग और खास पहचान बनाई है। आशा करते हैं कि आपका यह प्रयास सामाजिक वर्ग, गरीब व पिछड़े वर्ग एवं व्यापारी वर्ग (जोकि संपुर्ण अर्थव्यवस्था की नीव है) के उत्थान की गुणवत्तापूर्ण खबरों के साथ भविष्य में भी इसी दृढ़ता और निष्ठा के साथ आगे बढ़ता रहेगा।
**-प्रकाश चंद गुप्ता, प्रधान, महादेव व्यापार मंडल।**

### बधाई संदेश
मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एवं वेब टीवी देवभूमि हिमाचल में अपने प्रकाशन एवं प्रसारण के दो वर्ष का सफल कार्यकाल 12 दिसंबर को पूरा करने जा रहा है। मजबूत लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष और निर्भिक प्रेस का होना अनिवार्य है। समाचार पत्र जहां समाज और सरकार के बीच कड़ी का कार्य करते हैं, वहीं पर समाज में जागरूकता लाने, अपनी सभ्यता और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में भी अहम भूमिका निभाते हैं।
**-रेवती सैनी, जिला भाषा अधिकारी मंडी।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' के सफल प्रकाशन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण अनंत ज्ञान परिवार को मेरी ओर से हार्दिक बधाई। आपकी टीम ने कम समय में ही विश्वसनीय और निष्पक्ष खबरों के लिए एक विशेष महचान बनाई है। आशा करती हूं कि आप इसी जोश और ईमानदारी के साथ आगे बढ़त रहेंगे। पुनः संस्थान के संपादक मंडल को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
**-रमा सूद, खंड विकास अधिकारी, धनोटू।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से पूरे दल को हार्दिक शुभकामनाएं। आश है कि आगे भी अनंत ज्ञान की टीम इसी प्रकार सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का भानक कायम रखते हुए पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा।
**-डॉ. अप्रूवा शर्मा, बीएमओ।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' के सफल प्रकाशन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संपूर्ण अनंत ज्ञान परिवार को मेरी और मेरे पुलिस स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई। आशा करता हूं कि भविष्य में भी अनंत ज्ञान समाचार पत्र इसी तरह सत्यानिष्ट पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए पत्रकारिता का मानक बरकरार रखते हुए पत्रकारिता को बुलंदियों तक ले जाएगा। **-एसएचओ।**

### बधाई संदेश
मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि आपका प्रतिष्ठित 'अनंत ज्ञान समाचार पत्र' अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। सोलन पुलिस विभाग की ओर से, मैं आपको और आपकी पूरी टीम को इस महत्वपूर्ण अवसर पर हार्दिक बधाई और शुभकामनांए देता हूं।
**गौरव सिंह, पुलिस अधीक्षक सोलन हिमाचल प्रदेश।**

### बधाई संदेश
दैनिक 'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से ढेरों बधाइयां। आपकी टीम ने कम समय में ही विश्वनीय और निष्पक्ष खबरों के लिए एक खास पहचान बनाई है। आशा है आप इसी जोश और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते रहेंगे।
**मीरा आनंद, डिप्टी मेयर, सोलन**

### बधाई संदेश
मुझे अत्यंत संतोष है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और एवं डिजिटल टीवी अपनी दो वर्ष की सफल पत्रकारिता यात्रा का उत्सव मना रहा है। आपकी टीम का सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में भी 'अनंत ज्ञान' पूरी निष्ठा, साहस और गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग के साथ पत्रकारिता जगत में नई मिसाल कायम करेगा।
**राजीव कौड़ा, पूर्व उपमहापौर, सोलन।**

### बधाई संदेश
मुझे अत्यंत संतोष है कि दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' और एवं डिजिटल टीवी अपनी दो वर्ष की सफल पत्रकारिता यात्रा का उत्सव मना रहा है। आपकी टीम का सत्य, निष्पक्षता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूं कि आने वाले समय में भी 'अनंत ज्ञान' पूरी निष्ठा, साहस और गुणवत्तापूर्ण रिपोर्टिंग के साथ पत्रकारिता जगत में नई मिसाल कायम करेगा।
**सुमीत शर्मा, सचिव, प्रदेश भाजपा।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**अर्चना वर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर, गिरी एग्रो सर्विस, दुआड़ा जिला कुल्लू।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**देवेंद्र नेगी, वरिष्ठ नेता हिमाचल कांग्रेस, मैनेजिंग डायरेक्टर भारत गैस मनाली।**

### बधाई संदेश
Congratulations to the Anant GyaanDaily & Digital TV team on completing two amazing years! Your hard work in delivering honest, reliable, and useful news has made a real difference. Wishing you many more years of success and growth!
**Ajay Verma, MD Ajay Healthcare, Una**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**मुकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी, नग्गर खंड जिला कुल्लू।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**झाबे राम ठाकुर, अध्यक्ष, व्यापार मंडल सैंज।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**प्रेम शर्मा, अध्यक्ष कुल्लू फलोत्पादक मंडल माहिली जिला कुल्लू।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देती हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' के सभी प्लेटफार्म पर कार्य कर रही टीम आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करती रहेगी।
**विनय शर्मा, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी, ऊना।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**विवेक शर्मा, राज्य प्रवक्ता भाजपा।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**इंद्रजीत, प्रसिद्ध लोकगायक, हिमाचल प्रदेश (कुल्लू)।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**अमित शर्मा, यशवीर मोटर्स पतलीकूहल, जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**मेघ सिंह कश्यप, संस्थापक, भुंतर सुधार समिति।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी आज अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरी टीम को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**सत्य प्रकाश ठाकुर, पूर्व मंत्री एवं अध्यक्ष भुट्टिको।**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**दिनेश सेन, अध्यक्ष, सूत्रधार कला संगम कुल्लू।**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान डेली और डिजिटल टीवी टीम को शानदार दो वर्ष पूरे करने पर हार्दिक बधाई। ईमानदार, विश्वसनीय और उपयोगी समाचार देने में आपके अथक परिश्रम ने वास्तव में एक बड़ा बदलाव लाया है। हम कई वर्षों के लिए आपकी सफलता और उन्नति की कामना करते हैं।

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान डेली और डिजिटल टीवी को दो सफल वर्षों के लिए हार्दिक बधाई। पाठकों तक विश्वसनीय और उपयोगी समाचार पहुंचाने के लिए आपके प्रयास वास्तव में सराहनीय हैं। हमारी कामना ळै कि सच्ची खबरों और जन जागरूकता के प्रति आपका जुनून भविष्य में भी यूं ही नई ऊंचाइयों को छूते रहे।

### बधाई संदेश
I, Dixit Malhotra, Project Head of Kullu Central, extend my warmest congratulations to the entire Print & Digital team of Anant Gyan on the remarkable completion of two successful years.Your hard work, honesty, reliability, and commitment to delivering authentic news have set a benchmark in the region's media landscape. The consistent quality of your reporting and dedication to responsible journalism are sincerely appreciated.We wish the Anant Gyan team even greater success and continued growth in the years ahead.
Warm regards,
**Dixit Malhotra, Project Head, Kullu Central, CSA Infratech Pvt. Ltd.**

### बधाई संदेश
मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हो रहा है कि देश व प्रदेश का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल 'अनंत ज्ञान' न्यूज चैनल 12 दिसंबर 2025 को अपने सफल प्रकाशन की दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष के लघु अंतराल में 'अनंत ज्ञान' निर्भीक पत्रकारिता और आम जनमानस के भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत पर्याय बन चुका है। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि 'अनंत ज्ञान' और मीडिया न्यूज़ चैनल आने वाले वर्षों में सत्य को उजागर करते हुए निर्भीक एवं पारदर्शी पत्रकारिता के बूते जनहित से जुड़े मुद्दों को अपने सुधी पाठकों तक पहुंचाने की दिशा में अहम भूमिका निभाते रहेंगे। मैं इस पावन अवसर पर 'अनंत ज्ञान' के प्रबुद्ध पाठकों और समस्त प्रबंधन समिति को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देता हूं।
**एलआर गुलशन, प्रदेशाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ।**

### बधाई संदेश
It is with great pleasure that we extend our heartfelt appreciation to the Anant Gyaan Daily and Digital TV team for their remarkable work, dedicated service and consistent efforts in delivering reliable and impact full news to the public. Congratulations to the Anant Gyaan Daily and Digital TV team on completing two amazing years! Your hard work in delivering honest, reliable, and useful news has made a real difference. Wishing you many more years of success and growth!
**Surender Sharma**
**Additional Superintendent of Police Una**

### बधाई संदेश
प्रिय 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी टीम, यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। पिछले दो वर्षों की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को निष्पक्षता से उठाने और तथ्यपरक पत्रकारिता को आगे बढ़ाने के लिए आपकी टीम निस्संदेह प्रशंसा की पात्र है।अपनी सशक्त और सकारात्मक पत्रकारिता से आपने लोगों का विश्वास जीता है। यही विश्वास आपकी निरंतर प्रगति का आधार बना है।मैं पूरे दल को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य, पारदर्शिता और समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें। आपकी निरंतर सफलता और उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं।
**-अमित सूद, जिला अध्यक्ष, भाजपा कुल्लू।**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान समाचार पत्र और टीवी चैनल ने दो साल बड़े हर्ष के साथ पूरे किए हैं। इन दो वर्षों में प्रदेश व राष्ट्रीय हित के समाचारों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। यही नहीं शिक्षा से संबंधित जानकारियों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया है। युवाओं के दिलों में भी समाचार पत्र को पढ़ने में रूचि है आने वाले समय में छात्रों के लिए नई जानकारियां लेकर आएगा यही कामना है। मैं अनंत ज्ञान की टीम को दो वर्ष पूरा होने पर बधाई व शुभकामनाएं देता हूं।
**-एनआईटी के निदेशक एचएम सूर्यवंशी।**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान की वर्षगांठ पर हार्दिक शुभकामनाएं। आपके द्वारा सकारात्मक विचारों, महत्वपूर्ण सूचनाओं तथा समाजहित से जुड़े मुद्दों को निस्वार्थ भाव से जन-जन तक पहुंचाने के निरंतर प्रयास प्रशंसनीय हैं। आपकी निष्पक्ष पत्रकारिता, उत्कृष्ट लेखन शैली और जनजागरण में किए जा रहे योगदान के लिए संपूर्ण टीम बधाई की पात्र है।
**सुभाष अत्रि, प्रबंध निदेशक, वरटैक्स आईटीआई सोलन।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर बधाई व शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की अनंत ज्ञान की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है और लोगों तक भी समाचार पत्र और डिजिटल टीवी की पहुंच बनी है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ से लोगों को आवश्यक जानकारियां पहुंचाता रहे और जागरूकता करना रहे।
**-अमरजीत सिंह, उपायुक्त, हमीरपुर।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से बधाई व शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की अनंत ज्ञान सामाजिक सरोकार और लोगों की समस्याओं को उठाता रहा है। मैं लोगों से भी अपील करता हूं कि चिट्टा मुक्त हिमाचल को लेकर 16 दिसंबर को रैली का आयोजन किया जा रहा है उसमें भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।
**-बलवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक।**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान टीवी चैनल और समाचार पत्र ने दो वर्ष में सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों को पूरा किया है। लोगों के दिलों में इसकी छाप बनी है। आने वाले समय में भी अनंत ज्ञान जनहित में कार्य करते हुए अपने दायित्व का निर्वाह करेगा। अनंत ज्ञान को दो वर्ष पूरे करने पर बधाई व शुभकामनाएं। इस पत्र ने न केवल समाचारों का संप्रेषण किया है बल्कि पाठकों के भीतर विचार, दृष्टि व जिम्मेदारी बोध का भी निर्माण किया है।
**-अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम हमीरपुर राम प्रसाद शर्मा।**

### बधाई संदेश
व्यापार मंडल हमीरपुर अनंत ज्ञान टीवी चैनल व समाचार पत्र के दो वर्ष पूरे होने पर बधाई शुभकामनाएं देता है। जिस तरह से अनंग ज्ञान ने समाचार प्रकाशित किए उसे लोगों ने काफी सराहना की है। आगे भी अनंत ज्ञान लोगों की समस्याओं को उठाते हुए सरकार तक बात पहुंचाने करने का काम निष्पक्षता से करता रहे यही शुभकामना है। आशा है कि भविष्य में भी आप इसी लग्न, ईमानदारी और समर्पण के साथ ज्ञान का प्रकाश फैलाते रहेंगे।
**-सुमित ठाकुर, व्यापार मंडल हमीरपुर के प्रधान।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर बधाई व शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की अनंत ज्ञान की कार्यशैली प्रशंसनीय रही है और लोगों ने भी इसे सराहा है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-बीडीओ बिझड़ी राजेश कुमार।**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर रजिस्ट्रार।**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान समाचार पत्र और उसके डिजिटल एडिशन के दो वर्ष पूर्ण होने पर मेरी ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं और बधाई। मैं अपेक्षा करता हूं कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र और इसका डिजिटल वर्जन समसामयिक मुद्दों और समाज में जो इश्यू हैं उन्हें प्रभावी ढंग से उठाता रहेगा और हमारे लोकतंत्र की नींव को मजबूत करता रहेगा।
**-हेमराज बैरवा, डीसी, जिला कांगड़ा**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान समाचार पत्र की पूरी टीम को दूसरी वर्षगांठ पर चौधरी फाउंडेशन की ओर हार्दिक बधाई। अनंत ज्ञान टीम ने समय-समय पर फाउंडेशन को पूरा सहयोग किया है। ईमानदार पत्रकारिता व निष्पक्ष रिपोर्टिंग समाज के प्रति जो जिम्मेवारी का निर्वाहन अनंत ज्ञान ने किया है, उसके लिए पूरी टीम का धन्यवाद। मैं अनंत ज्ञान के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।
**-दीपक चौधरी, उपाध्यक्ष, चौधरी फाउंडेशन हिमाचल प्रदेश**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-कल्याण भंडारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, हिमाचल प्रदेश**

### बधाई संदेश
यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**-राहुल धीमान, अध्यक्ष, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला**

### बधाई संदेश
**यह** जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी 12 दिसंबर 2025 को अपनी दूसरी वर्षगांठ मना रहा है। दो वर्ष की आपकी पत्रकारिता यात्रा भरोसे, ईमानदारी और समर्पण का अद्भुत उदाहरण रही है। मैं पूरे दल को शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में भी आप सत्य और समाज हित की पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।
**-श्रेय अवस्थी, सोशल मीडिया सह संयोजक, प्रदेश भाजपा**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान समाचार पत्र में हर तरह की अपडेट रहती है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र अपनी दूसरी वर्षगांठ मनाने जा रहा है, यह जानकारी खुशी हुई। समाचार पत्र के पूरे स्टाफ को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। अनंत ज्ञान के स्थानीय प्रतिनिधि भी हर समस्या को समय-समय पर उठाते रहते हैं।
**-मुनीष, दुकानदार, मैक्लोडगंज**

### बधाई संदेश
अनंत ज्ञान डेली और डिजिटल टीवी टीम को दो शानदार वर्ष पूरे करने पर हार्दिक बधाई। ईमानदार, विश्वसनीय और उपयोगी समाचार देने में आपके अथक परिश्रम ने वास्तव में एक बड़ा बदलाव लाया है। हम आपके उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना करते हैं। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-नीलम कुमारी, अध्यक्ष, बीडीटीएस बरमाणा**

### बधाई संदेश
दैनिक समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' एवं डिजिटल टीवी की दूसरी वर्षगांठ पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं। पत्रकारिता के क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की आपकी निष्पक्ष और सारगर्भित कार्यशैली प्रशंसनीय है। आशा है कि 'अनंत ज्ञान' आगे भी सत्यनिष्ठ पत्रकारिता का मानक कायम रखते हुए निरंतर प्रगति करता रहेगा।
**-विकास ठाकुर, एक्सईएन, विद्युत मंडल धर्मशाला।**

# धर्मशाला में आज पहुंचेंगी भारत-साउथ अफ्रीका टीमें

## भारत-साउथ अफ्रीका टी-20: कल दोनों टीमों का प्रेक्टिस शेड्यूल तय

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को टी-20 मुकाबले में एक-दूसरे से भिड़ने के लिए भारत और साउथ अफ्रीका की टीमें शुक्रवार को धर्मशाला पहुंचेंगी। शुक्रवार को टीमों के पहुंचने उपरांत 13 दिसंबर को दोनों टीमों का प्रेक्टिस शेडयूल तय है। 14 दिसंबर को खेले जाने वाले टी-20 मुकाबले के दौरान दर्शक विभिन्न प्रकार की 30 हजार की वस्तुएं मैदान में नहीं ले जा पाएंगे। पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के लिए पहले ही प्लानिंग की जा चुकी है। वहीं, एचपीसीए भी 14 दिसंबर के टी-20 मुकाबले के लिए तैयार है।

**तीस से अधिक वस्तुएं मैदान में नहीं ले जा सकेंगे दर्शक**

### ये वस्तुएं नहीं ले जा पाएंगे दर्शक

**भारत**-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच के दौरान दर्शक, मैदान में 30 से अधिक वस्तुएं नहीं ले जा पाएंगे। बोतल, अल्कोहल, आडियो रिकॉर्डर, बैंग, बैकअप, कैनस, कैमरा, सिक्के, ज्वलनशील सामान, लैपटॉप, लाइटर, माचिस, संगीत यंत्र, पोस्टर, बैनर, पावर बैंक, स्प्रे, बैलून, ब्लॉक, तंबाकू, गुटखा, हेलमेट, लकड़ी की छड़ी, पेन पैंसिल, रेडियो, सेल्फी, स्टिक, स्पोर्टिंग बाल सुरक्षा के मद्देजनर प्रतिबंधित रहेगी।

### सुबह दस बजे लगेगा ऑफलाइन टिकट काउंटर

**शुक्रवार** से ऑफलाइन टिकट मिलना भी शुरू हो जाएंगे, जिसके लिए स्टेडियम के बाहर काउंटर लगाया जाएगा। सुबह 10 बजे से लगने वाले काउंटर में लाइनवार पहले आओ पहले, पापो आधार पर क्रिकेट प्रेमी आधार कार्ड बताकर मैच का टिकट प्राप्त कर सकेंगे। वहीं, मैच की ऑनलाइन टिकट बुकिंग की प्रकिया जारी है।

### कांगड़ा एयरपोर्ट में होगा टीमों का स्वागत

**अनंत ज्ञान, गगल।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में 14 दिसंबर को होने वाले मैच के लिए दोनों टीमें शुक्रवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी।

कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक अमित सकलानी ने बताया कि दोनों टीमें एलाइंस एयर के विमान द्वारा सुबह 10 बजे दोपहर 12:30 बजे और शाम 3:30 बजे कांगड़ा एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के आने से पहले सिक्योरिटी पूरी तरह से तैनात है और एयरपोर्ट के इर्द-गिर्द चप्पे चप्पे पर सिक्योरिटी के जवान तैनात हैं, ताकि खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसलिए सिक्योरिटी के एंगल से पूरा एयरपोर्ट छावनी में तब्दील है।

> भारत और साउथ अफ्रीका टी-20 मैच को लेकर ऑफलाइन टिकटों की बिक्री शुक्रवार से शुरू की जा रही है। दोनों ही टीमें भी शुक्रवार को ही धर्मशाला पहुंच जाएंगी। मैच के लिए एचपीसीए की तैयारी पूरी है।
>
> **-अवनीश परमार, एचपीसीए धर्मशाला।**

## देहरी में जर्जर मकान में हाथ से निर्मित गोले मिलने से मचा हड़कंप

**शिबू ठाकुर, अनंत ज्ञान, कोटला।** पुलिस थाना जवाली के अधीन पंचायत पनालथ के देहरी में जर्जर मकान के अंदर हाथ से निर्मित किए गए लड्डू आकार के गोले मिलने से हड़कंप मच गया। इन हाथ से बने गोलों के फटने से तीन गायों के जबड़े उड़ गए हैं तथा गायें घायल हैं। पंचायत पनालथ के प्रधान रमेश चंद ने बताया कि दो दिन पहले एक गाय का जबड़ा उड़ गया था तथा छानबीन करने के बाद पता नहीं चल पाया कि यह कैसे हुआ है। बुधवार को दोबारा से धमाका हुआ, जिसको सुनकर लोगों ने मुझे फोन किया तथा मौका पर जाकर देखा तो दो गायों के जबड़े फट गए थे तथा छानबीन की गई तो एक पुराने जर्जर मकान में हाथ से बने लड्डू आकार के गोले बरामद हुए। इसकी सूचना जवाली पुलिस को दी गई तथा पुलिस मौका पर पहुंच गई। पुलिस ने जर्जर मकान के अंदर से लड्डू आकार के गोले बरामद किए। पुलिस ने गोले बरामद करके कब्जे में ले लिए हैं तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है तथा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# कांगड़ा एयरपोर्ट पर यात्री से 78 जिंदा कारतूस बरामद, गिरफ्तार

## चार लाख रुपए की नकदी भी बरामद, आरोपी रिटायर्ड अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** एयरपोर्ट से दिल्ली जा रही उड़ान के एक यात्री को 78 जिंदा कारतूस तथा 4 लाख रुपए की नकदी के साथ एयरपोर्ट पर हिरासत में लिया गया।

आरोपी रिटायर्ड अधिकारी बताया जा रहा है। पुलिस थाना गगल में पूर्व अधिकारी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आगामी कारवाई की जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर दिल्ली की फ्लाइट में जा रहे यात्री के चेक इन के समय हुई जांच में यात्री के बैग की स्कैनिंग में संदिग्ध सामान होने का पता चलने पर बैग की जांच की गई तो इसमें कुछ जिंदा रौंद बरामद हुए। इसके बाद एयरपोर्ट अथॉरिटी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के दौरान कुल 78 छोटी दूरी के जिंदा कारतूस और 4 लाख रुपए नकद बरामद किए। आरोपी इन कारतूस को लेकर कोई लाइसेंस नहीं प्रस्तुत कर सका, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को एयरपोर्ट से हिरासत में लेकर जिंदा रौंद कब्जे में ले लिए हैं। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# सुक्खू सरकार का 3 साल का कार्यकाल विश्वासघात और अराजकता का काला अध्याय : संजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**हिमाचल** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने कहा कि सुक्खू की कांग्रेस सरकार का कार्यकाल इतिहास में काला अध्याय के रूप में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने व्यवस्था पतन का दौरा कभी नहीं देखा जिसे पिछले तीन सालों से सुक्खू सरकार अमलीजामा पहनाया हैं। सरकार ने मंडी में इसी पतन पर जश्न मनाया है। संजय शर्मा ने सुक्खू सरकार पर जनता से वादाखिलाफी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सरकार का 3 साल का कार्यकाल विश्वासघात व अराजकता का काला अध्याय के रूप में जाना जाएगा। कांग्रेस ने सत्ता में आने के लिए अपने चुनावी घोषणा पत्र में कई लोक लुभावन वादे किए, लेकिन सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार वादों को पूरा करने में नाकाम साबित हुई है।

### युवाओं पर हावी नशा माफिया

**संजय** ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में नशा माफिया युवाओं पर हावी है। चिट्टे के कारण युवा दम तोड़ रहे हैं। प्रदेश में जगह-जगह हुए गोलीकांड ने कानून व्यवस्था की पोल खोलकर रखी है। अपने हकों के लिए सरकारी कर्मचारी व पूर्व कर्मचारी, बेरोजगारी पर युवा सडक़ों पर प्रदर्शन को मजबूर हैं।

# तय समय पर ही होंगी तीसरी पांचवीं व आठवीं की परीक्षाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कक्षा तीसरी, पांचवीं और आठवीं (नियमित एवं राज्य मुक्त विद्यालय) की वार्षिक परीक्षाएं बोर्ड द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। कक्षा तीसरी और पांचवीं की परीक्षाएं 9 से 16 मार्च तथा आठवीं कक्षा की परीक्षाएं 9 से 20 मार्च तक प्रात: 9.45 से 1 बजे तक आयोजित करवाई जाएंगी। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

**नौ से 20 मार्च तक होगा आयोजन**

इसके अतिरिक्त कक्षा नवमीं और जमा एक की वार्षिक व कंपार्टमेंट परीक्षाएं विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाएंगी। कक्षा नवमीं की परीक्षाएं 5 से 18 मार्च तक तथा जमा एक की परीक्षाएं 5 मार्च, 2026 से 28 मार्च, 2026 तक 12.45 से सायं 4 बजे तक आयोजित करवाई जाएंगी। सभी परीक्षार्थी, अभिभावक व विद्यालय विस्तृत तिथि-पत्रक को बोर्ड की वेबसाइट पर देख सकतें हैं।

# सुगड़ी का बाग-तलवाड़ सड़क बदहाल

**अनंत ज्ञान जयसिंहपुर**

**लोअर** लंबागांव वाया सुगड़ी का बाग-तलवाड़ सड़क की हालत खस्ताहालत है। लगभग एक वर्ष से मार्ग का कार्य धीमी गति से हो रहा है, जिससे सड़क से गुजरने वाले छोटे वाहनों को बेहद ही मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से गुजरने वाले वाहनों से उठ रही धूल मिट्टी से दुकानों, घरों और प्राथमिक स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

लोक निर्माण विभाग जयसिंहपुर के एसडीओ अंकित समकडिया ने बताया कि मार्ग का मरम्मत का कार्य चला हुआ, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।



खस्ताहाल सुगड़ी का बाग-तलवाड़ सड़क से गुजरता वाहन।

## बाबा कांशीराम कॉलेज के छात्र रिहान का सेना में चयन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा कांशीराम राजकीय महाविद्यालय के द्वितीय वर्ष के छात्र रिहान चौहान का भारतीय सेना की क्लेरिकल सेवा में चयन हुआ है।



कार्यवाहक प्राचार्य जतिंदर सिंह, समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक कर्मचारियों ने रिहान का मुंह मीठा करवाकर सम्मान किया और परिवार को बधाई दी। सभी ने कहा कि रिहान ने अपने परिवार के साथ-साथ पूरे कॉलेज का नाम रोशन किया है और यह उपलब्धि सीमित संसाधनों वाले युवाओं के लिए प्रेरणा है। महाविद्यालय छात्र संघ की प्रधान तमन्ना ठाकुर ने इसे कॉलेज के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने बताया कि कॉलेज प्रबंधन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी केलिए कविशेष कक्षाओं का आयोजन कर रहा है, जिससे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ सकें।

# बीएससी बागवानी में तरिंडा गांव का पहला स्नातक बना अनिकेत



अनिकेत गांव के पहले युवक, जिन्होंने बीएससी बागवानी (ऑनर्स) की पढ़ाई पूरी की।

**नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान**

**जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर उपमंडल की अपर ठेहड़ू पंचायत के गांव तरिंडा के अनिकेत कुमार ने गांव का नाम रोशन किया है। अनिकेत तरिंडा गांव के पहले युवक बने हैं, जिन्होंने बीएससी बागवानी (ऑनर्स) की पढ़ाई पूरी की, बल्कि प्रतिष्ठित डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौनी के 14वें दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त कर पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया। अनिकेत के पिता जीवन दास भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्त हुए हैं और माता सुमना देवी गृहिणी है। अनिकेत की 12वीं तक की शिक्षा हिम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पाहड़ा से हुई है।

# अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर किया सूखा प्लास्टिक कचरा एकत्रित

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर शहीद कैप्टन विक्रम बतरा राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व एनएसएस स्वयंसेवियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान सूखा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया।

इस वर्ष की थीम ग्लेशियर पहाड़ों और उसके बाहर पानी, भोजन एवं आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य पिघलते ग्लेशियरों की रक्षा के प्रति वैश्विक जागरूकता बढ़ाना और अरबों लोगों की जल-सुरक्षा, कृषि एवं जीवनयापन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना है। इसी उपलक्ष्य में शहीद कैप्टन विक्रम बतरा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों ने लेफ्टिनेंट रेनू डोगरा एवं प्रोफेसर पूनम शर्मा के नेतृत्व में हिलदारी परियोजना के सहयोग से एक विशेष सफाई अभियान चलाया। विला कैमिलिया से होटल हाइलैंड तक चले इस अभियान के दौरान लगभग 300 किलोग्राम सूखा प्लास्टिक कचरा एकत्रित किया गया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज सूद ने छात्रों के इस पर्यावरण-संवेदनशील योगदान की सराहना की।

उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्वत स्वच्छ पेयजल, जैव विविधता, औषधीय पौधों, भोजन एवं लकड़ी जैसे महत्वपूर्ण संसाधनों के स्रोत हैं, लेकिन जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक दोहन के कारण उनका अस्तित्व गंभीर खतरे में है, इसलिए पर्वतों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की थीम हमें याद दिलाती है कि पर्वतीय हिमनद केवल प्राकृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व के लिए अनिवार्य आधार हैं। अत: हम सभी का दायित्व है कि पर्वतों और ग्लेशियरों की रक्षा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# चीन के खिलाफ तिब्बतियों ने निकाली बाइक यात्रा

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** चीन के हमले के खिलाफ तिब्बतियों ने बाइक यात्रा निकाली। लोडो पलदेन पूर्व अध्यक्ष, आरटीवाईसी ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत साहसी, युवा केंद्रित अभियान के रूप में पूरे देश में बाइक यात्रा कर रहे हैं।



चीन के खिलाफ बाइक यात्रा।

इस मिशन में परम पावन दलाईलामा के करुणा वर्ष का सम्मान करना, भारत के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करना, तिब्बती पहचान पर चीन के हमले के खिलाफ तत्काल चेतावनी देना और तिब्बत की सच्ची ऐतिहासिक स्थिति को स्वीकार करने के लिए भारत से अपील करना शामिल है। यह अभियान सत्य की रक्षा, तिब्बत की सांस्कृतिक पहचान की सुरक्षा और लंबे समय से चल रहे भारत-तिब्बत संबंध को मजबूत करने के लिए एक देशभक्तिपूर्ण और नि:स्वार्थ पहल है। उल्लेखनीय है कि करुणा वर्ष का उत्सव वर्ष 2025 को परम पावन 14वें दलाईलामा के 90वें जन्मदिन के सम्मान में दुनियाभर में करुणा वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। यह राष्ट्रव्यापी यात्रा परम पावन की शांति, नैतिक मूल्यों और मानवता की बेहतरी के प्रति आजीवन प्रतिबद्धता को श्रद्धांजलि देती है।

## टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज में भरे जाएंगे 600 सिक्योरिटी गार्ड के पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 600 पुरुष सिक्योरिटी गार्ड पद भरे जाएंगे। योग्यता 10वीं पास और आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। चयनित आवेदकों को 14,300 से 18,236 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी दो फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल शैक्षणिक दस्तावेज, बायोडाटा और अनुभव प्रमाणपत्र साथ लाएं। साक्षात्कार 17 से 23 दिसंबर तक विभिन्न उपरोजगार कार्यालयों-इंदौरा, फतेहपुर, नगरोटा सूरियां, ज्वाली, बैजनाथ और देहरा-में सुबह 11 बजे होंगे।

## कांगड़ा एयरपोर्ट पर इंडिगो का स्टाफ हवाई यात्रियों की कर रहा सहायता : सकलानी

**अनंत ज्ञान, गगल।** हवाई अड्डे के निदेशक अमित सकलानी ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण यात्रियों की सुविधाओं के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। हवाई अड्डे पर रुके यात्रियों को स्वच्छ वाशरूम, पेयजल और अल्पाहार जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। इस कार्य में इंडिगो स्टाफ और सुरक्षाकर्मियों का भी सहयोग लिया जा रहा है। टर्मिनल मैनेजर और भाविप्रा कर्मचारी यात्रियों से सीधे संपर्क कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और सकारात्मक प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। वर्तमान में इंडिगो एयरलाइन का संचालन पूरी तरह सामान्य और समय पर है, जबकि प्रशासन सतर्कता बनाए हुए है।

## सुक्खू सरकार के तीन साल सिर्फ कलह और नाकामियों में बीते : शिवा कटोच

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश आईटी सह संयोजक शिवा कटोच ने कहा कि सुक्खू सरकार का तीन साल का जश्न पूरी तरह अंदरुनी कलह और केंद्र सरकार को कोसने में ही बीत गया। करोड़ों रुपए खर्च कर सरकार ने आपदा पीड़ितों के घावों पर नमक ही छिड़का है। शिवा कटोच ने कहा कि रैली में जबरन भीड़ जुटाई गई, स्कूल और आईटीआई के बच्चों तक को बसों में बैठाकर लाया गया। इसके बावजूद भी रैली बुरी तरह असफल रही। मंच पर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की खुली तकरार ने यह साबित कर दिया कि कांग्रेस सरकार अब अपने ही बोझ तले बिखर चुकी है। उन्होंने कहा कि जनता अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए पूरी तरह तैयार बैठी है और भारतीय जनता युवा मोर्चा इस संघर्ष में जनता की आवाज को और मजबूती से उठाएगा।

**खेलकूद** तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का किया आयोजन

# 50 मीटर रेस में पवनीत ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**तृप्ता** पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य राकेश राणा ने शिरकत की। मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य राकेश ने मुख्य अतिथि को हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

वहीं, मुख्यातिथि ने बच्चों और स्टाफ और शारीरिक शिक्षकों को बधाई दी। स्पोर्ट्स मीट में मुख्य रूप से 50 मीटर रेस, स्पून एंड लेमन रेस, जलेबी रेस, बाधा रेस, बैलून रेस, सेक रेस, थ्री लेग रेस और थ्रेड एंड नीडल रेस, बिस्कुट रेस करवाई गई। चेयरमैन वरिंद्र नरियाल और प्रधानाचार्य राकेश राणा ने बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लड़कों की 50 मीटर रेस में प्रथम पवनीत, द्वितीय आयुष और तृतीय स्थान पर तनिश रहे। लड़कियों में प्रिशा प्रथम, आदिशा द्वितीय और कायरा तृतीय स्थान पर रही। बिस्किट रेस में प्रथम सेजल, शिवांश, श्रावी द्वितीय स्थान पर रिधिमा, आदर्व और अद्विक रहे। तृतीय स्थान पर भूमिका, यशवी, अरुल रहे। वहीं, बैलेंस रेस में प्रथम , द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: कार्यवी यशिका, अर्शिया, वेदांशी रहे। लड़कों में रिशन, कायरव, लवीश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी बच्चों की 50 मीटर रेस में अन्यायशा, तृषा, दृष्टि, ऋत्विक, तनिषा, क्यायांश प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर रहे। केजी में बाधा रेस में हरिका, ऋद्धि, प्रियांशी, सहर्ष, शिवाय, शाश्वत प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। यूकेजी में 50 मीटर रेस में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर अभिजय, अद्विक, नरवीर और लड़कियों में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर समायरा, सान्वी ,अश्वी रहे। चेयरमैन नरियाल और विद्यालय प्रधानाचार्य ने कहा कि सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए।




तृप्ता पब्लिक स्कूल चलवाड़ा में तीन दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट्स मीट के विजेताओं को किया सम्मानित।

# 25 को आयोजित होगी धर्मशाला मैराथन 2025

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल ने बताया कि नगर निगम धर्मशाला द्वारा धर्मशाला मैराथन-2025 का आयोजन 25 दिसंबर को एथलेटिक मैदान धर्मशाला से किया जाएगा। यह आयोजन क्षेत्र में खेल, स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

आयुक्त ने बताया कि धर्मशाला मैराथन को भविष्य में नगर का कैलेंडर इवेंट बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है, ताकि हर वर्ष 25 दिसंबर को यह दौड़ बड़े स्तर पर आयोजित की जा सके। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय धावकों को भी आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि पंजीकरण सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए पंजीकरण शुरू हो चुका है, जो 20 दिसंबर तक चलेगा। उन्होंने कहा कि फिटनेस प्रेमी, छात्र-छात्राएं, युवा, वरिष्ठ नागरिक एवं खेल उत्साही सभी इस मैराथन में भाग ले सकते हैं। विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

**प्रथम स्थान पाने वाले को मिलेगा एक लाख का पुरस्कार : जफर इकबाल**

ओपन कैटेगरी की फुल मैराथन (42 किलोमीटर) के विजेता को एक लाख रुपए, हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) के विजेता को 51 हजार रुपए, 10 किलोमीटर के विजेता को 21 हजार रुपए, 5 किलोमीटर के विजेता को 5 हजार रुपए तथा 3 किलोमीटर के विजेता को 3 हजार रुपए की इनामी राशि प्रदान की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि कुल 15 लाख रुपए के पुरस्कार पूल के साथ धर्मशाला मैराथन क्षेत्र की सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धी दौड़ बनने जा रही है।













## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक संगठन हटवास का सम्मेलन 13 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक संगठन हटवास का सम्मेलन 13 दिसंबर को सैनिक भवन हटवास में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सैन्य परिवारों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त हुई सूचनाओं से अवगत कराना और उन पर चर्चा की जाएगी। साथ ही 18 दिसंबर को योल कैंप (धौलाधार आडिटोरियम) में पेंशन से जुड़ी समस्याओं के निवारणार्थ पीसीडीए (सेना) चंडीगढ़ द्वारा आयोजित होने वाले स्पर्श आउटरीच कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जाएगी। संगठन सचिव हवलदार विक्रम सिंह राणा ने पूर्व सैनिकों, वीर-नारियों और पेंशनधारक बहनों से सम्मेलन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की है।

### धर्मशाला में हर दिन कुछ देर के लिए बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड सब डिवीजन नंबर-2 धर्मशाला रमेश धीमान ने सूचित किया कि 33केवी गज काला पुल विद्युत लाइन पर चल रहे कार्य के कारण कुछ दिनों तक रोजाना धर्मशाला और आसपास के क्षेत्रों में कुछ देर के लिए बिजली बंद रहेगी।

### किसान नेता मनजीत ने पीएम का जताया आभार

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** किसान नेता एवं समाजसेवी मनजीत डोगरा ने भारत के प्रमुख पर्व दीपावली को संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में शामिल करवाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए दीपावली हमारी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के बहुत करीब से जुड़ी है, यह हमारी सभ्यता की आत्मा है। यूनेस्को की अमूर्त विरासत सूची में शामिल होने से दीपावली पर्व की वैश्विक स्तर पर लोकप्रियता और भी बढ़ेगी तथा प्रभु राम के आदर्श हमेशा वैश्विक जन का मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।

### मौलिक अधिकार और यातायात नियम बताए

**अनंत ज्ञान, गगल।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागोरी संस्था और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कांगड़ा के संयुक्त सहयोग से पंचायत मनेड़, विकास खंड धर्मशाला में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें लगभग 70 लोगों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता नीलम जरियाल, एडवोकेट एवं पैनल लॉयर, ने संविधान में दिए मौलिक अधिकारों, महिलाओं से जुड़े श्रम कानूनों, समान कार्य के लिए समान वेतन और गरिमापूर्ण जीवन के अधिकार पर विस्तृत जानकारी दी। प्रतिभागियों को यातायात नियमों, दंड प्रावधानों और निःशुल्क विधिक सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। जागोरी संस्था ने वन बिलियन राइजिंग अभियान के माध्यम से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के विरुद्ध सामूहिक आवाज उठाने का संदेश दिया।

### 'सार्थक' संस्था ने मनाया स्थापना दिवस



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** शाहपुर क्षेत्र की अग्रणी संस्था सार्थक ने अपना स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में नौनिहालों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। शाहपुर अस्पताल में उपचाराधीनों को फल वितरित किए गए। सार्थक संस्था लगभग 13 वर्षों से जरूरतमंदों, विद्यार्थियों, कन्याओं की शादियों, गम्भीर बीमारियों, आपदाओं आदि में आर्थिक योगदान कर रही है। खेल प्रदर्शन में प्रथम रहने वाले क्षेत्र की प्रतिभाओं को पारितोष देता आया है। इस संस्था में लगभग 130 सक्रीय सदस्य है। सार्थक स्वैच्छिक- निधी से जन- सेवा करता आया है। सार्थक के सदस्यों ने बताया कि लोक-सेवा करना और जरूरतमंदों को प्रोत्साहित करना ही उनका ध्येय है।

# चाहड़ी में कार सवार तीन युवकों से 7.11 ग्राम चिट्टा किया बरामद

## पुलिस की विशेष टीम ने सूचना पर किए गिरफ्तार, कार को कब्जे में लिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस की स्पेशल इनवेस्टिगेशन यूनिट ने बुधवार देर रात को कार सवार युवकों से चिट्टा बरामद किया है। विशेष टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गाड़ी नंबर एचपी-39एफ-9772 में बैठे 23 वर्षीय अगम निवासी गांव बीरता, 25 वर्षीय अभिषेक निवासी भडवाल तथा 29 वर्षीय अजय निवासी पासु को 7.11 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया। आरोपी लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त थे। आरोपी युवक पुलिस की निरंतर निगरानी में थे। रात को जब जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी, उसी दौरान टीम को सूचना मिली कि आरोपी हाल ही में चिट्टे की खेप लेकर आए हैं और होंडा सिटी कार में निर्माणाधीन सड़क फोरलेन चाहड़ी में खड़ी करके बैठे हैं और चिट्टा बेचने की फिराक में हैं।

पुलिस की विशेष टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त तीनों आरोपियों को मौके पर रंगेहाथों दबोच लिया। तलाशी के दौरान कार से आरोपियों के कब्जे से 7.11 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना नगरोटा बगवां में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कार को भी कब्जे में लिया है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस आमजन से अपील करती है कि नशे और अन्य अवैध कारोबार से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जो भी व्यक्ति नशे के अवैध व्यापार में लिप्त पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने बिंद्रावन में भी युवक से 7.11 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत पुलिस टीम ने बिंद्रावन में आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी के पास एक युवक से 7.11 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी हरुण सैमुअल 22 वर्ष निवासी वार्ड 8 गांव ठाकुरद्वारा डाकघर मारंडा तहसील पालमपुर के खिलाफ थाना पालमपुर में मामला दर्ज किया है और आगामी जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी पर पहले भी अभियोग दर्ज हैं।

# ठगी की आरोपी महिला न्यायिक हिरासत में भेजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** पुलिस ने विदेश भेजने की फर्जी योजना का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ठगी की आरोपी महिला को मलेरकोटला से गिरफ्तार किया है, जिसका वीरवार को पुलिस रिमांड पूरा होने पर कांगड़ा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस थाना नगरोटा बगवां में दिलबाग सिंह निवासी गांव व डाकघर खरट तहसील बड़ोह ने अपने बेटे अक्षय के विदेश में नौकरी का झांसा देकर 5.5 लाख ठगने के बारे में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिस पर नगरोटा बगवां पुलिस थाना में 2 दिसंबर को मामला दर्ज किया था। शिकायत एक कमलजीत कौर नामक महिला के विरुद्ध हुई थी, जो पंजाब की रहने वाली है। कमलजीत कौर पहले मलेशिया व साइप्रस जैसे देशों में काम कर चुकी है और हाल ही में भारत वापस आई थी। कमलजीत का एक स्थानीय व्यक्ति के माध्यम से अक्षय से संपर्क हुआ और उसने अक्षय को इटली में नौकरी दिलवाने का दावा किया, जिसके लिए कमलजीत कौर ने अक्षय से 5.5 लाख रुपए वसूल करके किसी कंसल्टेंसी के बजाए अपने भाई और पति के अकाउंट में पैसे डलवा लिए। कमलजीत कौर ने अक्षय को दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुलाया, यह कहते हुए कि उसका वीजा और वर्क परमिट तैयार है और टिकट भी कर दी गई है। लेकिन दिल्ली पहुंचने पर कमलजीत ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया और नंबर ब्लॉक कर दिया। तब अक्षय को धोखाधड़ी का एहसास हुआ। नगरोटा बगवां पुलिस ने टेक्निकल विशेषज्ञता और डिजिटल फुटप्रिंट्स की मदद से मात्र तीन दिन में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने ठगे गए सभी रुपए भी बरामद कर लिए हैं। एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने बताया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस आरोपी से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश कर रही है।

# अपनी ऊर्जा को नशे में नहीं, रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं युवा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**तंगरोटी में एंटी-चिट्टा कार्यक्रम का आयोजन**

**डीसी** हेमराज वैरबा ने विकास खंड धर्मशाला की पंचायत तंगरोटी खास में आयोजित एंटी-चिट्टा जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। डीसी ने कहा कि नशा समाज को भीतर से कमजोर करने वाला सबसे बड़ा खतरा है और इसे रोकने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि चिट्टा जैसे घातक नशे की पहुंच अब स्कूली बच्चों तक बढ़ने का खतरा पैदा कर रही है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों एवं स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि बच्चों के स्कूल बैग की समय-समय पर जांच अवश्य की जाए। अपनी ऊर्जा को नशे में नहीं, बल्कि शिक्षा, खेल, तकनीक और रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं। जीवन में हर चुनौती का समाधान है, लेकिन नशा किसी भी समस्या का हल नहीं बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। अपनी दिनचर्या में खेल, व्यायाम, कला और कौशल विकास को शामिल करें। यह आपको मजबूत, आत्मनिर्भर और सफल बनाएगा। उन्होंने कहा कि अगर आपके आस-पास कोई मित्र गलत राह पर जा रहा है, तो उसे भी समझाएं, रोकें और सही दिशा दिखाएं यही सच्ची मित्रता है।

उपायुक्त ने बताया कि चिट्टे से संबंधित किसी भी सूचना को साझा करने के लिए प्रदेश सरकार ने आपातकालीन नंबर 112 स्थापित किया है। इस अवसर पर कार्यक्रम में पंचायत प्रधान योगेश कुमार, उपप्रधान, नशा निवारण समिति के सदस्य, वार्ड सदस्य, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में गांववासी उपस्थित रहे।

# बैजनाथ मंदिर में दूध व पानी के रिसाव को लेकर हरकत में आया प्रशासन

## जल शक्ति विभाग ने डलवाई पाइप, अब सही ढंग से हो पाएगी निकासी

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



'अनंत ज्ञान' समाचार पत्र में खबर छपने के बाद हरकत में आया मंदिर प्रशासन

**बैजनाथ।** दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान में बैजनाथ मंदिर में श्रद्धा के साथ खिलवाड़ छपी खबर के बाद मंदिर प्रशासन हरकत में आ गया है। खबर के छपने के बाद उपमंडल अधिकारी नागरिक संकल्प गौतम ने जहां दूध और पानी का रिसाव हो रहा था, उस जगह का दौरा किया और जल शक्ति विभाग को तुरंत समस्या का समाधान करने का आदेश दिया। गौरतलब है कि ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में जो जल और दूध शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है, वह मंदिर के साथ लगते पार्क में बिखर जाता था। इसके बाद आने-जाने वाले राहगीरों के पांव इस जल और दूध में लगते रहते थे। इस पर लोगों ने आपत्ति जाहिर की थी कि उनकी धार्मिक श्रद्धा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा ने टीम के साथ कार्य पूरा करवा दिया है। उन्होंने बताया कि पहले यहां पर बहुत छोटी पाइप डाली हुई थी, जिसकी वजह से दूध और पानी की निकासी सही ढंग से नहीं हो पाती थी। अब यहां पर बड़ी पाइप डलवा कर बेहतर ढंग से कार्य करवा दिया है। वहीं, स्थानीय लोगों ने इसके लिए मंदिर प्रशासन तथा जल शक्ति विभाग का तुरंत कार्रवाई के लिए धन्यवाद किया है।

# कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष अंधकारमय : परमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर इसे हिमाचल के इतिहास का सबसे अंधकारमय और भ्रष्टकाल बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव से पहले 10 गारंटियों का खूब प्रचार किया, लेकिन तीन वर्षों में शून्य काम और 100% धोखा मिला है। परमार ने प्रश्न उठाया कि प्राकृतिक आपदा से सबसे अधिक प्रभावित मंडी जिला में सरकार जश्न क्यों मना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा बनाए स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के ढांचे को कांग्रेस सरकार ने संस्थान बंद करके नुकसान पहुंचाया। एचपीटीडीसी के होटलों को निजी हाथों में देने के फैसले को उन्होंने जनता की संपत्ति बेचने की शुरुआत बताया। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को 40,000 करोड़ के कर्ज में डुबोकर आर्थिक संकट खड़ा किया है। कानून-व्यवस्था बिगड़ी है और विकास ठप है। उन्होंने विश्वास जताया कि 2027 में जनता कांग्रेस को कड़ा सबक सिखाएगी।

# घर के मुखिया को कैंसर, परिवार पर टूटा पहाड़

## रवि की मदद को आगे आएं; बंद हो चुकी दुकान, अब नहीं कमाई का कोई साधन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


टांडा में उपचाराधीन कैंसर से पीड़ित रवि कुमार राणा।

**टीएमसी में चल रहा उपचार खर्च आएगा 10 लाख**

**पंचरुखी** क्षेत्र का टटेहल गांव के मेहनतकश और परिवार का आधार माने जाने वाला रवि कुमार राणा कैंसर से लड़ते-लड़ते अब उस बेहद कठिन मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां हर दिन, हर उम्मीद और हर सांस बोझिल हो चुकी है। कभी गांव में अपनी छोटी दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाले रवि की दुनिया अचानक तब बिखर गई, जब बीमारी ने उन्हें पूरी तरह बेबस कर दिया।

पत्नी सिलाई का काम कर थोड़ा सहारा देती थीं और दो छोटे बच्चे स्कूल में पढ़ते थे। एक शांत, संघर्षशील परिवार, जो अचानक गहरे संकट में डूब गया। बीमारी बढ़ने के साथ दुकान बंद हो गई, कमाई का कोई साधन नहीं बचा, बच्चों की पढ़ाई बीच में अटकने लगी और घर का खर्च असहनीय हो गया। रवि की पत्नी आज पूरा समय पति की सेवा और अस्पतालों के चक्कर में गुजार रही है। चंडीगढ़ में उपचार पर लगभग 16 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। हरिद्वार वेलनेस सेंटर सहित कई उपचार आजमाने के बाद भी बीमारी ने राहत नहीं दी। वर्तमान में इलाज डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में चल रहा है, जहां आगे के उपचार के लिए लगभग 10 लाख रुपए की आवश्यकता है। पांच विशेष इंजेक्शन लगने हैं, जिनकी कीमत लगभग 2 लाख रुपए प्रति इंजेक्शन है। परिवार की जमा पूंजी समाप्त हो चुकी है, उधार लेने के रास्ते बंद हो गए हैं और आय का कोई स्रोत नहीं बचा है।

यह सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि मानवता की परीक्षा है। थोड़ी-सी सहायता एक पिता की जान बचा सकती है और दो बच्चों का भविष्य सुरक्षित कर सकती है। रवि के दोनों बच्चे नॉर्थ स्टार पब्लिक स्कूल रामनगर में पढ़ते हैं। स्कूल के चेयरमैन सुरेश जम्वाल ने मानवीय आधार पर उनकी फीस और ट्रांसपोर्ट शुल्क पूरी तरह माफ कर दिया है। सहायता के लिए रवि कुमार के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

# कविता पाठ में अमृता और सोलो सॉन्ग में काजल प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में केंद्रीय छात्र परिषद का वार्षिकोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल रहे, जिनका स्वागत आयोजन सचिव डॉ. विक्रम सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्ष काजल ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा छात्रों की आवश्यकताओं और चिंताओं पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। वहीं, एंकरिंग में विभांशु और क्रिश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नंदिनी और प्रिया द्वितीय तथा वंशिका और क्रिश तृतीय स्थान पर रहे। कविता पाठ में अमृता को प्रथम, क्रिश को द्वितीय और तावी को तृतीय स्थान मिला। सोलो सॉन्ग में काजल ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय और श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि ग्रुप सॉन्ग श्रेणी में प्रथम स्थान सक्षम और समूह, द्वितीय स्थान दीपिका और समूह तथा तृतीय स्थान काजल और समूह ने प्राप्त किया। नृत्य प्रस्तुतियों में भी छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। सोलो डांस में वंशिका प्रथम, प्रियांशी द्वितीय और रितिका तृतीय रहीं। डुएट डांस में दीपिका और वंशिका ने प्रथम स्थान हासिल किया, काजल और मुस्कान द्वितीय तथा निष्ठा और मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। ग्रुप डांस में मुस्कान और उनके समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिखा और समूह द्वितीय तथा मुस्कान और समूह की दूसरी प्रस्तुति तृतीय स्थान पर रही। मॉडलिंग प्रतियोगिता में स्मृति प्रथम, कृतिका द्वितीय और सेजल तृतीय रहीं। मटका फोड़ प्रतियोगिता में प्रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने विद्यार्थियों को स्मरण करवाया कि मिड-टर्म परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं, इसलिए समय प्रबंधन के साथ तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उत्साह और कठिन परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।

# प्रताप वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने जागरूकता रैली के साथ विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया


प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में विश्व मानवाधिकार दिवस पर स्टूडेंट्स ने मानवाधिकार रैली निकाली।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** प्रताप वर्ल्ड स्कूल पठानकोट में विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्टूडेंट्स की ओर से मानवाधिकार रैली का आयोजन किया गया।

इस पहल का उद्देश्य समानता, स्वतंत्रता और मानव गरिमा जैसे मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा और सम्मान के महत्व को मजबूत करना था। यह रैली स्कूल शिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित की गई और इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों व स्थानीय समुदाय को बुनियादी मानवाधिकारों के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षकों द्वारा दिए गए संक्षिप्त परिचय से हुई, जिसमें मानवाधिकारों के महत्व और दैनिक जीवन पर उनके प्रभाव को समझाया गया। छात्रों की सक्रिय भागीदारी और प्रभावशाली नारों ने न्याय, करुणा और सम्मान का संदेश व्यापक रूप से फैलाया। छात्रों की मानवाधिकारों के प्रति समझ को और मजबूत किया तथा उन्हें अपने दैनिक जीवन में दया, निष्पक्षता, अनुशासन और सम्मान जैसे मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। निदेशक सनी महाजन ने कहा कि हमारे युवा विद्यार्थियों को सामाजिक जागरूकता की दिशा में ऐसे सार्थक कदम उठाते देखना हृदयस्पर्शी है। प्रिंसिपल शुभ्रा रानी ने कहा कि मानवाधिकार दिवस का उत्सव बच्चों में जिम्मेदारी और वैश्विक नागरिकता की भावना विकसित करता है। मुझे हमारे छात्रों पर गर्व है, जिन्होंने इतने महत्वपूर्ण संदेश को आत्मविश्वास और एकता के साथ साझा किया।

# झूठी गारंटियां दोहराने से कुछ नहीं बदलने वाला : सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के विधायक सुधीर शर्मा ने मंडी में प्रदेश सरकार के 3 साल पूरे होने पर जश्न मनाने को लेकर जोरदार है हमला बोला है। सुधीर शर्मा ने कहा कि मंडी के पड्डल मैदान की रैली में मुख्यमंत्री ने 10 गारंटियों को पूरा बताया और लाउडस्पीकर पर जोर देकर दावे दोहराए, लेकिन जनता को साफ दिख गया कि जमीन पर एक भी गारंटी लागू नहीं हुई है। जो वादे सिर्फ घोषणाओं में सीमित रहे हैं, उन्हें शोर मचाकर पूरा नहीं दिखाया जा सकता। जनता अब कांग्रेस सरकार की बातों पर भरोसा नहीं कर रही और यह रैली उसी टूटे भरोसे की सबसे बड़ी मिसाल बन गई।

सुधीर ने कहा कि रैली के लिए एचआरटीसी की बसें भेजी गईं, कार्यकर्ताओं को बुलाने की पूरी कोशिश हुई और सरकारी मशीनरी का भी इस्तेमाल किया गया, फिर भी पड्डल मैदान खाली नजर आया। भीड़ के नाम पर कुछ लोग ही पहुंचे और रैली एक छोटी सी बैठक जैसी लग रही थी।

**सरकार ने कार्यक्रम पर जनता के करोड़ों रुपए खर्च डाले**

**सुधीर** ने कहा कि सरकार ने इस कार्यक्रम पर जनता के करोड़ों रुपए खर्च कर दिए, जबकि यह स्पष्ट दिख रहा था कि न तो जनता जुड़ी और न ही कार्यकर्ता उत्साहित दिखे। सुधीर शर्मा ने कहा कि जिस सरकार के पास विकास कार्यों के लिए धन नहीं है, उसने अपनी इस राजनीतिक रैली के लिए जनता का पैसा खर्च किया। प्रदेश में राहत और सहायता के लिए बजट कम बताया जा रहा है, पर राजनीतिक मंच सजाने में करोड़ों खर्च कर दिए गए। यह स्थिति बताती है कि कांग्रेस सरकार की प्राथमिकताएं जनता से ज्यादा अपनी छवि सुधारने पर केंद्रित हैं। सुधीर शर्मा ने कहा कि इस रैली में कांग्रेस की भीतर की फूट भी मंच पर खुलकर नजर आई। मंत्री और उपमुख्यमंत्री तक मुख्यमंत्री से असहमत दिखे और माहौल में अस्थिरता साफ महसूस हुई। उन्होंने कहा कि जनता अब 2027 के लिए अपना मन बना चुकी है और भाजपा को मजबूत समर्थन देने का संकेत दे चुकी है।

# हिमाचल में 18,18,925 आंगनबाड़ी केंद्र : सावित्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने संसद में जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश में वर्तमान में कुल 18,18,925 आंगनबाड़ी केंद्र कार्यरत हैं, जबकि राज्य में एक भी मिनी आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है। यह जानकारी उन्होंने राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी के प्रश्न के उत्तर में दी। मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिया गया है, जिसके तहत देशभर में संचालित सभी मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों में अपग्रेड किया जाएगा। अपग्रेडेड केंद्रों में एक आंगनबाड़ी वर्कर और एक हेल्पर की नियुक्ति अनिवार्य रूप से की जाएगी, ताकि वे पोषण 2.0 कार्यक्रम के तहत अपने दायित्व प्रभावी ढंग से निभा सकें।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थापना मानदंड भी बताए। ग्रामीण क्षेत्रों में 400 की जनसंख्या पर एक तथा 800 पर दो आंगनबाड़ी केंद्र खोले जाएंगे, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह मानदंड क्रमशः 800 और 1600 जनसंख्या का है। इसी तरह, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में 150 और शहरी क्षेत्रों में 400 की जनसंख्या का प्रावधान है। मंत्री ने बताया कि पूर्ण आंगनबाड़ी वर्कर्स को 4500 रुपए, जबकि मिनी आंगनबाड़ी वर्कर्स को 3500 रुपए मानदेय प्रदान किया जाता है।

# धर्मगुरु दलाईलामा दक्षिण भारत की यात्रा पर रवाना

## दिल्ली से जाएंगे कर्नाटक, माउंटोक मठ में करेंगे प्रवास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


तिब्बती धर्मगुरु दलाईलामा वीरवार को दक्षिण भारत के अपने वार्षिक प्रवास पर रवाना हुए।

**तिब्बती** धर्मगुरु दलाईलामा हर वर्ष की भांति इस बार भी सर्दियों के मौसम में दक्षिण भारत के अपने वार्षिक प्रवास पर रवाना हो गए हैं। दिल्ली पहुंचने के बाद राजधानी स्थित अपने निवास में कुछ समय ठहरेंगे, जहां वे निर्धारित औपचारिक मुलाकातें करेंगे। इसके उपरांत कर्नाटक के माउंटोक स्थित बौद्ध मठ के लिए रवाना होंगे, जहां करीब एक महीने तक प्रवास करेंगे।

बताया जा रहा है कि धर्मशाला में शीत बढ़ने के कारण दलाईलामा स्वास्थ्य कारणों से हर वर्ष दक्षिण भारत के अपेक्षाकृत गर्म मौसम वाले क्षेत्रों में जाते हैं, ताकि वे अध्ययन, ध्यान साधना और आध्यात्मिक गतिविधियों पर केंद्रित रह सकें। माउंटोक मॉनेस्ट्री तिब्बती बौद्ध परंपरा का एक प्रमुख केंद्र माना जाता है और दलाईलामा के नियमित शीतकालीन प्रवास का भी हिस्सा है। दलाईलामा के आगमन को लेकर कर्नाटक में स्थित तिब्बती समुदाय उत्साहित है। वहां विशेष प्रार्थना सभाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिक्षाप्रद संगोष्ठियों की तैयारियां चल रही हैं। इस वर्ष उनके 90वें जन्मदिवस का समारोह भी दक्षिण भारत में विशेष रूप से मनाया जाएगा। तिब्बतियन यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष शेयरिंग ने बताया कि सर्दियों के कारण धर्मगुरु दलाईलामा दक्षिण भारत के लिए रवाना हुए हैं। पहले दिल्ली में ठहरेंगे और फिर माउंटोक मॉनेस्ट्री पहुंचेंगे। इस साल हमने उनका 90वां जन्मदिवस मनाया है और दक्षिण भारत में भी यह उत्सव जारी रहेगा। तिब्बती प्रशासनिक अधिकारी फुंटसोक ने कहा कि धर्मशाला की अत्यधिक ठंड उनकी सेहत पर असर डाल सकती है, इसलिए उन्हें कर्नाटक ले जाना उचित है। वहीं, दलाईलामा ने भी प्रस्थान से पूर्व अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मैं फिलहाल सर्दियों के कारण धर्मशाला से बाहर जा रहा हूं। इस वर्ष दुनिया ने मेरे जन्मदिवस को करुणा के रूप में मनाया, इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। हमें अपने भीतर करुणा को और बढ़ाने की आवश्यकता है। दक्षिण भारत में उनके शीतकालीन प्रवास के दौरान धार्मिक गतिविधियों, आध्यात्मिक शिक्षाओं और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी।

# हिमाचल में आवंटित रेलवे बजट में से 919 करोड़ खर्च : वैष्णव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश को उत्तरी रेलवे जोन में कवर किया गया है और इस जोन के लिए वर्ष 2025-26 के लिए 2,216 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है, जिसमें से अब तक 919 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। यह जानकारी रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव ने संसद में कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज को दी। रेलवे मंत्री ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत देश में 1337 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं, जिसमें से हिमाचल प्रदेश के पालमपुर, शिमला, बैजनाथ-पपरोला और अंब अंबोटा स्टेशन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसमें से पालमपुर, बैजनाथ-पपरोला और अंब अम्बोटा रेलवे स्टेशनों को विकसित कर दिया गया है, जबकि शिमला को मास्टर प्लानिंग के तहत कवर किया जा रहा है। अश्वनी वैष्णव ने बताया कि पंचरुखी रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म, शेल्टर, वेटिंग हॉल, पेयजल, शौचालय और यात्रियों के बैठने की उचित सुविधा प्रदान की गई है, जो कि तय मापदंडों से ज्यादा हैं। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर वेटिंग हॉल, टॉयलेट, वाटर बूथ, बैठने की उचित व्यवस्था, लिफ्ट, एस्कलेटर रैंप आदि की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर स्थानीय उत्पादों की बिक्री को वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा दिव्यांगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के सवाल पर दिया जवाब**

## न्यूज ब्रीफ

### किहार में आशा कार्यकर्ताओं के साक्षात्कार 15 को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** खंड चिकित्सा अधिकारी किहार, डॉ. सुनील कक्ड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य खंड किहार में आशा कार्यकर्ताओं के 15 स्वीकृत पदों को भरने के लिए साक्षात्कार की तिथि 15 दिसम्बर 2025 निर्धारित की गई है। यह साक्षात्कार खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सलूणी में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने सभी पात्र एवं इच्छुक अभ्यार्थियों से निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेजों सहित उपस्थित होने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार के लिए 8वीं या समकक्ष प्रमाणपत्र, 10वीं व उससे ऊपर की शैक्षणिक योग्यता, एससी/एसटी/ओबीसी/बीपीएल प्रमाणपत्र, विधवा/निर्धन/तलाकशुदा प्रमाणपत्र, आवासीय पते का सत्यापन प्रमाणपत्र (वार्ड/गांव), आधार कार्ड, राशन कार्ड, चरित्र प्रमाणपत्र तथा वैवाहिक स्थिति का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य रहेगा। डॉ.सुनील कक्ड़ ने स्पष्ट किया कि साक्षात्कार में उपस्थित होने पर किसी भी अभ्यार्थी को टीए/डीए प्रदान नहीं किया जाएगा।

### शिक्षकों ने आईएफपीडी का उपयोग करना सीखा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बिलासपुर जुखाला में एक दिवसीय एकीकृत फ्लैट पैनल प्रदर्शन आईएफपीडी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा शिक्षण में प्रभावी ढंग से आईएफपीडी का उपयोग करना सिखाना है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समग्र शिक्षा तथा भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र सिंह गर्ग, जिला नोडल अधिकारी सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी डाइट बिलासपुर द्वारा की गई। संजय शामा कार्यवाहक प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों का हार्दिक स्वागत किया और प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में दिग्विजय मल्होत्रा समन्वयक प्रशिक्षण ने बताया कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में कुल 40 प्रतिभागी हिस्सा लिया। इनमें मुख्य रूप से प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (गणित, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक विज्ञान, और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी प्रशिक्षक शामिल हैं। यह प्रशिक्षण शिक्षकों के व्यावसायिक कौशल को बढ़ाने और उन्हें नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यशाला में शबनम ठाकुर, लव कुमार, सृजन, निखिल द्वारा परीक्षित किया गया।

### पीउवाई साधना का ऊना में विशेष कार्यक्रम 14 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पीउवाई (परमजी-पथ-परमयोग) साधना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुष्पिंद्रा महाजन द्वारा उना में एक विशेष निशुल्क अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर को होटल सुविधा पैलेस, हमीरपुर रोड, ऊना में आयोजित होगा। कार्यक्रम सुबह 11बजे आरंभ होकर दोपहर 1:00 बजे तक चलेगा। पुष्पिंद्रा महाजन ने बताया कि पीउवाई एक सरल, प्रभावी और परिणामकारी साधना पद्धति है, जिसका उद्देश्य मानव जीवन में तनाव-निवारण, शारीरिक-मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन और रोगों से मुक्ति दिलाना है। आज की तेज़ जीवनशैली में पीउवाई एक प्रमाणिक मार्ग बन चुका है, जिसने अनगिनत लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। उन्होंने बताया कि पी 3 वाई से मानसिक शांति, आत्मिक संतुलन, सकारात्मक सोच और रोजमर्रा की चुनौतियों से मुक्ति मिलती है। यह साधना डिप्रेशन, स्ट्रेस, माइग्रेन, अनिद्रा, व अन्य मानसिक रोगों में भी उपयोगी है। अनेक साधकों को कर्मिक समस्याओं, पारिवारिक तनाव, आर्थिक बाधाओं और शारीरिक पीड़ा में लाभ प्राप्त हो चुका है। पी 3 वाई के माध्यम से मन की एकाग्रता, अवचेतन मन पर नियंत्रण, और आंतरिक ऊर्जा का विकास संभव है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कोई शुल्क नहीं रखा गया है। सभी आयु वर्ग, जाति, धर्म, गृहस्थ-सन्यासी-इच्छुक व्यक्ति पी 3 वाई का लाभ ले सकते हैं।

### सरकार का जश्न विकृत मानसिकता का प्रमाण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** भाजपा जिला मुख्य प्रवक्ता विकास भारद्वाज ने कहा है कि मंडी में होने वाला सरकार का जश्न कांग्रेस पार्टी व सरकार की विकृत मानसिकता को दिखाता है। एक तरफ तो सरकार डिजास्टर एक्ट लगाकर पंचायत चुनावों में कांग्रेस के होने वाले डिजास्टर से बच कर भाग रही है और दूसरी तरफ इसी डिजास्टर एक्ट के लगे हुए मंडी में तीन साल का जश्न मना रही है। एक तरफ सरकार खुद मान रही है कि हिमाचल आपदाग्रस्त है और इसी आपदा में ये लोग जश्न मना रहे हैं जो कि खुद में एक बहुत बड़ा विरोधाभास है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने अपनी तीन साल की नाकामियों के जश्न मनाने के लिए जगह भी वही चुनी जिस जगह पर सबसे बड़ी त्रासदी हुई है। जहां एक एक परिवार से सात सात अर्थियां एक साथ निकली हों, दर्जनों लोग अपने घरों के साथ बह गए हों और बचे हुए लोग तंबुओं में रहने को मजबूर हों और वहां सरकार राहत पहुंचाने में असफल रही है। ऐसी जगह पर अपनी नाकामियों को जश्न का रूप देकर भौंडे प्रदर्शन करना सरकार में बैठे लोगों का जनता के प्रति घोर असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

### मुंडखर स्कूल में लगाई व्यंजनों की प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** सरस्वती ज्ञान, भारतीय संस्कृति और मातृभाषा हिंदी के गौरव को समर्पित हिंदी भाषा उत्सव सप्ताह का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडखर में बड़े उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। पूरे सप्ताह विद्यालय में विविध गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने हिंदी भाषा की समृद्धता और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संपूर्ण संयोजन हिंदी प्रवक्ता सरोज कुमारी के निर्देशन में किया गया। सप्ताहभर छात्रों ने कविता पाठ, भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, सुलेख, मुहावरों का प्रयोग, कहानी लेखन, पोस्टर निर्माण एवं अन्य शैक्षिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय परिसर पूरे सप्ताह उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। उत्सव के अंतिम दिन बच्चों ने विभिन्न पारंपरिक, क्षेत्रीय और आधुनिक व्यंजनों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। छात्रों ने सलीकेदार सजावट, प्रस्तुति कौशल और पाक-कला में अपनी रचनात्मकता का शानदार परिचय दिया। प्रदर्शित व्यंजनों में हिमाचली पहाड़ी पकवानों से लेकर नए ज़माने के फ्यूजन फूड तक विविधता देखने को मिली, जिसे अध्यापकों, अभिभावकों और मेहमानों ने खूब सराहा।

### चंबा की तीन छात्राओं का डेस्क कार्यक्रम में कमाल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या विद्यालय चंबा की तीन प्रतिभाशाली छात्राओं ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग डेस्क (डेवलपिंग एंगेजिंग स्टूडेंट नॉलेज) भविष्य के पत्रकारों को तैयार करने के लिए चलाया जाता है) कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम गौरवान्वित किया है। समग्र शिक्षा के तहत संचालित यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में लेखन कौशल, अनुसंधान क्षमता, रचनात्मक अभिव्यक्ति और स्थानीय विरासत के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। डिजिटल मंच ए-डेस्क रिपोर्टर बच्चों को विषयों की गहराई से पड़ताल करने और अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करता है। कक्षा 10 की छात्रा वैश्वी शर्मा ने एशिया के दूसरे और उत्तर भारत के पहले पावर हाउस भूरी सिंह पावर हाउस पर उत्कृष्ट, शोधपरक लेख लिखा। कक्षा 10 की छात्रा तारामणि ने चंबा की ऐतिहासिक और स्थापत्य धरोहर लक्ष्मी नारायण मंदिर पर अत्यंत सुंदर और सूचनाप्रद लेख प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्रा सुमन कुमारी ने प्राचीन आध्यात्मिक केंद्र धर्मराज मंदिर, भरमौर पर उल्लेखनीय लेख तैयार किया। इन तीनों छात्राओं के लेख ए-डेस्क रिपोर्टर पर प्रकाशित हुए हैं, जो विद्यालय सहित पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

# गोबिंदसागर में डूबे मंदिरों के संरक्षण का करोड़ों का प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में

## मात्र राजनीतिक घोषणा बनकर रह गया जेपी नड्डा का 'ड्रीम प्रोजेक्ट'

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** गोबिंदसागर झील में डूबे ऐतिहासिक मंदिरों के संरक्षण और धार्मिक पर्यटन विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित 1400 करोड़ रुपए का मेगा प्रोजेक्ट आज भी कागजों में ही अटका हुआ है। यह वही प्रोजेक्ट है जिसे उस समय के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने स्वयं बिलासपुर में सार्वजनिक तौर पर अपना 'एम्स के बाद दूसरा ड्रीम प्रोजेक्ट' बताया था। उम्मीद थी कि एम्स की तर्ज पर यह प्रोजेक्ट भी तेजी से आगे बढ़ेगा, लेकिन वर्षों बाद भी न इसका काम शुरू हुआ, न डीपीआर बनी और न ही 100 करोड़ रुपए की वह राशि कहीं दिखाई दी, जिसका दावा तत्कालीन जयराम ठाकुर की सरकार ने किया था।

अनंत ज्ञान स्पेशल



गोबिंदसागर झील बनने के बाद इसमें डूबे बिलासपुर के पुराने मंदिर।

सूत्र बताते हैं कि 1400 करोड़ रुपए की योजना को लेकर केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर कई बैठकें और प्रस्तुतियां हुई थीं। इसका उद्देश्य था गोबिंदसागर के जलस्तर कम होने पर दिखाई देने वाले प्राचीन मंदिरों का संरक्षण, झील क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना, ऐतिहासिक ढांचों का पुनर्जीवन, और बिलासपुर जिले को राष्ट्रीय-स्तर पर एक बड़े आध्यात्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना। प्रोजेक्ट के जरिए हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजन और झील के आसपास स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने की भी योजना थी, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे बिलकुल उलट है।

न तो किसी विभाग के पास डीपीआर का रिकॉर्ड है और न ही 100 करोड़ रुपए की वह राशि जिसके 'जारी होने' का दावा जयराम सरकार ने बार-बार किया। विभिन्न विभागों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कोई अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। कुछ ने कहा कि 'प्रोजेक्ट केंद्र का था, राज्य केवल समन्वयक था', जबकि अन्य अधिकारियों ने कहा कि 'मंत्रालय से कोई ठोस दस्तावेज नहीं आया।'

# डीसी ने पीएम श्री जेएनवी सरोल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने वीरवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में भारी बरसात के कारण हुई क्षति का स्थलीय निरीक्षण किया तथा साथ में रावी नदी के किनारे जाकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालय में बारिश से हुई क्षति का प्राक्कलन तैयार करना सुनिश्चित किया जाए ताकि मरम्मत कार्य किया जा सके। उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ बैठक कर विद्यालय की सुरक्षा, स्वच्छता और छात्रों की सुविधा से जुड़े सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि विद्यालय परिसर को बाढ़ जैसी स्थिति से बचाने के लिए विद्यालय प्रबंधन प्राक्कलन तैयार कर मुख्यालय को भेजना सुनिश्चित करे ताकि रावी नदी की ओर से सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जा सके। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए कि विद्यालय में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि बच्चों में किसी भी प्रकार की बीमारी की संभावना न रहे और परिसर में प्लास्टिक के निष्पादन को लेकर उचित कदम उठाए जाएं ताकि विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनी रहे। उपायुक्त ने प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय से कहा कि समय-समय पर विद्यालय में आपदा प्रबंधन ड्रिल आयोजित की जाए जिसके लिए विद्यालय जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यालय के चारों ओर सोलर फेंसिंग का प्रावधान करना सुनिश्चित किया जाए ताकि बंदर और अन्य जीव-जंतु परिसर में प्रवेश न कर सकें। उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालय में प्रयोग होने वाले पेयजल की नियमित जांच की जाए, ताकि विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## हॉकी कोच साहिल ने सरकार से मांगा 'खेलो इंडिया सेंटर'



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के युवा हॉकी कोच साहिल (एनआईएस), जिन्होंने हाल ही में लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, ग्वालियर (म.प्र.) से पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग सफलतापूर्वक पूरा किया है, बीते काफी समय से चंबा चौगान में बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। खेल को नई दिशा देने की उनकी निरंतर कोशिश अब स्थानीय लोगों में भी सराहे जा रही है। साहिल की मांग है कि सरकार उन्हें चंबा में एक खेलो इंडिया सेंटर उपलब्ध कराए, ताकि वे बच्चों को बेहतर, व्यवस्थित और आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दे सकें। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें यह सुविधा प्रदान की जाती है तो न केवल क्षेत्र के हॉकी खिलाड़ियों को मजबूत प्लेटफॉर्म मिलेगा, बल्कि उनके लिए भी एक स्थायी आय का साधन तैयार होगा। साहिल का मानना है कि सही संसाधनों और सरकारी समर्थन से चंबा में हॉकी को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है, और अधिक से अधिक बच्चे खेलों में उज्ज्वल भविष्य बना सकते हैं। साहिल ने वर्ष 2023 में भारतीय खेल प्राधिकरण बेंगलुरु से 6 सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स, और 2022 से हॉकी इंडिया के प्रमाणित अंपायर के रूप में राष्ट्रीय व ऑल इंडिया स्तर पर लगातार अंपायरिंग का अनुभव हासिल किया है।

# विधायक डॉ. जनक राज से तागी, टाटरी लुडेरा को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सुनारा पंचायत के तागी, टाटरी, लुढेरा गांव के लिए सड़क निर्माण को लेकर वीरवार को एक प्रतिनिधिमंडल भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस राख में मिला। इस दौरान विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके गांव को सड़क सुविधा नहीं मिल पाई है। सुविधा न मिलने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क सुविधा न होने के चलते लोगों को बीमार लोगों को कई बार पालकी पर उठाकर अस्पताल पहुंचाना पड़ता है। सड़क सुविधा न होने के चलते लोगों को रोजमर्रा की चीजों को पीठ पर उठाकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाना पड़ता है। इस



सड़क के बन जाने के बाद यहां के लगभग एक हजार से अधिक लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। हाल ही में शीतकालीन विधानसभा सत्र में विधायक डॉक्टर जनक राज ने इस मुद्दे को विधानसभा में जोर-जोर से उठाया था। तागी, टाटरी, लुडेरा रोड के सवाल पर सरकार द्वारा दिए गए जवाब पर इस प्रतिनिधिमंडल ने विधायक के साथ चर्चा की। जानकारी के मुताबिक इस सडक के लिए सरकार से 2007 में अनुमति मिल गई थी। लेकिन विभाग का ढुलमुल रवैया और स्थानीय लोगों द्वारा निजी भूमि को दान न करने की वजह से इसके निर्माण को ठंडी बस्ते में डाल दिया गया। विधायक ने उपायुक्त चंबा,लोक निर्माण और फोरेस्ट विभाग के उच्च अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए बची हुई औपचारिकताओं को जल्द पूरी कर टेंडर लगवाने को कहा।

## कांग्रेस सरकार का मंडी का जश्न सुपर फ्लॉपः राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर मंडी में आयोजित जश्न को पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सुपर फ्लॉप करार दिया। उन्होंने कहा कि जश्न में आम जनता कम और सरकारी अधिकारी-कर्मचारी ज्यादा नजर आए। सभा स्थल पर रखी गई अधिकांश कुर्सियां खाली ही रही। उन्होंने आरोप लगाया कि भीड़ जुटाने के लिए चलाई गई निगम की बसें भी खाली सड़कों पर दौड़ती रहीं, जिससे सरकार की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

गर्ग ने कहा कि मंडी का कार्यक्रम कांग्रेस की भीतरी गुटबाजी को भी सामने ले आया है। पार्टी का एक बड़ा धड़ा कार्यक्रम से दूरी बनाए रहा, जो दर्शाता है कि सरकार के भीतर गंभीर मतभेद हैं और जनता का भरोसा पहले ही खत्म हो चुका है। उन्होंने सवाल उठाया कि हिमाचल की जनता यह जानना चाहती है कि सरकार आखिर किस बात का जश्न मना रही है। झूठी गारंटियों से सत्ता हासिल करने का। लोक-कल्याणकारी योजनाएं बंद करने का? या प्रदेश को कर्ज में डुबोने का? गर्ग ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले कांग्रेस ने कई बड़े वादे किए थे, लेकिन तीन साल बाद भी एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। बेरोजगार युवा, कर्मचारी, आउटसोर्स स्टाफ, पेंशनर्स और किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं, जबकि सरकार ने तीन वर्षों में किसी भी वादे पर अमल नहीं किया।

## भाजयुमो ने साच में की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के '1 बूथ 10 युथ' अभियान के तहत भाजपा मंडल खज्जियार के बूथ नंबर 16 साच में बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर विशेष रूप से भाजयुमो प्रदेश पॉलिसी एवं रिसर्च संयोजक अभिषेक कश्यप, भाजयुमो जिला महामंत्री सचिन शर्मा, भाजयुमो जिला प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जय सिंह और भाजयुमो जिला सोशल मीडिया संयोजक अबु शर्मा उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो खज्जियार के अध्यक्ष लक्की शर्मा ने की। उन्होंने बूथ स्तर पर युवा मोर्चा की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर ज़ोर दिया।

# झंडूता बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने से परेशानी

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल मुख्यालय के मुख्य बाजार में आज भी सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं है। इससे स्थानीय दुकानदारों, ग्राहकों और विशेष रूप से दूर-दराज से आने वाले राहगीरों को भारी असुविधा हो रही है। बाजार में रोजाना सैकड़ों लोग खरीदारी और अन्य कामों से आते हैं, लेकिन मूलभूत सुविधा न होने के कारण लोगों को खुले में या दूर-दराज की जगहों पर जाना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं और बुजुर्गों को हो रही है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कई बार राहगीर दुकानों में शौचालय जाने के लिए पूछते हैं, लेकिन निजी शौचालय होने के कारण हर किसी को इजाजत देना संभव नहीं होता। इससे दुकानदारों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से मांग की है कि झंडूता बाजार में शीघ्र ही सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया जाए ताकि लोगों को इस मूलभूत समस्या से निजात मिल सके।

**महिलाओं को होती है सबसे ज्यादा दिक्कत**

## अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर डलहौजी में की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर हिलदारी डलहौजी, नगर परिषद डलहौजी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डलहौजी के संयुक्त सहयोग से डलहौजी में एक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के विशेष अतिथि डीएसपी डलहौज़ी मयंक शर्मा थे, जिन्होंने सफाई अभियान को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। स्कूल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए चर्च-भलून रोड पर स्थित मार्ग पर गांधी चौक से बस स्टैंड डलहौजी तक सफाई करते हुए कचरा एकत्र किया। इस पहल का उद्देश्य पर्वतीय क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के महत्व को उजागर करना और युवाओं में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना था। हिलदारी डलहौजी और नगर परिषद ने सभी छात्रों, शिक्षकों और गणमान्य अतिथियों के प्रति उनके सक्रिय सहयोग और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## मौड़ा स्कूल में सजे बाल पुस्तक मेले में स्टूडेंट्स ने जीते इनाम

**अनंत ज्ञान चंबा।** शिक्षा खंड सुंडला के अंतर्गत आने वाली राजकीय प्राथमिक पाठशाला मौड़ा में बाल पुस्तक मेले का आयोजन किया गया। मेले के अंतिम दिन 11 दिसंबर को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों में प्रश्नोत्तरी, पुस्तक पठन, सुलेख लेखन, म्यूजिकल बुक रेस, पुस्तक समीक्षा प्रतियोगिता सहित अन्य पुस्तक गतिविधियों का आयोजन किया गया। पुस्तक मेले के तहत बच्चों ने लगभग 250 किताबें पढ़ीं। 10 बच्चों ने पुस्तक समीक्षाएं प्रस्तुत कीं, आठ बच्चों ने प्रश्नोत्तरी, 12 बच्चों ने सुलेख लेखन में प्रतिभाग किया। पुस्तक समीक्षा में अभय सिंह प्रथम व अर्नव ठाकुर द्वितीय स्थान पर रहे। चित्र समीक्षा में खुशबु, आमना, अर्पित व कार्तिक की टीम विजयी रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अभय सिंह व नैना देवी प्रथम, प्रिंस रावत व आर्यन द्वितीय तथा आशीष और लक्ष्य तृतीय स्थान पर रहे और इनाम पर कब्जा जमाया।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी विश्व की शीर्ष यूनिवर्सिटियों में शुमार : प्रो. बावा

## हिमाचल के 4,306 छात्रों को मिली छात्रवृत्ति और 1101 को रोजगार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सलाहकार प्रो. (डॉ.) आरएस बावा ने बिलासपुर में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि विश्वविद्यालय ने लगातार तीसरे वर्ष एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में भारत की नंबर-1 निजी यूनिवर्सिटी का स्थान हासिल किया है। विश्व यूनिवर्सिटी रैंकिंग-2026 में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी विश्व की शीर्ष 2 प्रतिशत यूनिवर्सिटियों में शामिल हुई है। प्रो. बावा ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय ने 250 करोड़ रुपये का वार्षिक छात्रवृत्ति बजट निर्धारित किया है, जिसके तहत हिमाचल प्रदेश के 4,306 छात्रों ने लाभ प्राप्त किया। वर्ष 2012 से अब तक 1.30 लाख से अधिक छात्रों ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की छात्रवृत्तियों का लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि 2025-26 सत्र में अब तक विश्वविद्यालय के छात्रों को 6,477 रोजगार अवसर प्राप्त हुए हैं, जबकि 2024-25 में 9,500 से अधिक अवसर मिले थे।




पत्रकारों को संबोधित करते चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रो. आरएस बावा।

इनमें 1.74 करोड़ रुपये का सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय पैकेज भी शामिल है। इस वर्ष हिमाचल के 580 छात्रों को रोजगार मिला है, जिनमें बिलासपुर के 33 छात्र शामिल हैं। हिमाचल की शनया त्रेहन को माइक्रोसॉफ्ट से 51 लाख रुपये का पैकेज मिला है। प्रो. बावा ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में विश्वविद्यालय ने 6 करोड़ रुपये की रक्षा छात्रवृत्ति देकर 5,723 छात्रों को सहायता प्रदान की है। वर्ष 2025 में हिमाचल के 105 छात्र इस छात्रवृत्ति के लाभार्थी बने, जो देशभर में सर्वाधिक संख्या है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने शोध और नवाचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। अब तक छात्रों और शिक्षकों द्वारा 5,519 पेटेंट दायर, 5,212 प्रकाशित और 238 पेटेंट स्वीकृत किए गए हैं। इनमें हिमाचल के छात्रों द्वारा 167 पेटेंट दायर किए गए। स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विश्वविद्यालय के तकनीकी व्यवसाय प्रकोष्ठ के माध्यम से 150 से अधिक स्टार्टअप शुरू किए गए हैं, जिनमें हिमाचल के छात्रों के 17 स्टार्टअप भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय में माइक्रोसॉफ्ट, सिस्को, टेक महिंद्रा, आईबीएम सहित विभिन्न कंपनियों द्वारा स्थापित 30 उद्योग प्रायोजित अनुसंधान प्रयोगशालाएँ और 32 उत्कृष्टता केंद्र संचालित हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी को एनएएसी की ए+ मान्यता, एबीईटी तथा एनबीए जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन प्राप्त हैं। प्रो. बावा ने बताया कि अब तक 2,000 से अधिक छात्र विदेशों में अध्ययन, विनिमय कार्यक्रम और प्रशिक्षण कर चुके हैं।

# नयना देवी मंदिर ट्रस्ट के स्थापना दिवस समारोह में करवाई जाएंगी खेल स्पर्धाएं

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**

मां नयना देवी मंदिर ट्रस्ट की स्थापना के 40 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 और 17 दिसंबर को दो दिवसीय भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धा, भक्ति, खेल, संगीत, ज्ञान और संस्कृति के संगम के रूप में आयोजित यह उत्सव स्थानीय समुदाय, विद्यालयों के विद्यार्थियों तथा प्रदेशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह का मुख्य स्थल स्टेडियम (गुफा के समीप) रहेगा, जहां प्रतिदिन प्रातः से खेल तथा शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और संध्या समय भक्ति कार्यक्रमों के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। उपमंडल अधिकारी (नयना देवी) तथा मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल ने बताया कि 16 दिसंबर को प्रातः आठ बजे से जीएमएस घुवांडल, डीएवी लोक शिक्षा संस्था श्री नयना देवी जी तथा श्री शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वॉलीबाल, कबड्डी, कुश्ती, शतरंज, मेज टेनिस और बैडमिंटन जैसे खेलों की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होगा, जो शाम चार बजे तक चलेंगी। इसी दिन प्रातः आठ बजे से स्टेडियम तथा आगमन हाल (बस स्टैंड के समीप) में वाद-विवाद, श्लोक पाठ, प्रश्नोत्तरी, शब्द-लेखन, नमूना प्रस्तुति और चित्रकला जैसी शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन भी होगा। संध्या चार बजे से स्टेडियम में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ भक्ति कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। इस अवसर पर बिलासपुर के चर्चित भजन गायक अभिषेक सोनी भक्ति प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक मास्टर सलीम अपनी सुरीली प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर करेंगे।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, प्रीतो देवी,** माता Army No.JC284596 X Rank Sub (RST) जसपाल सिंह Unit of 310 FD Regt. C/O 56 APO पुत्र श्री राजेंद्र सिंह निवासी गांव कमलाह डाकघर बसारल, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) - 177301, घोषणा करती हूं कि मेरे पुत्र के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम (प्रीतो देवी) Prito Devi & D.O.B. 01.07.1960 के स्थान पर (प्रीतो देवी) Preeto Devi & D.O.B. 01.01.1961 दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं, राजेंद्र सिंह,** पिता Army No.JC284596 X Rank Sub (RST) जसपाल सिंह Unit of 310 FD Regt. C/O 56 APO पुत्र श्री राजेंद्र सिंह निवासी गांव कमलाह डाकघर बसारल, तहसील नादौन, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) - 177301, घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र के सेवा रिकॉर्ड में मेरा नाम (राजिंदर सिंह) Rajinder Singh & D.O.B. 01.07.1953 के स्थान पर (राजेंद्र सिंह) Rajender Singh & D.O.B. 25.12.1953 दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION**
**HAMIRPUR DISTRICT - HAMIRPUR (H.P.)**
No./MCH/E-Tender/CW/Vol-18-2025-26

**SHORT TERM NOTICE INVITING E-TENDERS**

Commissioner, Municipal Corporation, Hamirpur do hereby invite online bids on the website: https://hptenders.gov.in from the eligible contractors/firms for the works as mentioned below:-

| Sr. No | Description | Tender Download start Date | Tender Download End Date | Tender opening date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Publication of E-Tender, Download Tender Document & Online Bid Submission. 5 No. of Civil works) | 10.12.2025 at 10.00 AM | 17.12.2025 till 5:00 PM | 18.12.2025 at 02:30 PM onward. |

**General Instructions:-**

1. Detailed Notice Inviting Tender Document & other related documents, terms and conditions can be downloaded from the website of Himachal Government :-https://hptenders.gov.in or can be seen at any working day in the office of Municipal Corporation Hamirpur during working hours.

Commissioner
Municipal Corporation
Hamirpur (HP)

> **सिद्धांत** की बातें तो पुस्तकों से छांटकर सभी वाद-विवाद में पटु हो जाते हैं, मगर कितने उन सिद्धांतों पर चलते हैं।
>
> -अज्ञेय

## संपादकीय

# सियासी रणनीति और भविष्य की राह

हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने तीन वर्ष पूरे कर लिए हैं और इन तीन वर्षों का सफर चुनौतियों, उतार-चढ़ाव और राजनीतिक घटनाक्रमों से भरा रहा है। सरकार ने मंडी के पड्डुल मैदान में आयोजित जन संकल्प सम्मेलन के माध्यम से अपनी उपलब्धियों को जनता के सामने रखा और अगले दो वर्षों की रूपरेखा भी पेश की। इस सम्मेलन के जरिए कांग्रेस ने न केवल अपने कामकाज का बखान किया, बल्कि 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए मंडी जैसे महत्वपूर्ण जिले में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की शुरुआत भी कर दी। सम्मेलन में आई अपेक्षा से अधिक भीड़ ने कांग्रेस के नेतृत्व को नई ऊर्जा दी और स्पष्ट संकेत दिया कि पार्टी अभी से चुनावी मोड में आ चुकी है।

सुक्खू सरकार का तीन साल का कार्यकाल राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों स्तरों पर बेहद कठिन रहा। राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग के चलते हार सरकार के लिए आज भी दर्द की तरह बनी हुई है। उसके बाद लोकसभा चुनावों में चारों सीटों पर कांग्रेस की पराजय ने पार्टी के मनोबल पर असर डाला। राजनीतिक मोर्चे पर ये झटके किसी भी सरकार को कमजोर कर सकते थे, लेकिन सुक्खू ने परिस्थितियों के बीच अपनी सरकार को स्थिर बनाए रखा। दूसरी ओर, प्राकृतिक आपदाओं ने हिमाचल की कमर तोड़ दी। भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं से प्रदेश में करोड़ों का नुकसान हुआ। राज्य सरकार कई बार यह आरोप लगाती रही कि केंद्र से अपेक्षित आर्थिक मदद नहीं मिल रही, ऐसे में सरकार को राहत और पुनर्वास के काम अपने सीमित संसाधनों और उधारी के सहारे ही करने पड़े। बावजूद इसके सरकार ने आपदा प्रभावितों की सहायता में कोई कमी नहीं छोड़ी और मंडी सम्मेलन में 63 करोड़ रुपए बांटकर इस संदेश को और प्रबल किया कि सरकार संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है।

भाजपा ने सम्मेलन पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि आपदा से जूझ रहे जिले में कांग्रेस जश्न मना रही है। हालांकि सरकार ने 'जश्न' शब्द हटाकर कार्यक्रम का नाम जन संकल्प सम्मेलन कर दिया, लेकिन भाजपा की असली चिंता यह थी कि कांग्रेस ने उसके गढ़ माने जाने वाले मंडी में सियासी हमला बोला है। यह असहजता इसलिए भी समझी जा सकती है, क्योंकि जहां भाजपा ने कई सालों तक मंडी को अपना मजबूत क्षेत्र माना, वहीं अब कांग्रेस इस इलाके में अपनी पैठ बनाने के लिए जमीन तैयार कर रही है। सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने कांग्रेस को भरोसा दिया है कि वह मंडी में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है और यह बात भाजपा को स्वाभाविक रूप से असहज कर रही है।

हिमाचल की राजनीति का एक अनोखा चरित्र यह है कि यहां हर पांच साल बाद सत्ता बदलने की परंपरा रही है। भाजपा ने अपने पिछले कार्यकाल में मिशन रिपीट के लिए भरपूर कोशिश की थी, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस ऐतिहासिक प्रवृत्ति को देखते हुए जब मुख्यमंत्री सुक्खू यह दावा करते हैं कि वह दस वर्षों तक सत्ता में रहेंगे, तो यह उनके आत्मविश्वास और राजनीतिक दृढ़ता का परिचायक है। जयराम ठाकुर द्वारा किए गए उस तंज का भी जवाब सुक्खू ने बेबाकी से दिया, जिसमें जयराम ने कांग्रेस को आगामी चुनावों बाद 'ऑल्टो कार' में फिट करने की बात कही थी। इसके जवाब में सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस 52 सीटर वोल्वो में जीतकर आएगी। इस वाकयुद्ध ने भी प्रदेश की राजनीति को गरमा दिया है और संकेत दिए हैं कि आने वाले वर्षों में राजनीतिक तापमान और बढ़ने वाला है।

अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस मंडी में दिखाए गए जोश और समर्थन को पूरे प्रदेश में वोटों में बदल पाएगी? क्या सुक्खू सरकार वित्तीय संकट, आपदा प्रबंधन और संगठनात्मक मजबूती जैसे अहम मोर्चों पर अगले दो वर्षों में भरोसेमंद प्रदर्शन कर सकेगी? यह भी देखना होगा कि भाजपा किस तरह अपनी रणनीति तय करती है और कांग्रेस की बढ़ती सक्रियता का जवाब देती है। हिमाचल में मतदाता अक्सर सरकार के कामकाज, नेताओं की विश्वसनीयता और संकट की घड़ी में प्रशासन के प्रदर्शन को आधार बनाकर वोट देते हैं।

फिलहाल इतना स्पष्ट है कि सुक्खू ने विपरीत परिस्थितियों में भी सरकार को स्थिर रखा है और कई बार आक्रामक राजनीतिक शैली भी अपनाई है, लेकिन सत्ता दोहराना हिमाचल में आसान नहीं होता, इसलिए आने वाले दो वर्ष सुक्खू सरकार की असली परीक्षा साबित होंगे। जनता तय करेगी कि क्या वह कांग्रेस को दोबारा मौका देती है या परंपरा के अनुसार सत्ता परिवर्तन करती है। अभी के लिए इतना जरूर कहा जा सकता है कि मंडी के जन संकल्प सम्मेलन ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है और हिमाचल की राजनीति में नई हलचल शुरू हो चुकी है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

## आज की प्रमुख हस्ती

### भारत के सिक्सर किंग

**युवराज** सिंह (जन्म 12 दिसंबर 1981, चंडीगढ़) भारत के महान क्रिकेट खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। पंजाबी परिवार में जन्मे युवराज के पिता योगराज सिंह पूर्व भारतीय क्रिकेटर और पंजाबी फिल्मों के अभिनेता हैं, जबकि माता शबनम सिंह एक गृहिणी हैं। युवराज का क्रिकेट सफर 11 वर्ष की आयु में पंजाब अंडर-12 टीम से शुरू हुआ। इसके बाद अंडर-16 और अंडर-19 के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। वर्ष 2000 में मोहम्मद कैफ की कप्तानी में भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप जीता, जिसमें युवराज को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया।



युवराज सिंह
जन्म : 12 दिसंबर,1981

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवराज अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और असरदार गेंदबाजी के लिए प्रसिद्ध हुए। 2007 के टी-20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ उन्होंने 6 गेंदों में 6 छक्के लगाकर इतिहास रच दिया तथा टी-20 में सबसे तेज 12 गेंदों का अर्धशतक बनाया। 2011 विश्व कप में उन्होंने 362 रन और 15 विकेट लेकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया। उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए युवराज को अर्जुन पुरस्कार (2012), पद्मश्री (2014) और फिक्की का प्रेरणादायी खिलाड़ी सम्मान (2014) मिला। मैदान के बाहर भी उनकी संघर्ष-कथा और जज़्बा उन्हें युवाओं के लिए प्रेरणा बनाता है। ■



कविता | अनंत ज्ञान

## एक दिन

मोहिंदर सिंह नदेड़ा
बंजार (लाटीपरी)

**एक** दिन तुम ऐसा भी करना, जरा भी न डरना
देखना कि नेता जी को देवी या देवता का
पटका या चादर कौन और क्यों चढ़ाता है?
उस की यात्रा पर, पटका या चादर ओढ़े नेता को भी तुम पकड़ना
और अच्छी तरह से पूछना कि फूल या फूलमालाओं के साथ
क्या जरूरी ही करना होता है प्रवेश?
किसी देवता की धाम में, विवाह समारोह में या सभा स्थल पर
काफिला, नाच, बाजा-गाजा या शोर-शराबा, कितना जरूरी होता है
एक अच्छे और सच्चे नेता के लिए, कुछ पूछना
इस पर भी और कुछ पूछना, पुरानी पेंशन से प्रेम प्रसंग पर
और जिस दिन तुम कुछ ऐसा करोगे और पाओगे
अपने को भी एक उच्च स्तर का स्वपनद्रष्टा
तब तुम यकीन करना, दिन कम अब शेष हैं कुंभकर्णी नींद के
गवाक्ष जो खुलेंगे उम्मीदों के, गढ़ होंगे कई फतह एक दिन

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# समाज में सौहार्द और सद्भाव बनाए रखना सबका दायित्व

मनुष्य सामाजिक प्राणी है। वह अकेले न तो जी सकता है और न ही पूर्णता प्राप्त कर सकता है। परिवार, पड़ोस, समाज और राष्ट्र मिलकर ही मनुष्य के जीवन को अर्थ देते हैं। इसलिए समाज में शांति, सौहार्द और सद्भाव बनाए रखना केवल सरकार, प्रशासन या कुछ संगठनों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।



विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, गहरा (चंबा)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

एक स्वस्थ, शांतिपूर्ण और प्रगतिशील समाज तभी बन सकता है जब हर व्यक्ति अपनी भूमिका को समझकर सकारात्मक योगदान दे। आज के समय में जब मतभेद, तनाव, प्रतिस्पर्धा और असहिष्णुता बढ़ती दिखती है, तब सौहार्द और सद्भाव का महत्व और भी बढ़ जाता है।

वर्तमान समय में राजनीतिक आलोचना, विवाद, धार्मिक उन्माद फैलाने की घटनाओं ने समाज के मूल भाव को भुलाकर मूल्यविहीन कर दिया है, जो कि स्वस्थ समाज के लिए सकारात्मक परंपरा नहीं है। रही सही कसर युवा पीढ़ी को नशे के गर्त में धकेलने वाले लोगों ने जो उनके भविष्य को अंधकारमय बनाकर धनवान बनने की लालसा है, जहां धन प्राप्ति के अनुचित साधनों से समाज भीतर ही भीतर से खोखला होता जा रहा है। हमें यह बात कभी भी नहीं भूलनी चाहिए कि वर्तमान समय में धार्मिक आस्था के साथ जो लोग धर्म के प्रवर्तक नहीं, बल्कि स्वार्थ साधना के लिए धार्मिक आस्था और भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं, ये लोग सामाजिक सौहार्द और सद्भाव के लिए सबसे बड़ा खतरा है। समाज में ऐसे लोगों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। धर्म, सहिष्णुता और आपसी प्रेम, सहयोग और बंधुत्व की भावना को पल्लवित करता है द्वेष और वैमनस्य नहीं।

सौहार्द का अर्थ है एक-दूसरे के प्रति प्रेम, अपनापन और मैत्रीपूर्ण भाव रखना। सद्भाव का अर्थ है आपसी समझ, सहयोग, सम्मान और एकता का वातावरण बनाना जहां सभी की भावनाओं को समझना और स्वीकार करना और सम्मान प्रदान करना महत्वपूर्ण होता है।

जहां सौहार्द और सद्भाव होता है, वहां हिंसा, नफरत, वैमनस्य और अविश्वास के लिए कोई स्थान नहीं रहता। वहां विविधता को कमजोरी नहीं, बल्कि शक्ति माना जाता है। विभिन्न धर्म, जाति, समुदाय, भाषाएं और संस्कृतियां एक सुंदर बगीचे के फूलों की तरह खिलती हैं, और समाज 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना से आगे बढ़ता है।

सौहार्द सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करता है। जब लोग एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़े होते हैं, अपराध भी घटते हैं



और असामाजिक तत्वों को कोई जगह नहीं मिलती। तीसरा, सद्भाव मानसिक शांति के लिए आवश्यक है। घृणा, विवाद और हिंसा मनुष्य के भीतर भय, तनाव और बेचैनी पैदा करते हैं। इसके विपरीत, प्रेम, सहयोग और संवाद मानसिक संतुलन को मजबूत करते हैं। चौथा, विकास के किसी भी मॉडल में सामाजिक समरसता प्रमुख आधार होती है। चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य, आर्थिक गतिविधि या विज्ञान-सौहार्द ही स्थिर और दीर्घकालिक प्रगति का मार्ग खोलता है। पूर्वाग्रह से ग्रसित जब हम किसी व्यक्ति को उसकी जाति, धर्म, वर्ग या क्षेत्र देखकर जज करते हैं। अज्ञानतावश एक-दूसरे की संस्कृति, परंपरा, भाषा और भावनाओं को न समझने से गलतफहमियां बढ़ती हैं। असहिष्णुता, मतभेद को न स्वीकारना और अपने विचार को ही अंतिम मान लेना। राजनीतिक या सामाजिक उकसावे के कारण कुछ लोग व्यक्तिगत लाभ के लिए समाज में विभाजन फैलाते हैं। सोशल मीडिया का गलत उपयोग-अफवाहें और भ्रामक संदेश बहुत जल्दी फैलकर तनाव पैदा कर देते हैं।

अब प्रश्न यह है कि समाज में सौहार्द और सद्भाव का वातावरण कैसे बनाया जाए? इसका उत्तर भी सरल है-छोटी-छोटी बातें, छोटे कदम मिलकर बड़ा परिवर्तन लाते हैं। परिवार समाज की पहली पाठशाला है। यदि परिवार में प्रेम, अनुशासन, सम्मान और सहनशीलता का वातावरण होगा, तो बच्चे वही मूल्य समाज में लेकर जाएंगे। विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और संवाद की संस्कृति सबसे पहले घर में विकसित होनी चाहिए। हर व्यक्ति की सोच, भाषा, परंपरा, पहनावा और जीवनशैली अलग होती है। यदि हम इन भिन्नताओं को स्वीकार कर लें और उन्हें सम्मान दें, तो समाज में तनाव की जगह सौहार्द स्वत: विकसित होगा।

जब लोग परस्पर सहयोग करते हैं-किसी की मदद करते हैं, किसी का दुख बांटते हैं-तब रिश्तों में गर्माहट आती है और दूरी खत्म होती है। सेवा भाव समाज में एकता की सबसे मजबूत कड़ी है।

युवा समाज की रीढ़ है। यदि युवाओं को नैतिक शिक्षा, मूल्य, संवेदनशीलता और राष्ट्रीय एकता का महत्व सिखाया जाए, तो वे समाज को सकारात्मक दिशा में ले जा सकते हैं। जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र या आर्थिक स्थिति के आधार पर किसी के साथ भेदभाव करना समाज के सौहार्द के लिए सबसे बड़ा खतरा है। समानता और न्याय की भावना को अपनाकर ही एक स्वस्थ समाज बन सकता है। सौहार्द और सद्भाव केवल किताबों में लिखे शब्द नहीं हैं।

ये एक जीवंत संस्कृति है, जिसे हर दिन अपने व्यवहार, विचार और आचरण में लाना पड़ता है। समाज तभी सुंदर बन सकता है जब उसमें रहने वाले लोग सुंदर विचारों को अपनाएं। यदि हर व्यक्ति छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखे, दूसरों की भावनाओं का सम्मान करे और अपने व्यवहार से प्रेरणा दे, तो पूरा समाज एक परिवार की तरह मजबूत हो जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# 19वीं शताब्दी का महान अभियान : जोरावर सिंह और सदूर हिमालय की विजय

19वीं शताब्दी में हिमालय की दुर्गम पर्वत श्रृंखलाओं के बीच संचालित जनरल जोरावर सिंह का अभियान भारतीय सैन्य इतिहास के सर्वाधिक विलक्षण अध्यायों में से एक है। अत्यल्प ऑक्सीजन, बर्फ से ढके निर्जन पठार, असहनीय तापमान और संचार-विहीन वातावरण-इन सबके बीच विजय प्राप्त करना केवल एक भौगोलिक विस्तार नहीं था, बल्कि अदम्य साहस, संगठन क्षमता, रणनीतिक दूरदृष्टि और कठोर अनुशासन का ऐसा उदाहरण था जिसे आधुनिक सैन्य इतिहास भी सम्मानपूर्वक स्वीकार करता है।



डॉ. राकेश कुमार शर्मा
विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग
सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

भारत-चीन सीमा पर वर्तमान सामरिक तनाव को देखते हुए यह अभियान और भी अधिक प्रासंगिक प्रतीत होता है, क्योंकि भू-भाग और जलवायु की वही चुनौतियां आज भी सैनिकों के सामने विद्यमान हैं।

जनरल जोरावर सिंह (1786-1841) को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, ऊंचाई पर युद्ध क्षमता और विस्तृत सैन्य अभियानों के कारण 'भारत का नेपोलियन', 'हिमालय का शेर' तथा 'लद्दाख-तिब्बत विजेता' कहा जाता है। 13 अप्रैल 1786 को हमीरपुर जिले के अंसरा गांव में जन्मे जोरावर सिंह ने 16 वर्ष की आयु में आजीविका की तलाश में घर छोड़ा।

महाराजा गुलाब सिंह की सेना में एक साधारण सैनिक के रूप में उनका सफर प्रारंभ हुआ, किंतु प्रतिभा और पराक्रम के बल पर वे रियासी के किलेदार, राशन अधीक्षक और 1821 में किश्तवाड़ के गवर्नर नियुक्त हुए। 1836 तक वे इस पद पर रहते हुए डोगरा सैन्य-तंत्र को मजबूत करते रहे।

1834 में लद्दाख अभियान की शुरुआत हुई। सिख राज्य के कारण परंपरागत ज़ोजिला मार्ग बंद होने से उन्हें भोट कोल जैसे अत्यंत ऊंचाई वाले कठिन दर्रों से होकर जाना पड़ा। 16 अगस्त 1834 को सुरू घाटी में उनकी लद्दाखी सेना से पहली निर्णायक भिड़ंत हुई।





पांच हजार लद्दाखी सैनिकों ने पहाड़ी पर मोर्चा संभाला था, परंतु जोरावर सिंह ने पहाड़ी युद्ध कौशल और सैनिकों की फुर्ती का उपयोग कर निर्णायक विजय प्राप्त की। स्थानीय जनता की फसलों को नष्ट न करने की नीति ने उन्हें जनता का समर्थन भी दिलाया। पश्क्यूम, सोड और लांग-कारत्से की लड़ाइयों में भी उनकी रणनीतिक सूझबूझ स्पष्ट दिखी।

सोड की लड़ाई में दस दिन तक भीषण संघर्ष चला, जिसके बाद छह हजार लद्दाखी सैनिक बंदी बनाए गए। अंतत: लद्दाख के राजा ने गुलाब सिंह की अधीनता स्वीकार कर ली। विद्रोह के उपरांत 1835-36 की सर्दियों में जोरावर सिंह ने बर्फीले ज़ांस्कर दर्रों को पार करते हुए मात्र दस दिनों से कम समय में 300 मील की दूरी तय की और विद्रोह को समाप्त किया। विश्व इतिहास में यह ऊंचाई पर सबसे तीव्र सैन्य संचरण का अनूठा उदाहरण माना जाता है। उन्होंने लद्दाख में किले, संचार चौकियां तथा प्रशासनिक ढांचा निर्मित कर स्थिर शासन की स्थापना की।

बाल्टिस्तान अभियान में जोरावर सिंह ने सिंधु नदी की गहरी घाटियों और बर्फीले मार्गों की चुनौती के बीच जमी हुई नदी को पार करते हुए स्कार्दू किले पर रात में अचानक धावा बोला और विजय प्राप्त की। स्थानीय शासकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार के कारण बाल्टिस्तान सहजता से डोगरा शासन में शामिल हो गया।

1841 में उन्होंने पश्चिमी तिब्बत की ओर अभियान बढ़ाया। रुडोक, ताशीगोंग और पुरंग पर अधिकार स्थापित कर उन्होंने किलेबंदी, रसद और प्रशासन को संगठित किया। चीनी-तिब्बती सेना के रात्रि हमले के दौरान पहचान हेतु जम्मू राज की जय और शीतला माता की जय के संकेत ने निर्णायक विजय सुनिश्चित की, किंतु कठोर शीतकाल, भारी बर्फ और रसद-संकट के बीच 12 दिसंबर 1841 को टोयो क्षेत्र में वे वीरगति को प्राप्त हुए। उनके पश्चात भी डोगरा सेना ने संघर्ष जारी रखा और 1842 की संधि से पश्चिमी तिब्बत में शांति स्थापित हुई। जोरावर सिंह पर्वतीय युद्धकला और साहस के आदर्श सेनानायक के रूप में आज भी प्रेरणा स्रोत हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# साइबर फ्रॉड के खिलाफ सख्त कार्रवाई वर्तमान समय की मांग

आज के डिजिटल युग में इंटरनेट हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। बैंकिंग, खरीददारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, मनोरंजन और सामाजिक संपर्क तक, हर क्षेत्र में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन जहां तकनीक ने सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, वहीं साइबर अपराध भी उतनी ही तेजी से बढ़ते जा रहे हैं।



केशव शर्मा रसिक
स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं
बिलासपुर (हि.प्र.)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

साइबर फ्रॉड आज समाज के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है, जिससे आम नागरिकों की मेहनत की कमाई, निजी डेटा और सुरक्षा निरंतर खतरे में है। इसीलिए इन अपराधों के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई की जरूरत है।

साइबर फ्रॉड ऐसे अपराधों को कहा जाता है जो इंटरनेट, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया या ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से किए जाते हैं।

अपराधी छल, धोखाधड़ी या तकनीकी हैकिंग के जरिए लोगों की संवेदनशील जानकारी प्राप्त कर आर्थिक और सामाजिक नुकसान पहुंचाते हैं। सामान्यत: साइबर फ्रॉड बैंक खातों और एटीएम कार्ड की जानकारी चोरी करना, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, लॉटरी या इनामी संदेश भेजकर ठगी, ऑनलाइन पेमेंट लिंक, क्यूआर कोड स्कैन कर धोखाधड़ी, सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर पैसे मांगना, फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट बनाकर ठगी, डाटा चोरी, फिशिंग और मैलवेयर का उपयोग आदि रूपों में सामने आते हैं।

वर्तमान समय में साइबर अपराधियों की रणनीतियों में लगातार बदलाव हो रहा है। मोबाइल तकनीक से लेकर यूपीआई भुगतान तक, हर सुविधा का दुरुपयोग करके अपराधी लोगों के बैंक खातों को खाली कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर बड़े शहरों तक, पढ़े-लिखे लोग भी इन जालसाजियों का शिकार हो रहे हैं। चिंता



की बात यह है कि साइबर अपराध का दायरा अब केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और गोपनीयता पर भी चोट पहुंचाता है।

इस प्रकार लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को रोकने के लिए सख्त कानून और त्वरित कानूनी कार्रवाई बेहद जरूरी है। अपराधियों को पकड़ने के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, विशेष साइबर सेल का विस्तार, प्रशिक्षित विशेषज्ञों की नियुक्ति और देशभर में एक संयुक्त निगरानी प्रणाली की आवश्यकता है। सरकार द्वारा जारी राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (www.cybercrime.gov.in) और हेल्पलाइन 1930 के माध्यम से शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं, लेकिन जरूरत है कि इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई हो और मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाए।

साइबर फ्रॉड से सुरक्षा के लिए आम लोगों को भी डिजिटल सतर्कता अपनानी चाहिए।आम लोग लगातार सतर्कता बरतते हुए ओटीपी पासवर्ड या बैंक जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा अज्ञात लिंक, क्यूआर कोड या ऐप डाउनलोड करने से बचें। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी सीमित रखें और किसी भी संदिग्ध कॉल और मैसेज का जवाब न दें।बैंक या पुलिस कभी फोन पर खाते की जानकारी नहीं मांगते, इस बात को हमेशा याद रखें।

अत: साइबर अपराध केवल तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। इसके विरुद्ध सख्त कानून, आधुनिक जांच प्रणाली, डिजिटल निगरानी और जनता में व्यापक जागरूकता अनिवार्य है।

यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो डिजिटल इंडिया का लक्ष्य खतरे में पड़ सकता है। साइबर फ्रॉड तेजी से बढ़ रहा है, इसलिए इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। यही प्रयास हमें एक सुरक्षित, विश्वसनीय और सशक्त डिजिटल समाज की नींव प्रदान कर सकते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# हिमालय का मौन क्रंदन : प्रकृति के क्षरण की करुण कथा

हमारा जीवन उस दिन से समाप्त होना शुरू हो जाता है, जिस दिन हम उन मुद्दों को लेकर चुप्पी साध लेते हैं जो वास्तव में मायने रखते हैं। इन्हीं महत्वपूर्ण मुद्दों में एक है-हमारा हिमालय, जो केवल एक पर्वत श्रृंखला ही नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक धरोहर का मूल आधार भी है।



कनुप्रिया
स्वतंत्र लेखिका
(नूरपुर, हिमाचल प्रदेश)

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

मैंने स्वयं कभी हिमालय को प्रत्यक्ष नहीं देखा, पर बचपन से इसके विराट स्वरूप, अदम्य सौंदर्य और रहस्यमयी आभा के किस्से सुने हैं। पर्वतारोहियों के लिए यह सदैव एक ऐसा आह्वान रहा है, जिसे पार करने की लालसा मनुष्य में स्वत: जाग उठती है।

सदियों से हिमालय को देवताओं का निवास माना गया-किन्नर, गंधर्व, और मायावी शक्तियों का आश्रय स्थल। माता शक्ति का मायका भी इसी पावन पर्वत को कहा गया है, पर आज वही हिमालय बूढ़ा, थका और आहत प्रतीत होता है। इसका मुखड़ा फीका पड़ चुका है, इसकी चट्टानों में जैसे दर्द की लकीरें उभर आई हों। यह रूप किसी प्राकृतिक क्षरण का नहीं, बल्कि मनुष्य द्वारा किए गए क्रूर अत्याचारों का परिणाम है। मौसम परिवर्तन की मार ने हिमालय के शरीर को इस प्रकार झकझोर दिया है कि मानो उस पर कालिख सी जम गई हो। और इस कालिख का एकमात्र कारण है-मनुष्य का बढ़ता लालच। वह इतना अंधा हो चुका है कि उसे यह भी समझ नहीं आता कि जिस सृष्टि में वह पलता-बढ़ता है, उसका आधार भी कहीं न कहीं मनुष्य के कुकृत्यों से आहत होकर छुपने को मजबूर है।

सदियों से प्रकृति हमें चेताती आई है, परंतु हम सबने अपने कानों पर जैसे लालच की टोपी पहन ली है। हिमालय की वे बर्फीली चोटियां, जो कभी शीतलता, शांति और शुद्धता का प्रतीक थीं, अब तेजी से पिघल रही हैं। इसके गर्भ से निकली कल-कल करती नदियां, जो भारत की जीवनरेखा मानी जाती हैं, सूखने की



कगार पर पहुंच रही हैं। आने वाला समय जल संकट के रूप में हमारे सामने एक विकराल रूप लेकर खड़ा हो सकता है। आज भी हिमालय स्पष्ट संकेत दे रहा है-बोतलों में बंद पानी, लगातार चौड़ी होती सड़कें, गिरते पेड़, खोदते पहाड़ और भू-खनन के घाव। हर तत्व अपनी कहानी सुना रहा है, बस सुनने की जरूरत है।

हिमालय हमारे लिए केवल भौगोलिक सुरक्षा कवच नहीं, बल्कि जैव-विविधता का विशाल भंडार भी है। यहां के वन, वन्यजीव, औषधीय पौधे और जल स्रोत संपूर्ण उत्तर भारत की जीवनधारा हैं। हिमालय का काला पड़ जाना केवल पर्यावरण का संकट नहीं, बल्कि सभ्यता के भविष्य पर मंडराता भयावह प्रश्न है। यदि नदियां सूख गईं, यदि पर्वतखंड निरंतर टूटते रहे, यदि ग्लेशियरों का पिघलना तेज हो गया तो आने वाली पीढियां जीवन के उस संघर्ष से गुजरेंगी जिसका अनुमान भी कठिन है।

हिमालय बार-बार हमें चेतावनी देता रहा है- कभी भूकंप के रूप में, कभी भूस्खलन के रूप में, कभी नदियों के उफान से। ये संकेत हैं कि प्रकृति अपनी सीमा पर पहुंच चुकी है। यदि हम नहीं रुके, तो वह एक दिन अपनी शांति-समाधि में डूब जाएगी और तब मनुष्य चाहे कितना भी पुकारे-वह उठ न सकेगी।

हमें यह समझना होगा कि प्रकृति का संतुलन केवल कानूनों और योजनाओं से नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार से सुधरेगा। हमें पेड़ों, पहाड़ों, नदियों और पर्यावरण की रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभानी होगी। तभी हिमालय पुन: अपने पुराने वैभव, पवित्रता और शांति के रूप में खड़ा हो सकेगा, वरना फिर मत कहना-चेताया नहीं, जगाया नहीं।

**(ये लेखिका के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# गेहूं की फसल को चट कर रहे आवारा पशु

## किसानों ने पशु नियंत्रण नीति को लागू करने की उठाई मांग, शुष्क मौसम से भी बर्बाद हो रही फसल

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कई वर्षों से आवारा पशु एवं जंगली जानवर खेती बाड़ी उजाड़ने सहित कई क्षेत्रों में नुकसान करने को लेकर बड़ी आफत बने हैं। मौसम की बेरुखी से आहत हो रहा किसान वर्ग जहां अब नमी सूखे खेतों में धीमी गति से उगी खासकर गेहूं की फसल को एक बार फिर आवारा पशुओं द्वारा चट किए जाने से दुःखी हैं वहीं इधर उधर सींग मारने वाले सांडों से प्रभावित हुए परिवार आदि लोग बार बार सरकार द्वारा आवारा पशुओं को नियंत्रित करने की बड़ी बड़ी झूठी कोरी बातों से इसलिए भी सख्त नाराज एवं गुस्से में हैं क्योंकि पूर्व में संबंधित विभाग द्वारा मवेशियों के कान में टैग लगाए गए थे जो असफल रहे फिर एक बार गणना इत्यादि की बात कर आधुनिक तरीके यानि डिजिटीलाइजेशन के सब्जबाग दिखाकर माइक्रो चिप इत्यादि लगाने के मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखाए गए मगर यह सब धरातल पर न उतरकर केवल हवा हवाई बातें ही साबित हुई हैं जिसका जीता जागता उदाहरण सबके सामने है।शुष्क ठंडे मौसम की मार झेल रहे किसान पहले की भांति आवारा पशुओं एवं जंगली जानवरों के नुकसान को लेकर कुछ खेतों में ही अन्न बिजाई कर एक बड़े भू-भाग में अपनी कृषि योग्य भूमि को किसानी करने से तौबा कर

अनंत ज्ञान मुद्दा



महादेव में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाते हुए आवारा पशु।

चुके हैं। लगातार नुकसान उठा रहे किसान सहित विभिन्न वर्गों के लोगों को आवारा पशुओं से मुक्ति के लिए वर्तमान प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार तथा पूर्व में रही सरकारों ने केवल झूठे आश्वासन देकर गुमराह ही किया है और इस क्षेत्र में ठोस काम की मिसाल कायम करना नाममात्र ही कहा जा रहा है जिसे ओछी राजनीति करने की संज्ञा देकर काम कम और बातें ज्यादा बनाना भी कहा जा रहा है। मन मसोस कर बैठे किसानों में जमना देवी, पुरनू, बबीता, प्रभी देवी, लाहौली देवी, नर्मदा देवी, घंभी देवी, अंजू देवी, पार्वती, रंजू देवी, लक्ष्मी, राजकुमारी, सुलोचना, निर्मला देवी, नानकी, सुमित्रा देवी, रेशमू, प्रिया, ज्योति, रोशन लाल, तुला राम, हीरा, भीम सिंह, धर्मपाल आदि ने मंडी की सांसद कंगना रनौत से पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि वह भारत देश की राजधानी नई दिल्ली में बैठी केंद्र सरकार जो साउथ ब्लाक के अधिकारियों की बातें ज्यादा सुनती है जबकि किसान हित आदि की बातों के लिए मोदी सरकार को अपना दिमाग भी इस्तेमाल करना चाहिए के यहां आवारा पशुओं के लिए शीघ्र ही नियंत्रण नीति बनाने एवं देश भर में कानूनी तौर पर सख्ती से लागू करने की अपनी बात प्रभावी ढंग से रखे ताकि इन आवारा पशुओं की जानलेवा मार से दुःखी वह प्रभावित परिवार भी मुक्ति पा सके जिनके सदस्य इन आवारा पशुओं के सींग मारने से अपनी जान गवां चुके हैं।

# सरकाघाट में पेंशनर्स का सरकार व प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध, समय पर पेंशन जारी करने की उठी मांग



पथ परिवहन पेंशन कल्याण संगठन इकाई सरकाघाट की गेट मीटिंग बस स्टैंड परिसर में प्रधान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पथ परिवहन पेंशन कल्याण संगठन इकाई सरकाघाट की गेट मीटिंग वीरवार को बस स्टैंड परिसर में प्रधान अमि चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 20 से 25 पेंशनरों ने भाग लिया और पेंशन न मिलने के विरोध में काले बिल्ले लगाकर सरकार व प्रबंधन के प्रति भारी रोष व्यक्त किया।पेंशनरों ने बताया कि 11 तारीख होने के बावजूद अब तक पेंशन खातों में नहीं पहुंची है और न ही किसी प्रकार के पेंशन लाभ उपलब्ध करवाए गए हैं। इससे वरिष्ठ नागरिकों को आर्थिक और मानसिक दोनों स्तरों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।संगठन के प्रधान अमि चंद ने पूर्व सरकार और वर्तमान सरकार दोनों पर निशाना साधते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनरों की उपेक्षा लगातार जारी है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार ने भी देनदारियों को समय पर निपटाकर पेंशनरों को राहत नहीं दी और वर्तमान सरकार भी उसी राह पर चल रही है।

पेंशनरों ने चेतावनी दी कि यदि प्रत्येक माह की पहली तारीख से पहले पेंशन खातों में जमा नहीं की गई तो वे इससे भी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार और प्रबंधन से मांग की कि पेंशन वितरण और पेंशन लाभों से संबंधित सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं ताकि बुजुर्गों को राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### रामनगर क्षेत्र में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट 11 केवी सरकाघाट फीडर के अंतर्गत आने वाले 100 केवीए ट्रांसफार्मर, रामनगर क्षेत्र में 13 दिसम्बर को बिजली आपूर्ति प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए सहायक अभियंता विद्युत उप-मंडल सरकाघाट ई. राज सिंह पराशर ने बताया कि सरकारी स्कूल के पीछे स्थित सफेदा का पेड़ काटा जाना है तथा इस दौरान स्कूल तथा उसके आसपास के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उन्होंने विद्युत विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### खुड़ला में कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत विद्युत सब-स्टेशन खुड़ला में 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए सहायक अभियंता बल्द्वाड़ा उमेश शर्मा ने बताया कि विद्युत आपूर्ति 33 केवी आइसोलेटर की स्थापना, 33 केवी खुड़ला-समैला लाइन के टर्मिनल उपकरण हेतु सीटी कनेक्शन, 33 केवी सब-स्टेशन में आइसोलेटर कार्य, पेड़ों की कटाई-छंटाई, ढीले एवं जले जम्परों को कसने, जम्परों की जांच, डीटीआर और 11 केवी जीओ स्विच के रखरखाव कार्य करने के उद्देश्य से बाधित रहेगी।

### राज्यस्तरीय पेंशन दिवस की तैयारियों पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई जोगिंदनगर की बैठक इकाई अध्यक्ष ई.एस.के. ठाकुर की अध्यक्षता में यहां संपन्न हुई। बैठक का संचालन महासचिव एन.आर. वर्मा ने किया। वर्मा ने कहा कि सरकार अपने प्रमुख कार्यक्रमों में कर्मचारियों को ओपीएस देने की बात तो करती है, लेकिन सामानांतर कार्य करने वाले बिजली बोर्ड के कर्मचारियों को पिछले तीन वर्षों से केवल आश्वासन ही मिला है, वास्तविक लाभ अब तक नहीं दिया गया। संगठन सचिव यू.एस. कटवाल ने बताया कि जनवरी 2026 से नए वेतन आयोग की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है, जबकि जनवरी 2016 से देय वेतन आयोग का भुगतान भी आज तक लंबित है। मुख्य सलाहकार ठा. दान सिंह ने कहा कि पूर्व में 10 मेगावाट क्षमता वाले प्रभावित विद्युत गृह में 4-5 शिफ्ट इंजीनियर रखे जाते थे, लेकिन विभाग इन पदों में कटौती की योजना बना रहा है, जो बिल्कुल भी तर्कसंगत नहीं है। इससे स्पष्ट है कि बोर्ड में ब्यूरोक्रेसी तकनीकी कर्मचारियों और इंजीनियरों के साथ भेदभाव कर रही है। बैठक को यू.एस. कटवाल, ठा. दान सिंह, विषण दास बहल और भाग सिंह राणा ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने संगठन में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। बसों की कमी के बावजूद 4 नए सदस्यों सहित कुल 125 सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया।अपने अध्यक्षीय संबोधन में ई.एस.के. ठाकुर ने कहा कि सरकार विद्युत बोर्ड में सिविल विंग समाप्त कर सिविल कार्यों को लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग से करवाने पर विचार कर रही है, जो बिल्कुल उचित नहीं है। इससे स्पष्ट है कि सरकार बोर्ड को कमजोर करने की दिशा में कदम उठा रही है। बैठक में 17 दिसंबर को नगरोटा में आयोजित किए जा रहे राज्य स्तरीय पेंशन दिवस को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। जोगिंदनगर से 65 सदस्य इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### लोकतांत्रिक संस्थाओं को धमकाना शर्मनाक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता द्वारा मंडी में रैली में दिया गया विवादित और उग्र भाषण न केवल लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति अनादर दर्शाता है, बल्कि पूरे प्रदेश में अराजकता फैलाने की मानसिकता को भी उजागर करता है। भाजपा टिहरा मंडल के प्रवक्ता राजीव आर्य ने इस प्रकार की धमकी भरी, असंयमित और सत्ता के दुरुपयोग का संकेत देने वाली भाषा की कड़ी निंदा की है। राजीव आर्य ने कहा कि भाषण में अधिकारियों को निपट देने, रात के अंधेरे में हिसाब करने दोनों हाथों से निपटने और 'डंडे से काम करने' जैसी बातें प्रदेश की प्रशासनिक निष्पक्षता और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला हैं। एक वरिष्ठ नेता व सरकार में उप मुख्यमंत्री का इस तरह कानून-व्यवस्था को धमकाना अत्यंत शर्मनाक है।

### मानवाधिकार हर व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** रविन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर. आर. कौंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि 'मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है। इन अधिकारों का उचित उपयोग तभी संभव है जब हम अपने कर्तव्यों को समझें और उनका पालन करें। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के माध्यम से मानवाधिकारों पर आधारित विविध विषयों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में मानवाधिकारों एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में राजनीति विज्ञान विभाग के प्रो. राकेश कुमार, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. सुनीता पठानिया, तथा अन्य विभागों के प्रोफेसर अशोक पठानिया सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### आशा अध्यापक के 4 पद भरने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा विभाग मंडी द्वारा वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन श्रेणी के अंतर्गत आशा अध्यापक के चार पदों को बैचवाइज भरने के लिए रोजगार कार्यालय सरकाघाट को मांग पत्र भेजा गया है। इनमें अन्य पिछड़ा वर्ग के 1, अनुसूचित जाति के 2 तथा अनुसूचित जनजाति का 1 पद शामिल है। जारी मांग पत्र के अनुसार आवेदक की शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी विषय में 50 प्रतिशत अंकों सहित स्नातक या हिंदी विषय में स्नातकोत्तर तथा भाषा अध्यापक का टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। आवेदक की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष निर्धारित की गई है। रोजगार कार्यालय ने सूचित किया है कि वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन श्रेणी के पात्र आवेदक 30 दिसंबर से पहले अपना नाम ऑनलाइन माध्यम से रोजगार कार्यालय में पंजीकृत करवाना सुनिश्चित करें। ताकि उनकी जानकारी उपरोक्त तिथि से पूर्व उप-निदेशक, प्राथमिक शिक्षा विभाग मंडी को भेजी जा सके। यदि किसी आवेदक को पंजीकरण संबंधी कोई समस्या आती है या पदों से संबंधित अतिरिक्त जानकारी चाहिए, तो वह रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकता है।

## भडियार स्कूल में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय भडियार में वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत सूबेदार मेजर रविंद्र चौहान ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित अभिभावकों एवं स्थानीय जनता को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की प्रस्तुतियों को मुख्य अतिथि ने खूब सराहा।इस अवसर पर आईटीबीपी से सेवानिवृत सब-इंस्पेक्टर प्रेम सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में भाग लिया और मेहमानों का स्वागत किया। मुख्याध्यापक अश्वनी कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों से अवगत कराया तथा मुख्य अतिथि के प्रेरणादायक संबोधन के लिए आभार व्यक्त किया।अंत में मुख्याध्यापक ने अभिभावकों, स्थानीय जनता और समस्त अतिथियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल के मेधावी किए सम्मानित

## विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य, नाटक, योग प्रदर्शन से मोहा सबका मन



लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में जूनियर विंग का वार्षिक समारोह बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में जूनियर विंग का वार्षिक समारोह 2025 बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि सरकाघाट विधानसभा के पूर्व विधायक कर्नल इंद्र सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से किया।

इस वर्ष का थीम 'विंग्स ऑफ ड्रीम रही। जिसके अनुरूप

**पूर्व विधायक इंद्र सिंह ने की बतौर मुख्यातिथि शिरकत**

विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक नृत्य, नाटक, योग प्रदर्शन, संगीत प्रस्तुति तथा वैज्ञानिक गतिविधियां प्रस्तुत कीं। सभी कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि ने विद्यालय ने शैक्षणिक, खेलकूद और सह-शैक्षिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और बच्चों की प्रतिभा को खूब सराहा। कार्यक्रम में विशेष मुख्य अतिथि कर्नल बलबीर ठाकुर, कर्नल खेम सिंह, कैप्टन हंसराज, डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर, प्रोफेसर गुलशन,डॉक्टर राहुल जी रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# नशामुक्ति, स्वच्छता व शिक्षा के महत्व पर दिए प्रेरक संदेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खुड्डी में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य रोशन लाल ठाकुर और उनकी धर्मपत्नी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों और पंचायत

प्रतिनिधियों का स्वागत किया। विद्यालय प्रबंधन समिति की प्रधान मनीषा देवी सहित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें पहाड़ी, पंजाबी, हरियाणवी नृत्य, सोलो गीत, समूह नृत्य और विभिन्न लोक-संस्कृतियों से जुड़े कार्यक्रम शामिल रहे। दर्शकों ने बच्चों की प्रतिभा की खूब प्रशंसा की। प्रधानाचार्य सुरेश कुमार वर्मा ने

**खुड्डी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह**

वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, परीक्षाफल, सहगामी गतिविधियों और आधारभूत सुविधाओं में सुधार की जानकारी साझा की।

मुख्य अतिथि रोशन लाल ठाकुर ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मक क्षमता और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने नशामुक्ति, स्वच्छता और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक संदेश भी दिए। इसके उपरांत वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में रोशन लाल ठाकुर ने विद्यालय को 11,000 की राशि भेंट की और इसे छात्र-हित में उपयोग करने की बात कही।

# टेबल टेनिस उत्तर जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए एसपीयू मंडी की टीम रवाना



टेबल टेनिस उत्तर जोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट के लिए एसपीयू मंडी की टीम रवाना हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चितकारा यूनिवर्सिटी, पंजाब में 12 से 16 दिसंबर 2025 तक आयोजित टेबल टेनिस नॉर्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में एसपीयू मंडी की टीम रवाना हो गई है और टूर्नामेंट में विश्वविद्यालय का शानदार प्रतिनिधित्व करेगी। टीम पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। एसपीयू मंडी की टीम में शामिल खिलाड़ियों में साहिल शर्मा (नबाही), आर्यन ठाकुर (बंजार), रोहित ठाकुर (बंजार), निखिल (लाहौल स्पीति) और बेदेशुतोष (थुनाग) शामिल हैं। टीम का नेतृत्व खेल एवं युवा मामलों के निदेशक प्रो. राजेश शर्मा ने किया, जिन्होंने खिलाड़ियों को पूरे कोचिंग कैम्प में मार्गदर्शन प्रदान किया।

सहायक निदेशक डॉ. हितेश ठाकुर (बॉटनी विभाग) ने भी टीम की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के कोच शुभम शर्मा (नबाही) ने खिलाड़ियों को 10 दिनों तक कोचिंग कैंप के दौरान रणनीतिक प्रशिक्षण दिया,जबकि टीम मैनेजर डॉ. राजेश (फिजिक्स विभाग) टूर्नामेंट के दौरान प्रबंधन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभाएंगे। चितकारा यूनिवर्सिटी में आयोजित यह प्रतियोगिता उत्तर भारत के कई प्रमुख विश्वविद्यालयों के बीच रोमांचक मुकाबलों का केंद्र बनेगी। स्थानीय खेल प्रेमियों और विश्वविद्यालय प्रशासन ने टीम की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है।

## सरकाघाट में इंटर कॉलेज बास्केटबाल चैंपियनशिप का दूसरा दिन

# महिला वर्ग में एमएलएसएम ने बंजार को हराया

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

रविन्द्र नाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट में आयोजित तीन दिवसीय अंतर-महाविद्यालय बास्केटबॉल पुरुष वर्ग चैंपियनशिप का दूसरा दिन आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आज खेले गए मुकाबलों में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया। दिनभर चले मैचों में खिलाड़ियों ने कौशल, टीम वर्क और खेल भावना का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. आर. कौंडल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ युवा पीढ़ी में ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मजबूती देती हैं। महिला वर्ग के मैचों में मंडी, बंजार, सुंदरनगर और सरकाघाट कॉलेजों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। परिणामस्वरूप एमएलएसएम ने बंजार को 65-39 से हराया। दूसरे चरण में एमएलएसएम और



सरकाघाट में इंटर कॉलेज बास्केटबाल चैंपियनशिप में दमखम दिखाती खिलाड़ी।

सरकाघाट के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें एमएलएसएम 39 अंकों पर रही, जबकि सरकाघाट ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 90 अंक अर्जित कर जीत दर्ज की।

पुरुष वर्ग के मैचों में सुंदरनगर कॉलेज, बंजार, मंडी, कुल्लू और सरकाघाट की टीमें आमने-सामने उतरीं। मंडी और कुल्लू के बीच हुए कड़े मुकाबले में मंडी ने 83 अंक बनाए, जबकि कुल्लू ने 91 अंकों के साथ जीत हासिल की। अन्य मैच भी पूरे दिन दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। चैंपियनशिप का अंतिम चरण कल आयोजित होगा, जिसके दौरान विजेता टीमों की घोषणा की जाएगी और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की प्रतिभा और समर्पण ने एक बार फिर साबित किया कि क्षेत्र में खेल के प्रति गहरी रुचि और मजबूत खेल भावना मौजूद है।

## आईटीआई सुंदरनगर में स्वच्छता अपनाने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सुदंरनगर।** अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस पर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय प्रयोगशाला सुंदरनगर द्वारा आईटीआई सुंदरनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विजय चौधरी ने की, जबकि उप प्रधानाचार्य सीता राणा और वैज्ञानिक अधिकारी चमन लाल ठाकुर विशेष अतिथि रहे। लगभग 35-40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चमन लाल ठाकुर ने पर्वत दिवस 2025 की थीम 'ग्लेशियर—पानी, भोजन व आजीविका के लिए महत्वपूर्ण' पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पर्वत जल संसाधनों, जैव विविधता और जलवायु संतुलन के मुख्य आधार हैं। उन्होंने युवाओं को पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने, प्लास्टिक से बचने, कचरा पृथक्करण और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम ने छात्रों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाई।

# प्रत्येक बूथ से सदस्य जोड़कर चुनाव मजबूत करेगा मोर्चा : खेम चंद

## जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा व लड़भडोल के तीनों अनुसूचित जाति मोर्चा मंडलों की बैठक गोलवां में आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

जिला मंडी के जोगिंदर विधानसभा क्षेत्र के जोगिंद्रनगर, चौंतड़ा व लड़भडोल तीनों अनुसूचित जाति मोर्चा मंडलों की बैठक जोगिंद्रनगर विधायक प्रकाश राणा की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान गोलवां में आयोजित की गई। बैठक में जोगिंदर नगर के तीनों मंडलों के मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्रियों व कार्यकर्तायों ने भाग लिया जिसमें आने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में गहन चर्चा की गई।

जिला मंडी अनुसूचित जाति अध्यक्ष खेम चंद संध्याना ने कहा कि हम सभी मंडलों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता विधायक प्रकाश राणा के साथ हैं और उनके साथ कंधे से कन्धा



मिला कर चल कर आगामी विधानसभा चुनावों में उन्हें भारी बहुमत के साथ जीत दिला कर बिधानसभा में भेजनें का वादा करते है।

उन्होंने सभी मण्डलाध्यक्ष, पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्तायों से आग्रह किया है कि प्रत्येक बूथ से दो घरों से एक तथा पांच से दस सदस्य जोड़ने के अभियान कार्यक्रम में तेजी से कार्य करें और आगामी चुनावों में भाजपा को भारी बहुमत से जीत दिलाएं।

वही बैठक में सभी अध्यक्ष और उनके महामंत्री ने विधायक का धर्मशाला विधानसभा सत्र में प्रदेश के हित में अपनी सैलरी का एक रूपया लेने का फैसला लिया आभार व्यक्त किया तथा उनके इस निर्णय पर धन्यवाद करते हए बधाई दी। विधायक प्रकाश राणा ने सभी का स्वागत करते हुए सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्तायों को दिए गए दायित्व को पूरी ईमानदारी से निभाने का आग्रह किया। बैठक में लड़भडोल से मोर्चाध्यक्ष सुभाष चंद, उपध्यक्ष अच्छर सिंह, महामंत्री सोहन सिंह व कार्यकर्ता धनी राम, चौंतडा मण्डल से मोर्चाध्यक्ष देश राज, महामंत्री शशि व मण्डल अध्यक्ष प्रवीम कुमार तथा जोगिंदर नगर मण्डल से मोर्चाध्यक्ष कपिल देव उपाध्यक्ष प्रेम चंद तथा महामंत्री बलविंदर कुमार व विनता देवी उपस्थित रहे।

## केवल एक वेतन लेने के संकल्प पर विधायक प्रकाशा राणा का सम्मान, क्षेत्र में बढ़ी प्रशंसा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** भाजपा मंडल चौंतड़ा द्वारा वीरवार को बीड़ रोड पर विधायक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। सुबह 10:30 बजे आरंभ हुए इस कार्यक्रम को क्षेत्र में बेहद महत्वपूर्ण माना गया, जिसमें भाजपा संगठन के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा स्थानीय जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य जोगिंद्रनगर के लोकप्रिय विधायक प्रकाश राणा द्वारा विधानसभा में लिया गया वह ऐतिहासिक निर्णय रहा, जिसके तहत उन्होंने मात्र 1 वेतन ग्रहण करने का संकल्प लिया है। जनसेवा की भावना से उठाए गए इस कदम ने क्षेत्रवासियों के बीच सम्मान और गर्व की भावना को और प्रगाढ़ किया है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश, जिला व मंडल स्तर के पदाधिकारियों के साथ-साथ सभी मोर्चों की पूर्ण कार्यकारिणी, बूथ त्रिदेव, बूथ कार्यकारिणी, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, महिला मंडल, युवक मंडल तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंडल नेतृत्व ने विधायक राणा के फैसले को जनता के हित में लिया गया साहसिक और अनुकरणीय कदम बताते हुए उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा मंडल ने क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं एवं जनता से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाएं तथा अपनी एकजुटता और समर्थन का संदेश दें।

# न्यूज ब्रीफ

## सहयोगात्मक अनुसंधान पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया विश्वविद्यालय (वीयू) के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया, जिसका नेतृत्व उप कुलपति एंड्रयू फ्रांसिस हिल ने किया। इस दौरे का आयोजन शूलिनी के अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय (ओआईए) ने किया और यह दोनों विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान और वैश्विक शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण था। बैठक में शूलिनी की उपलब्धियों, अनुसंधान क्षमताओं और वैश्विक रैंकिंग पर प्रस्तुति दी गई, जबकि (वीयू) ने अपनी अनुसंधान प्राथमिकताओं और अंतर्राष्ट्रीय जुड़ाव योजनाओं की जानकारी साझा की। प्रतिनिधिमंडल ने एआई और फ्यूचर्स सेंटर का दौरा कर नवाचार पहलों का अवलोकन किया। दौरे का समापन सहयोग बढ़ाने और अगले कदम तय करने की बैठक के साथ हुआ।

## सेवानिवृत्त कर्मियों ने लंबित भत्तों की मांग की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सेवानिवृत्त एसोसिएशन दाड़लाघाट व नम्होल यूनिट की मासिक बैठक बृजलाल ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में वरिष्ठ कर्मचारियों को टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया और द्विवार्षिक चुनाव में प्रेम केशव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार से महंगाई भत्ते व 2016-2022 के लंबित भुगतान जल्द जारी करने की मांग उठाई। बैठक में पेंशन दिवस की शुभकामनाएं भी दी गईं। इसके अलावा दाड़लाघाट के पुराने अस्पताल के पास सार्वजनिक शौचालय की खराब स्थिति व क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों पर सुधार की मांग भी की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रेम केशव ने संबंधित विभाग और अधिकारियों से समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया। बैठक में अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचआईवी एड्स से बचने के उपायों पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट रेड रिबन क्लब की दो छात्राओं द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग जिला सोलन के अंतर्गत रेड रिबन क्लब के बैनर तले एचआईवी एड्स पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में भाग लिया गया। रेड रिबन क्लब की प्रभारी सहायक आचार्य भूवि शर्मा ने बताया कि तृतीय वर्ष से प्रांचल व द्वितीय वर्ष से महिमा ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में एचआईवी एड्स से बचने के उपायों के बारे में चर्चा की गई। कार्यशाला में मुख्य रूप से एचआईवी एड्स की रोकथाम व जन समुदाय में जागरूकता का प्रसारित करने के संदर्भ में विद्यार्थियों को जानकारी मुहैया करवाई गई।

## सोलन में 'एक्स सर्विसेज लीग गोयला' की स्थापना

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन सदर की एक्स सर्विस लीग के तत्वावधान में जिला प्रेसिडेंट वेटरन सूबेदार मेजर सच्चिदानंद शर्मा और मुख्य सलाहकार कैप्टन दिला राम के मार्गदर्शन में नई यूनिट 'एक्स सर्विसेज लीग गोयला' की स्थापना की गई। जिला सोलन और शिमला के पूर्व सैनिकों ने विधिवत रूप से नई कार्यकारिणी का चयन किया। सर्वसम्मति से वेटरन कैप्टन किशन सिंह कंवर को चेयरमैन, कप्तान रूप राम को सीनियर वाइस चेयरमैन, वेटरन सूबेदार मदन लाल को सचिव और कैप्टन बहादुर सिंह कंवर को कोषाध्यक्ष चुना गया। नायक कमल देव और नायब सूबेदार मदन लाल कार्यकारिणी सदस्य बने। लगभग 40 पूर्व सैनिक, एक वीरनारी और अन्य लीग प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी से संगठन में जुड़ने और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया गया। अशक्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं और वीरनारियों की समस्याओं को सुलझाने का संकल्प लिया गया।

## ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** ग्राम पंचायत हाब्बन के ओड़िया घाट में राज्य सहकारी बैंक शाखा हाब्बन द्वारा वित्तीय जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आकाश संगठन की प्रधान रंजना देवी, सचिव पिंकी देवी, कोषाध्यक्ष शकुंतला देवी और हाब्बन ग्राम सेवा सहकारी सभा के कोषाध्यक्ष अभिषेक वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक हिमेन्द्र ठाकुर ने ग्रामीणों को सरकारी वित्तीय योजनाओं, जैसे स्वयं सहायता समूह, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, केवाईसी और अन्य बैंकिंग प्रक्रियाओं के महत्व की जानकारी दी। महिलाओं को ऋण, स्वरोजगार और सशक्तिकरण योजनाओं से अवगत कराया गया। प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

## ऊना के बाथू में फार्मा कंपनी पर बड़ी कार्रवाई

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** औद्योगिक क्षेत्र बाथू में स्थित एक फार्मा कंपनी पर वीरवार रात को ड्रग इंस्पेक्टर और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। यह छापेमारी कंपनी का दवा निर्माण लाइसेंस रिन्यू होने के कारण की गई गई फिर भी वहां बिना अनुमति के दवाइयों का निर्माण जारी था। जांच टीम ने फैक्टरी परिसर के विभिन्न सेक्शनों में छानबीन की। इस दौरान उत्पाद निर्माण गतिविधियों में कई अनियमितताएं पाई गई। टीम को कुछ संदिग्ध रसायन व पदार्थ भी मिले, जिन्हें मौके पर ही सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि एक कंपनी के पास दवाइयों का निर्माण किया जा रहा था, जबकि कंपनी के पास इसके लिए कोई वैध एवं रिन्यू लाइसेंस उपलब्ध नहीं था ड्रग इंस्पेक्टर की ओर से संदिग्ध सैंपल लिए गए हैं, जिन्हें आगे लैब परीक्षण के लिए भेजा जाएगा पुलिस ने कंपनी के दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर और उत्पादन रिकॉर्ड को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों का कहना है कि छापेमारी अभी भी जारी है, और कागजात की पुष्टि तथा रासायनिक नमूनों की रिपोर्ट के बाद कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## मोईन पुलिस ने एक्सीडेंट के आरोपी को ढूंढ निकाला

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मोईन पुलिस ने 4 दिसंबर को चलाली में हुए एक्सीडेंट के अज्ञात बाइक सवार आरोपी को ढूंढ निकाला है, जिसका नाम रोहित कुमार पुत्र दिलबाग राम है। वह गांव और डाकघर दावयाल तहसील फिल्लौर जिला जलंधर पंजाब का रहने वाला है और उसकी उम्र 26 वर्ष है। रोहित कुमार की बाइक का नंबर पीबी33ई 0434 है। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने पुष्टि की कि आरोपी को ढूंढ निकाला गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नेशनल कराटे के लिए मानसी व अमृत का चयन

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमाचल प्रदेश जोमासर मार्शल आर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश कुमार उर्फ बाबी ने जानकारी देते हुए बताया कि 21वीं नेशनल ब्लूस्टी गोल्ड कप 2025खेलकूद प्रतियोगिता जो कि श्री राम मंदिर बिक्रम इन्कलेवी नियर सीमापुरी डीपो दिल्ली में 21 दिसम्बर से आयोजित करवाई जा रही है। जिसमें देशभर के लिए कराटे एवं ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेलकूद प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की मानसी राणा व पंजाब के जिला रोपड़ की अमृत कौर का चयन हुआ है। यह दोनों खिलाड़ी छात्राएं 20 दिसंबर को दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।और 21 दिसंबर को होने वाली नेशनल कराटे एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगी। वहीं, इस चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बढ़िया प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## प्रधान सहित 12 परिवार कांग्रेस में शामिल

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत बैरियां में बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला, जहां मौजूदा प्रधान और भाजपा एससी मोर्चा के मंडल सचिव रहे सुखदेव सिंह ने सरोली और बैरियां गांव के 12 परिवारों सहित कांग्रेस का दामन थाम लिया। यह जॉइनिंग पंचायत बैरियां में सड़क निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान हुई, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदर्शन सिंह बबलू मौजूद रहे। कांग्रेस में शामिल होते हुए सुखदेव सिंह ने कहा कि वे प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और स्थानीय विकास कार्यों से प्रभावित हैं। विधायक बबलू ने नए कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। ग्रामीणों ने भी सड़क निर्माण की शुरुआत को बड़ी उपलब्धि बताया। इस ज्वॉइनिंग को क्षेत्र के आगामी राजनीतिक समीकरणों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## बढ़ूही में 20-21 को ओपन वॉलीबाल टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** उपमंडल बंगाणा के तहत पंचायत बढ़ूही में हर साल की भांति इस बार भी महावीर यूथ क्लब बढ़ूही द्वारा आयोजित तीसरा ओपन वॉलीबाल टूर्नामेंट इस वर्ष 20 एवं 21 दिसंबर को बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। क्लब के पदाधिकारियों के एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि क्लब के टूर्नामेंट के उद्घाटन एवं समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में सम्मानित अतिथियों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट का आयोजन सरकारी हाई स्कूल बढ़ूही, जिला ऊना (हिमाचल प्रदेश) के मैदान में किया जाएगा। एंट्री फीस मात्र 200 रुपए रखी गई है। आयोजन समिति ने बताया कि टूर्नामेंट में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों और टीमों के भाग लेने की संभावना है। पहले दिन आयोजित मैचों में पंचायत क्षेत्र की 4 खिलाड़ी और बाहरी क्षेत्र की 2 खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। पहले दिन विजेता टीम को 5100 रुपए व उपविजेता टीम को 3100 रुपए इनाम दिया जाएगा। दूसरे दिन सभी खिलाड़ियों के लिए टूर्नामेंट ओपन रहेगा। फाइनल मैच में विजेता टीम को 15000 उपविजेता टीम को 11000 रुपए नकद राशि इनाम दिया जाएगा।

# जिला प्रशासन सभी को स्वच्छ पेयजल, प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता सुनिश्चित बनाने के लिए कार्यरत : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन सभी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने एवं प्रत्येक स्तर पर स्वच्छता सुनिश्चित बनाने के लिए कार्यरत है। मनमोहन शर्मा जल शक्ति विभाग के सौजन्य से जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के संबंध में आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

बैठक में डेंगू व डायरिया जैसे जल जनित रोगों की रोकथाम, सुरक्षित पेयजल की उपलब्धतता और साफ-सफाई को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि जल शक्ति विभाग समय-समय पर जल स्त्रोतों का निरीक्षण व जल का परीक्षण कर आमजन को गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। मनमोहन शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सौजन्य से कार्यान्वित किए जा रहे 'स्टॉप डायरिया-2025 अभियान' के अंतर्गत जिले में सघन जागरूकता व स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इनके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह अभियान केंद्रीय पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सहयोग से 31 जुलाई, 2025 तक आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लोगों, विद्यार्थियों तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वच्छ एवं शुद्ध जल और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया।

इस अभियान के तहत सोलन जिले के प्रत्येक शिक्षण संस्थान और प्रत्येक गांव में एक-एक जल परीक्षण फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध करवाई गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर ही जल की गुणवत्ता जांची जा सके। उन्होंने कहा कि इस एक किट के माध्यम से जल के 100 सैंपल जांचे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण के माध्यम से जल जनित रोगों पर समय पर बेहतर नियंत्रण प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस अभियान के साथ जोड़ा जाए, ताकि ग्राम स्तर पर सभी जागरूक बनें और परीक्षण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो। उन्होंने निर्देश दिए कि डायरिया एवं अन्य जल जनित रोगों की रोकथाम के साथ-साथ शीत ऋतु के दौरान संबंधित विभाग तैयारियां पूर्ण रखें, ताकि समय पर चिकित्सीय व अन्य सहायता समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग व जल शक्ति विभाग को नियमित अंतराल पर विभिन्न पेयजल आपूर्ति भंडारण टैंकों और पारंपरिक जल स्त्रोतों का निरीक्षण कर स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक दवाइयों का भंडारण करने के निर्देश भी दिए।

# गुरुद्वारा चौक में ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स के अभाव में बढ़ रही दुर्घटनाएं

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



वाहन चालकों की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के जामनी वाला गुरुद्वारा चौक पर भी ट्रैफिक लाइट्स होनी चाहिए, जिस प्रकार पांवटा साहिब में आए दिन सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिलती हैं।

इसके अनेक कारण माने जाते हैं, लेकिन इस महत्वपूर्ण चौक पर समय-समय पर क्षेत्र के बुद्धिजीवियों और जागरूक युवा भी स्थानीय प्रशासन व पुलिस प्रशासन से आग्रह कर रहे हैं कि जामनी वाला गुरुद्वारा चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने की अनुशंसा करें, ताकि भविष्य में वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें तो राहगीरों को भी कहीं न कहीं सुरक्षा मिलेगी, क्योंकि समय के अभाव व ओवरटेक आदि के कारण इन क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिसका खामियाजा अनेक बार पैदल चल रहे राहगीर च नियमों के अनुरूप वाहन चालकों को भी उठाना पड़ता है। इस प्रकार लोगों ने कहा कि जनहित में उपमंडलाधिकारी पांवटा साहिब और पुलिस प्रशासन से निवेदन करते हैं कि इस क्षेत्र में ट्रैफिक सिग्नल लाइट लगाने की कृपा करें, ताकि भविष्य में वाहन चालक यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, जिस प्रकार जनता और वाहन चालकों के लिए बद्रीपुर चौक पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स की सुविधा देखने को मिलती है। इसी तर्ज पर इस क्षेत्र में भी ऐसी सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। इस प्रकार प्रशासन से उम्मीद करते हैं कि भविष्य में इस गंभीर और चिंतनीय विषय पर जरूर ट्रैफिक सिग्नल लाइट्स की सुविधा उपलब्ध करवाएंगे। इस महत्वपूर्ण मांग को लेकर स्थानीय युवाओं और बुद्धिजीवियों ने पुरजोर मांग दोहराई है जिसमें जैसे अजय ठाकुर, कमलेश चौहान, राजेंद्र चौहान, नितिन कुमार दर्जनों लोगों ने जनहित की इस उचित मांग को स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन के समक्ष उठाने का प्रयास किया।

# पुलिस ने कुनिहार में दो युवकों से 101 ग्राम अफीम व 407 ग्राम चरस बरामद की

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसक क्रम में जब पुलिस थाना कुनिहार की एक टीम थाना क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि कुफ्टू की तरफ से एक स्कूटी पर राजकुमार उर्फ बाजी तथा संजय कुमार नाम के दो व्यक्ति बैठकर कुनिहार की ओर आ रहे हैं, जो मादक पदार्थ अफीम व चरस बेचने का धन्धा करते है, जो आज भी भारी मात्रा में चरस व अफीम को बेचने के लिए लाए है जो इसे कुनिहार क्षेत्र में बेचने की फिराक में है द्ध इस सूचना पर उक्त टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए नाकाबंदी करके स्कूटी को रोककर चैक किया गया।



चैकिंग के दौरान उपरोक्त स्कूटी पर बैठे 2 व्यक्तियों जिनके नाम संजय कुमार पुत्र शालिग राम निवासी गाँव काटल, तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 44 वर्ष व राजकुमार उर्फ बाजी पुत्र अमीचंद निवासी गांव रॉ डाकखाना मंजू तहसील अर्की जिला सोलन उम्र 42 वर्ष मालूम हुए के कब्जा से 101 ग्राम अफीम व 407 ग्राम चरस बरामद की गई जिस पर पुलिस थाना कुनिहार में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान मामले में संलिप्त स्कूटी को जब्त करके कब्जा पुलिस में लिया गया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें अदालत में पेश किया जा रहा है। दोनों आरोपियों के पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। मामले में जांच जारी है

# कोटला नाले में ट्रक दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को नुकसान

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शहर के राजगढ़ रोड स्थित कोटला नाले के पास वीरवार सुबह एक ट्रक के पलटने से सड़क किनारे खड़ी दो गाड़ियां और एक स्कूटी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सोलन से राजगढ़ की ओर राशन की आपूर्ति ले जा रहा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पार्क खड़ी दो गाड़ियों के ऊपर गिर गया। इसकी चपेट में एक स्कूटी भी आ गई। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि दोनों कारें और स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को भी इस हादसे में चोट आई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। ट्रक राजगढ़ की तरफ राशन और सब्जियां लेकर जा रहा था। हादसे में जानी नुकसान नहीं हुआ।

# प्रदेश की सुक्खू सरकार मात्र कागजी योजनाओं तक रह गई है : विनय गुप्ता

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल प्रदेश भाजपा प्रवक्ता विनय गुप्ता ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को कोरी घोषणाओं और कागजी योजनाओं की सरकार बताया है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के कार्यकाल के दौरान इस निकम्मी सरकार की कोई भी योजना धरातल पर नहीं उतर पाई है और अब सरकार अपने तीन वर्ष के फ्लॉप शो को उपलब्धि बताकर जश्न मना रही है। उन्होंने कहा कि यह सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई और सरकार ने चुनाव के दौरान लोगों के लिए की गई 10 गारंटीयों में से एक भी कार्य पूरा नहीं किया। विनय गुप्ता ने कहा कि सुक्खू सरकार की संवेदनहीनता का इससे बड़ा और क्या उदाहरण हो सकता है कि इस सरकार ने जश्न मनाने के लिए उस जिले को चुना जहां भारी बरसात के दौरान सर्वाधिक त्रासदी हुई और सैकड़ो जाने गई । उन्होंने कहा कि मंडी जिले के प्रभावित परिवारों के दर्द पर मरहम लगाने की बजाय यह सरकार दुखी परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रही है। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मण्डी जिले के बाढ़ प्रभावित लोग आज भी राहत और पुनर्वास कार्यों की बाट जोह रहे हैं और सरकार के अधिकारी और मंत्री जश्न मनाने में व्यस्त है। विनय गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश में बरसात में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के बुरे हाल है परन्तु कोई मरम्मत करने वाला नहीं है। दूसरी ओर स्वास्थ्य और शिक्षण संस्थानों में स्टाफ की कमी के कारण लोग भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। विनय गुप्ता ने कहा कि यह सरकार पिछले तीन वर्षों में हर मोर्चे पर फेल हुई है और विकास प्रक्रिया पूरी तरह ठप होकर रह गई है तो फिर ऐसे में सरकार जशन किस बात का मना रही है।

# राजगढ़ की बेटी यामिनी ठाकुर ने झटका स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश यशवंत सिंह परमार विश्वविद्यालय नौणी में बीते दिन आयोजित 14वां दीक्षांत समारोह में जिला सिरमौर के उपमंडल राजगढ़ की ग्राम पंचायत नेरी कोटली के ग्राम नेरी निवासी नरेश ठाकुर व रंजना ठाकुर की पुत्री यामिनी ठाकुर ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान औद्यानिकी से विज्ञान स्नातक की उपाधि उच्चतम समग्रकोटि मध्यमान अंक 8.81/10.00 के साथ पूर्ण की है जिसके प्रमाण स्वरुप इन्हें विश्वविद्यालय स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया द्ध इस समरोह में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला मुख्यातिथि रहे उनके हाथों आज स्वर्ण पदक सम्मान प्राप्त हुआ द्ध यामिनी के माता पिता एक किसान परिवार से संबंध रखते हैं, जिनकी मेहनत व यामिनी की लगन से यह परिणाम हासिल हुआ है।

# यूएई में डिलीवरी राइडर्स और वेयर हाउस पिकर्स के भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** श्रम एवं रोजगार विभाग तथा एचपीएसइडीसी के संयुक्त तत्वावधान में मैसर्ज जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा संयुक्त अरब अमीरात में पुरुष अभ्यर्थियों के डिलीवरी राइडर्स और वेयर हाऊस पिकर्स में विभिन्न पद भरे जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं पास तथा बेसिक इंग्लिश का ज्ञान आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 20 से 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए। रंग दृष्टि-दोष तथा गर्दन और मुंह पर टैटू नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 2500 एइडी मासिक वेतन, प्रतिदिन 10 घंटे ड्यूटी तथा सप्ताह में 6 दिन कार्य करना होगा। इसके साथ ही वेयर हाउस पिकर्स पदों के चयनित अभ्यर्थियों को 1400 एइडी मासिक वेतन, प्रतिदिन 12 घंटे डयूटी तथा सप्ताह में 6 दिन कार्य करना होगा।

# कांग्रेस सरकार मना रही अपनी असफलता का उत्सव : विनय शर्मा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में कथित व्यवस्था परिवर्तन के तीन साल अब जनता के लिए बोझ बन चुके हैं।

उन्होंने कहा कि इन तीन सालों ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस सरकार का शासन सिर्फ अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, झूठे वादों और जनता से विश्वासघात का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का हर दिन प्रदेश को पीछे धकेल रहा है और लोग महसूस कर रहे हैं कि सुखु सरकार केवल सत्ता सुख भोगने के लिए आई है, न कि जनता की सेवा के लिए। विनय शर्मा ने कहा कि ऊना आज जितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है, यह कांग्रेस की वजह से नहीं, बल्कि भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती की प्रतिबद्धता, मेहनत और मजबूत नेतृत्व के कारण है। उन्होंने कहा कि पीजीआई सैटेलाइट सेंटर, बड़े सड़क प्रोजेकट, स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार, पेयजल और सिंचाई परियोजनाएं, युवा और खेल सुविधाओं का विस्तार ये सब भाजपा की देन है।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने ऊना के लिए एक भी ठोस कार्य नहीं किया। उल्टा भाजपा द्वारा शुरू किए गए कई प्रोजेक्टों को लटकाया, रोकने की कोशिश की और कुछ जगह फाइलें ठंडे बस्ते में डाल दीं। कांग्रेस के पास दृष्टि भी नहीं, दिशा भी नहीं केवल दिखावा और प्रचार शेष है। विनय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावों में गारंटियों की बरसात की थी—लेकिन तीन साल बाद भी जनता खाली हाथ है। महिलाओं को 1500-1500 रुपए देने का वादा किया तीन साल बाद एक पैसा नहीं दिया।

# आपदा प्रबंधन शिविर में प्रशिक्षण करके लौटे रोवर्स और रेंजर्स

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय उत्कृष्ठ महाविद्यालय ऊना की रोवर रेंजर इकाई के 18 रोवर्स और रेंजर्स आपदा प्रबंधन शिविर में भाग लेकर लौटे। यह शिविर जल क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र पोंग डैम जिला कांगड़ा में 2 से 9 दिसंबर तक करवाया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के लगभग 12 महाविद्यालयों के रोवर्स रेंजर्स ने भाग लिया जिसमे भिन्न प्रकार की आपदा प्रबंधन की गतिविधियां करवाई गई जैसे तैराकी ,राफ्टिंग आदि। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा ने इन रोवर्स ओर रेंजर्स को इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होने के लिए बधाई दी। रोवर स्काउट लीडर डॉ शाम सिंह बैंस ने इन बच्चों का स्वागत किया।इसी के साथ रोवर दिव्यांश रायजादा ने राष्ट्रीय जंबूरी लखनऊ ( उत्तर प्रदेश) में भाग लेकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

# कमांडेंट जनरल डिस्क अवॉर्ड से नवाजे ऊना के फायर अधिकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अग्निशमन केंद्र ऊना में कार्यरत उपअधिकारी सुरेश कुमार को विभाग में सराहनीय सेवाओं के चलते शिमला में अतिरिक्त महानिदेशक एवं महाआदेशक गृह रक्षा, नागरिक सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग सतवंत अटवाल ने कमाडेंट जनरल डिस्क अवॉर्ड से नबाजा है।

अधिकारी सुरेश कुमार ने ऊना में सोमभद्रा नदी झलेड़ा में बाढ़ में फंसे 5 प्रवासी मजदूरों व पडोगा त्यूणी निर्माणधीन पुल की बाढ़ में फंसे 7 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का बचाव कार्य किया इसी के साथ नंगल सलांगड़ी के उद्योग में बरसाती पानी जमा होने से इकाई में फंसे 43 कामगारों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की । इन बचाव कार्यों में अग्निशमन उप अधिकारी सुरेश कुमार के नेतृत्व में टीम ने रस्सों व लाइफ जैक्ट की सहायता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल कर जान बचाई थी। इनकी सेवाओं को सराहनीय व



अमूल्य करार देते हुए विभाग की ओर से डी जी डिस्क अवॉर्ड से नवाजा गया है। सुरेश कुमार अग्निशमन विभाग में वर्ष 2010 में बतौर फायरमैंन भर्ती हुए। तदोपरांत वर्ष 2020 में पदोन्नत होकर लीडिंग फायरमैंन बने। फिर 2024 बर्ष में सब फायर ऑफिसर अधिकारी बने। पिछले 6 वर्षों में उपअधिकारी ऊना के अग्निशमन केंद्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इतना ही नहीं आग की घटनाओं में सरकारी व निजी संपत्ति को जलने से भी बचाया है। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी अधिकारी के कार्यों की सराहना की गई है। अवॉर्ड मिलने पर सुरेश कुमार ने ए डी जी होमगार्ड्स सतवंत अटवाल व चीफ फायर ऑफिसर संजीव कुमार का तह दिल से आभार जताया है।

# नंगल खुर्द स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया वार्षिक समारोह



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगल खुर्द में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का किया आयोजन।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगल खुर्द में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार, प्रधान ग्राम पंचायत नंगल खुर्द और विशिष्ट अतिथि जयदीप यादव नेस्ले कॉरपोरेट अफेयर ऑफिसर द्वारा द्वीप प्रज्वलित किया गया।

स्कूल के प्रिंसिपल विवेक राणा ने अभिभावकों और अतिथियों के समक्ष संस्थान की शैक्षणिक, सह पाठ्यचर्या विज्ञान और खेल उपलब्धियों को दर्शाते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्राइमरी (अपर और लोअर), माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुंदर पंजाबी लोक नृत्य, श्याम चूड़ी बेचने आया पर नृत्य, जल संरक्षण, महिला सशक्तिकरण पर नृत्य, गिद्दा,भांगड़ा व नशे के खिलाफ लघु नाटिका आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सभी अतिथियों और अभिभावकों ने छात्रों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियों की सराहना की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने 6वीं से सिमरन, गुरवीर, यशवर्धन, 7वीं से नितिन, मोनिका, दिव्या 8वीं से परिणीता, सुनील, दक्ष 9वीं से हरमन, सिमरन, आरुषि 10वीं से दिव्यांश, तमन्ना, नबिता 11वीं से पंकज, अंतिम, पूर्वशी 12वीं से सिमरन, हर्षिता, स्मृति को भी मुख्य अतिथि ने मेधावी पुरस्कार से सम्मानित किया।

# ऊना के प्रख्यात साहित्यकार कुलदीप को मिला राष्ट्रीय पंकस अकादमी पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक कुलदीप शर्मा को साहित्य में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पंजाब कला साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय पंकस अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें जालंधर स्थित प्रेस क्लब हाल में हिंद की चादर श्री गुरू तेग बहादुर जी की 350वीं शहीदी पर्व को समर्पित 29वें वार्षिक अकादमी अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया। ऊना जिले के सुकडीयाल गांव में जन्मे कुलदीप शर्मा अपनी सवेंदनशील और सशक्त रचनात्मक अभिव्यक्ति के जाने जाते हैं। उनके कविता संग्रह 'कवि का पता',और 'आत्महत्या से बचे हुए लोग' तथा उपन्यास 'मलबा' ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। यह कविता संग्रह उनके उत्कृष्ट लेखन कर्म का अनुपम उदाहरण हैं।




## आवारा कुत्तों की नसबंदी व टीकाकरण के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश



उच्चतम न्यायालय के आवारा कुत्तों के प्रबंधन से संबंधित पारित आदेशों के अनुपालन में की बैठक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उच्चतम न्यायालय के आवारा कुत्तों के प्रबंधन और नियंत्रण से संबंधित पारित आदेशों के अनुपालन में, उपायुक्त कुल्लू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में नगर परिषद, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन विभाग के प्रमुख अधिकारियों ने भाग लिया।

उपायुक्त ने आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी और उनसे उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर गहन चर्चा की और प्रभावी समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। इन्होंने पशुपालन विभाग, नगर परिषद को पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम के तहत आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। नसबंदी के लिए मोबाइल टीमों के गठन और निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने पर जोर दिया गया। उन्होंने नगर परिषद और ग्रामीण विकास विभाग को नसबंदी और टीकाकरण के लिए आवारा कुत्तों को पकड़ने और छोड़ने में पशुपालन विभाग की सक्रिय रूप से मदद करने का निर्देश दिया गया है। सभी संबंधित विभागों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आवारा कुत्तों की संख्या और नसबंदी किए गए कुत्तों का सटीक डेटा संकलित करने और नियमित रूप से उसकी निगरानी करने का निर्देश दिया गया। आवारा कुत्तों के लिए अस्थायी आश्रय स्थल (बनाने की संभावना तलाशने और बीमार या घायल कुत्तों के उपचार एवं पुनर्वास के लिए उचित व्यवस्था करने पर बल दिया गया है। उपायुक्त ने कहा, 'उच्चतम न्यायालय के आदेशों का सख्ती से पालन करना हमारी प्राथमिकता है। आवारा कुत्तों की समस्या के स्थायी समाधान के लिए, सभी विभागों को मिलकर एक मानवीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना होगा।

# शुष्क ठंड की मार, बर्फबारी के नहीं दिख रहे आसार

## किसान बागवानों सहित पर्यटन कारोबारियों को बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू/केलांग।** हिमाचल प्रदेश के अन्य जिलों के साथ साथ कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिलों में बारिश-बर्फबारी न होने से शुष्क ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। हालांकि कुल्लू व लाहौल की ऊंची चोटियों पर पिछले दिनों बर्फ के फाहे गिरे, लेकिन निचले क्षेत्रों में अभी भी मौसम लगातार शुष्क चल रहा है।

बर्फबारी व बारिश न होने से जहां किसानों-बागवानों की चिंता बढ़ी है। वहीं, बर्फबारी न होने से पर्यटन कारोबार भी गति नहीं पकड़ पा रहा है। बारिश व बर्फबारी के इंतजार कर रहे किसान- बागवानों के साथ साथ पर्यटन कारोबारी भी मायूस नजर आ रहे हैं। मौसम के इस मिजाज के चलते दोनों जिलों में शुष्क ठंड का प्रकोप जारी है। वहीं, शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहुल स्पीति में तापमान माइनस में होने से नदी नाले, झीलें व झरने पूरी तरह से जम गए हैं। आलम यह है कि इन दिनों लाहौल-स्पीति में ठंड चरम पर है। हालात ऐसे हैं कि रात के समय तापमान माइनस 18 डिग्री से नीचे जा रहा है। इस कारण जिला में इस समय नदी नाले और जलस्त्रोत पूरी तरह जम गए हैं।



पीने के पानी की दिक्कत बढ़ने के साथ ही बर्फबारी न होने पर किसान-बागवानों की चिंता बढ़ गई है। दिन में पारा माइनस 3 से माइनस 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कड़ाके की ठंड की असर इतना ज्यादा है कि की 90 फीसदी नदी नाले झरने और पूरी तरह से जम चुके हैं। वहीं, कुल्लू जिला में हालांकि सुबह शाम ठंड है लेकिन दिन के समय धूप खिल रही है। उधर, दिसंबर माह का दूसरा सप्ताह शुरू हो गया है लेकिन पर्यटन नगरी मनाली अभी बर्फ के फाहों से सराबार नहीं हुई है। बर्फबारी न होने से पर्यटन कारोबारी मायूस हैं साथ ही किसान-बागवान भी बर्फबारी की उम्मीद लगाए बैठे हैं। स्कीइंग के प्रेमी आसमान की ओर टकटकी लगाए बर्फबारी की दुआ कर रहे हैं। भले ही इन दिनों पर्यटन नगरी मनाली में सैलानियों की अच्छी-खासी भीड़ जुटने लगी है लेकिन स्कीइंग जैसी बर्फ की खेलों का आनंद लेने उन्हें लाहुल जाना पड़ रहा है। हालांकि अटल टनल की बदौलत पर्यटक शीत मरुस्थल लाहुल घाटी में दस्तक दे रहे हैं लेकिन मनाली व कुल्लू के अन्य पर्यटन स्थलों में यदि बर्फबारी होती है तो पर्यटकों का जमावड़ा लग जाएगा। सोलंगनाला में स्कीइंग करवाने वाले रूप चंद, गोकल व टीकम राम ने कहा कि बर्फबारी नहीं होने से वे परेशान हैं। उन्होंने कहा कि सोलंगनाला की ढलान स्कीइंग के लिए विख्यात है, लेकिन बर्फबारी न होने से ढलान में किसी तरह की गतिविधियां नहीं हो पा रही हैं। घाटी के बागवान सर्वदयाल, चुनी लाल, इंद्र, पुरोषत्तम, रोशन व दिले राम का कहना है कि इन दिनों घाटी बर्फ से ढक जाती थी लेकिन पिछले कुछ सालों से मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इंद्र देवता जल्द मेहरबान होंगे और घाटी में बर्फ के फाहे गिरेंगे। लिहाजा, कुल्लू-मनाली व लाहौल-स्पीति में बारिश बर्फबारी न होने से किसान बागवान व पर्यटन कारोबारियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं, लेकिन अभी तक बर्फबारी होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे।

### 18 तक फोर बाई फोर वाहनों के लिए खुला रहेगा रोहतांग दर्रा

**उधर,** बर्फ के बीच अठखेलियां करने वालों के लिए खुशखबरी है अभी रोहतांग दर्रा फोर बाई फोर वाहनों के लिए 18 दिसंबर तक खुला रहेगा। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश द्वारा एक आदेश जारी करते हुए रोहतांग की ओर फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही को, संबंधित विभाग से मढ़ी से रोहतांग सड़क की स्थिति की समीक्षा करने के बाद पूर्व में पारित आदेश की शर्तों और नियमों के साथ 18-12-2025 तक बढ़ाया गया है। अगर 18 दिसंबर तक मौसम साफ रहा तो पर्यटक रोहतांग में बर्फ का लुफ्त उठा सकेंगे। बीरवार को मात्र 78 वाहन ही रोहतांग पहुंचे।

## करोड़ों रुपए खर्च कर उत्सव मनाना जनता के घावों पर सीधे वार करना: गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कांग्रेस की सुक्खू सरकार द्वारा पड्डल मैदान में अपने तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित जश्न पर कड़ा हमला बोला है।

ठाकुर ने कहा कि जब मंडी जिला आपदा की भारी मार झेल रहा है और पीड़ित परिवार राहत की प्रतीक्षा में हैं, ऐसे समय में करोड़ों रुपये खर्च कर उत्सव मनाना जनता के घावों पर सीधे वार के समान है।पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री के दावों पर पलटवार करते हुए कहा, 'राज्य आर्थिक संकट में डूबा है और कांग्रेस जश्न में डूबी है,' और पड्डल मैदान में आयोजित यह समारोह इसका सबसे स्पष्ट उदाहरण है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार अपनी विफलताओं आर्थिक अव्यवस्था, बढ़ते कर्ज, गारंटियों की असफलता और प्रशासनिक कुप्रबंधन—को छिपाने के लिए झूठे दावे पेश कर रही है, जबकि ज़मीनी हालात पूरी तरह अलग हैं।गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के समय (वर्ष 2017 के अंत) प्रदेश का कुल कर्ज लगभग 47,906 करोड़ रुपए था, जो अंत तक 75000 हजार करोड़ रुपए था। इसके विपरीत, कांग्रेस सरकार ने तीन वर्षों में 35,000 करोड़ रुपए से अधिक का नया कर्ज उठाया, जिससे प्रदेश वित्तीय संकट के दलदल में फंस गया। ठाकुर ने कहा, जो सरकार हर महीने कर्ज लेकर खर्च चलाने पर मजबूर है, वह भाजपा पर आरोप लगाने से पहले खुद के प्रबंधन का हिसाब दे। पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री द्वारा 7 गारंटियों के पूरे होने के दावे को भी सबसे बड़ा झूठ बताया। उन्होंने कहा कि ये केवल कागजों व भाषणों में पूरी हुई हैं। तीन वर्षों में कांग्रेस ने वादों की फेहरिस्त बढ़ाई, लेकिन किसी भी योजना को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया। आपदा राहत के मामले में भी मुख्यमंत्री के दावे वास्तविकता से मेल नहीं खाते। राहत वितरण में अव्यवस्था और शिकायतों का अंबार है, जबकि हजारों परिवार अभी भी घरों के पुनर्निर्माण की प्रतीक्षा में हैं। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार संवेदनशीलता की जगह राजनीति पर उतारू है। उन्होंने चेतावनी दी कि मुख्यमंत्री के 2027 में 52 सीटों जीतने के दावे जनता की पीड़ा को नजरअंदाज करने जैसा है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्राओं ने आईआईटी मंडी का किया एक्सपोजर विजिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) कार्यक्रम के तहत, पीएम श्री वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर की छात्राओं के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में शैक्षिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आईआईटी मंडी (कमांद कैंपस) में एक दिवसीय एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया गया।इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को स्कूल से बाहर के माहौल में सीखने और बढ़ने का अवसर प्रदान करना था। इसका लक्ष्य छात्राओं में वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देना और प्रत्यक्ष अनुभव से सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करना था। भ्रमण के दौरान, छात्राओं ने आईआईटी फैकल्टी और शोधार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने विभिन्न विज्ञान गतिविधियों, प्रयोगशालाओं का अन्वेषण किया और लाइव प्रदर्शन, टिंकरिंग लैब्स का अवलोकन किया। छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उन्हें गतिविधि-आधारित शिक्षा मिली। इस दौरान, छात्राओं ने आधुनिक रुजस्करशिक्षा में पूछताछ-आधारित शिक्षा को अपनाया। उन्हें विभिन्न नवाचार क्षेत्रों के माध्यम से, विशेष रूप से अभिनव मॉडलों की कार्यक्षमता पर ध्यान केंद्रित करते हुए, पीढ़ीगत अवसरों में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। छात्राओं ने प्रौद्योगिकी की नई दुनिया को करीब से देखा और उन्होंने आईआईटी मंडी के परिसर क्षेत्रों का दौरा कियायह दौरा समग्र रूप से बहुत ही सहायक और प्रेरणादायक रहा। इसने छात्राओं को रचनात्मक और नवोन्मेषी वैज्ञानिक शिक्षा और भविष्य में प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया।

### मंदिर की प्रतिष्ठा में पहुंचे देव बालक महेश्वर

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** हुरला में जोगणी माता के मंदिर की प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए बजौरा के देव बालक महेश्वर अपने लाव लश्कर के साथ हुरला में जोगणिया मंदिर पहुंचे। बालक महेश्वर कमेटी हुरला ने देवता की पूजा अर्चना की व साथ में आए सभी देवलुओं का जोरदार स्वागत किया। उसके उपरांत विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर की प्रतिष्ठा की गई। गौरतलब है कि प्राकृतिक आपदा में मालवा गिरने से यह जोगणी माता का मंदिर क्षतिग्रस्त हो गया था इसका पुनर्निर्माण किया गया और विधिपूर्वक प्रतिष्ठा की गई। इस धार्मिक कार्यक्रम में देव बालक महेश्वर के श्याम लाल कोषाध्यक्ष कमेटी बजौरा, देवलू झाबेराम पहलवान, निक्का राम पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत हुरला, निक्का राम प्रधान कृषि युवक मंडल हुरला, गंगा राम कोषाध्यक्ष बालकामेश्वर कमेटी हुरला आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को दिए पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में वार्षिकोत्सव 'स्मृतम' बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी सेक्रेटरी रविंद्र तलवार और विशिष्टातिथि एआरओ एचपी जोन-सी केएस गुलेरिया रहे। प्रधानाचार्य चंद्रिका मल्होत्रा ने अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया और वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण पर स्किट, बंबल बी डांस, इंडो-वेस्टर्न डांस, योग प्रदर्शन, गरबा, गिद्दा और महाभारत आधारित नाट्य प्रस्तुतियां दीं। दयानंद सरस्वती जी के आदर्शों पर आधारित संवाद भी मुख्य आकर्षण रहा। मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कार दिए और स्कूल मैगजीन 'मधुधरा' का विमोचन किया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ के साथ हुआ।

### लोकगायक इंद्रजीत को समाज सेवा के लिए सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने हिमाचल प्रदेश के सुप्रसिद्ध लोक गायक इंद्रजीत को समाज सेवा और सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया। मंत्री ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। इंद्रजीत लंबे समय से अपने प्रख्यात लोकगीतों के माध्यम से नशा-विरोध, नारी-सम्मान, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लोगों को प्रेरित करते आ रहे हैं। उनके गीत युवाओं के बीच जन-जागरूकता फैलाने का प्रभावी माध्यम बने हैं। हिमाचली संस्कृति के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में इंदर जीत की भूमिका बेहद सराहनीय रही है। उन्होंने हिमाचली टोपी, कुल्लवी पट्टू, धाठू और पारंपरिक परिधानों को लोकप्रिय बनाकर स्थानीय कारीगरों को नई पहचान दिलाई। इसके साथ ही मोनाल पक्षी संरक्षण के लिए उन्होंने प्राकृतिक कलगी के स्थान पर कृत्रिम कलगी के उपयोग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान दिया। अपने कार्यक्रमों के माध्यम से हिमाचल के अनदेखे सांस्कृतिक क्षेत्रों और प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदर्शित कर इंद्रजीत ने इको-पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है। वहीं, विभिन्न सरकारी अभियानों, खासकर नशा मुक्ति अभियानों में उनकी सक्रिय भागीदारी लगातार जन-जागरूकता का आधार बनी हुई है। सम्मान समारोह में मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि- ऐसे कलाकार ही समाज की आत्मा होते हैं, जो अपने गीतों से लोगों की सोच और दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं।

### प्राकृतिक न्याय व निष्पक्ष प्रक्रिया का हवाला दिया

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली होटलियर्स एसोसिएशन के सदस्य गौतम ठाकुर ने एसोसिएशन के विवादित मामलों में उपायुक्त एवं अतिरिक्त पंजीयक कोपरेटिव सोसायटिज़ कुल्लू के आदेश संख्या 6008 दिनांक 2 दिसंबर 2025 पर पुनर्विचार के लिए आवेदन किया है। ठाकुर ने अनुरोध किया कि 25 सितंबर 2023 के बाद सदस्यता प्राप्त 117 व्यक्तियों को एसोसिएशन का वैध सदस्य माना जाए। उन्होंने बताया कि आदेश के अनुपालन में एसोसिएशन के लिए नियुक्त प्रशासक ने 10 दिसंबर 2025 को आयोजित वार्षिक आमसभा में घोषणा की कि ये सदस्य वैध नहीं हैं। वार्षिक आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मत रूप से इन 117 सदस्यों की सदस्यता बहाल करने की मांग की। ठाकुर ने कहा कि आदेश पर पुनर्विचार प्राकृतिक न्याय और निष्पक्ष प्रक्रिया के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने उपायुक्त के ध्यान में लाया कि एसोसिएशन के सदस्य इंद्र सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका सीओपीसी 1172/2025 दायर की है और आगामी कार्यकारणी गठन के आदेश 18 दिसंबर 2025 से पहले जारी होने हैं। ठाकुर ने चेतावनी दी कि 117 सदस्यों को मतदान से वंचित करना एसोसिएशन की लोकतांत्रिक प्रकृति, प्रतिनिधिक संरचना और आगामी चुनावों की पारदर्शिता एवं वैधानिक वैधता को प्रभावित करेगा। उन्होंने आग्रह किया कि आदेश पर पुनर्विचार कर इन सदस्यों की सदस्यता बहाल की जाए और आगामी चुनावों में उन्हें मतदान का वैधानिक अधिकार प्रदान किया जाए, ताकि कोई प्रक्रियात्मक या लोकतांत्रिक असंगति उत्पन्न न हो।

## फायरबॉल एक्सट्रीम के खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

**अनंत ज्ञान, मनाली**

इटली में आयोजित फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज वर्ल्ड कप 2025 में भाग लेने वाले भारतीय टीम के होनहार खिलाड़ी गोशाल गांव की मुस्कान ठाकुर अलेउ की दीपिका व अलेउ के ही लक्ष्य ठाकुर बीरवार को अपने डेलीगेट उत्सव सोनी के साथ मनाली पहुंचे।

सभी खिलाड़ियों का मनाली के आईबैक्स चौक में ढोल नगाड़ों व फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। आईबैक्स चौक से अटल चौक तक परिजनों व लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। तीनों खिलाड़ियों के परिजन उनका स्वागत करने मनाली के माल रोड में एकत्रित हुए। गौर हो कि भारतीय टीम ने फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज वर्ल्ड कप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से इस टीम ने देश का मान बढ़ाया है। हिमाचल प्रदेश सहित कुल्लू मनाली के लिए गौरव की बात यह है कि इस टीम के अधिकतर खिलाड़ी जिला कुल्लू से हैं।



कुमार कोच कटराई ने इस टीम के खिलाड़ी एवं कोच विजय ठाकुर भी मनाली विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखते हैं कोच विजय कुमार ने बताया कि वर्षों की मेहनत और अनुशासन ने आज उन्हें वर्ल्ड कप के यह मंच दिलाया। डेलीगेट उत्सव सोनी ने मनाली में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि फायरबॉल एक्सट्रीम चैंपियनशिप में पहली बार भारत की टीम ने क्वालिफाई कर फायरबॉल एक्सट्रीम चैलेंज वर्ल्ड कप 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक लेकर इतिहास रचा है। उन्होंने बताया कि इस टीम का नेतृत्व और प्रतिनिधित्व मनाली कुल्लू के इन युवा खिलाड़ियों ने किया। जिन्होंने साधारण सरकारी स्कूल के मैदान में अभ्यास करते-करते अंतरराष्ट्रीय स्तर तक का सफर तय किया। इन युवाओं ने किसी बड़े स्टेडियम में नहीं, बल्कि मनाली व कटराई के सरकारी स्कूल के साधारण मैदान में निरंतर अभ्यास कर अपनी तैयारी पूरी की और यह सराहनीय मुकाम हासिल किया। विजय कुमार ने बताया कि जुलाई 2025 में इटली और मेक्सिको से आए अंतरराष्ट्रीय कोचों ने मनाली में तीन सप्ताह का बूटकैंप आयोजित किया था, जिससे खिलाड़ियों को वर्ल्ड-क्लास ट्रेनिंग मिली। टीम मैनेजर भूपेंद्र ने बताया कि इस वर्ड कप में यूएसए, मैक्सिको, स्पेन, इटली, साइप्रस, युगांडा, कनाडा और भारत ने भाग लिया। मनाली का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने के लिए विधायक भुवनेश्वर गौड़ सहित पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर ने कोच विजय ठाकुर, प्रबंधक भूपेंद्र ठाकुर तथा पूरी टीम को बधाई देता हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कांग्रेस की मंडी रैली फ्लॉप शो, न घोषणा, न राहत पैकेज, जनता लौटी खाली हाथ: अखिलेश

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

कांग्रेस सरकार द्वारा मंडी में आयोजित तीन साल के जश्न पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि यह रैली उत्सव नहीं, बल्कि तीन साल की विफलताओं, झूठी गारंटियों और जनविरोधी फैसलों का खुला प्रदर्शन थी।

उन्होंने कहा कि मंच पर चली बयानबाजी ने साफ कर दिया कि कांग्रेस सरकार भीतर से बिखर चुकी है और नेतृत्व पूरी तरह कमजोर पड़ चुका है। अखिलेश कपूर ने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा मंच से अपने ही मुख्यमंत्री को असक्षम और निर्णयहीन करार देना और प्रदेश प्रभारी द्वारा इस टिप्पणी को सही ठहराना हिमाचल की राजनीति में अभूतपूर्व है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस नेताओं को शासन की नहीं, बल्कि आंतरिक खींचतान की चिंता है। उन्होंने कहा कि जब सरकार के पास जनता को दिखाने के लिए कोई काम नहीं होता, तब वह धमकियों की भाषा अपनाती है। उपमुख्यमंत्री के 'रात में रगड़ देंगे, नेस्तनाबूद कर देंगे' जैसे बयान हिमाचल की राजनीतिक परंपरा पर सीधी चोट हैं। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस सरकार बताए कि आखिर किस उपलब्धि का जश्न मनाया गया क्या यह जश्न झूठी गारंटियों का था? क्या यह जश्न



हिमकेयर, सहारा, शगुन और ग्रहणी सुविधा जैसी योजनाएं बंद करने का था? क्या यह जश्न बिजली-पानी के भारी बिल, टैक्सों में बढ़ोतरी और विधायक निधि बंद कर विकास रोक देने का था। उन्होंने कहा कि मंडी जैसे आपदा-ग्रस्त जिले में जश्न मनाना जनता की पीड़ा के प्रति सरकार की संवेदनहीनता है, जहां लोग राहत और मुआवजे के इंतजार में हैं, वहीं सरकार तामझाम में व्यस्त है।

## कुल्लू में मनाया पर्वतीय दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान मोहल कुल्लू और राजकीय कॉलेज कुल्लू के द्वारा आपसी सहयोग से अंतराष्ट्रीय पर्वतीय दिवस कुल्लू कॉलेज में मनाया गया। इस अवसर पर, जीबी पंत संस्थान के वैज्ञानिकों ने कार्यक्रम में ग्लेशियरों के महत्व तथा जल, खाद्य और आजीविका सुरक्षा तथा उनके प्रभाव पर चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियरों के तेजी से पिघलना हिमालयी क्षेत्र के लिए गंभीर चुनौती व पर्वतीय पारिस्थितिकी संरक्षण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर विषयगत व्याख्यान, पैनल चर्चा एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों व प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. आरके सिंह, हेड जीबी पंत संस्थान के द्वारा स्वागत भाषण से किया गया।

## नप भुंतर की अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में 26 को बैठक

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

नगर पंचायत भुंतर की अध्यक्ष रविंद्रा डोगरा के विरुद्ध 25 नवंबर को 7 में से 5 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। यह अविश्वास प्रस्ताव पार्षद कर्ण ठाकुर वार्ड 1, मीना ठाकुर वार्ड 2, अजय किशोर उपप्रधान नगर पंचायत भुंतर वार्ड 4, पवन कुमार पार्षद वार्ड नंबर 5, उर्मिला देवी वार्ड 6, ने लाया और डीसी कुल्लू को प्रस्ताव की प्रति सौंपी। उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव में अध्यक्ष पर आरोप लगाया है कि नगर पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता का अभाव दिख रहा है।

विकास कार्यों में अनियमितता और पक्षपात किया जा रहा है। इसके साथ नगर पंचायत के हितों की अपेक्षा की जा रही है। उपायुक्त, कुल्लू ने पत्र संख्या डीसी/केयूएल/एलएफएन/एनपी भुंतर/1473 दिनांक 05-12-2025 के माध्यम से हिमाचल प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 और हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 के तहत आगे की कार्रवाई करने के लिए अधोहस्ताक्षरी को अधिकृत किया है। इसलिए डीसी कुल्लू तोरूल एस. रवीश ने एसडीएम कुल्लू निशांत कुमार को इस बारे जिम्मेदारी सौंपी है। एसडीएम कुल्लू निशांत कुमार ने हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 की धारा 92 (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर पंचायत भुंतर की एक विशेष बैठक दिनांक 26 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे भुंतर, जिला कुल्लू स्थित नगर पंचायत कार्यालय के बैठक कक्ष में रविंद्रा डोगरा अध्यक्ष नगर पंचायत भुंतर के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में बुलाई है। भुंतर नगर पंचायत के सभी निर्वाचित सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर बैठक में उपस्थित रहें, क्योंकि प्रस्ताव पर उक्त अधिनियम/नियमों के अनुसार ही विचार किया जाएगा। रविंद्रा डोगरा 10 सितंबर, 2024 को अध्यक्ष बनी थीं। वह भी पूर्व अध्यक्ष मीना के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर अध्यक्ष की कुर्सी पर विराजमान हुई थीं।

## सैनिटेशन मिशन की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने वीरवार को डिस्ट्रिक वॉटर एंड सैनिटेशन मिशन की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जानकारी दी गई कि जल जीवन मिशन एक अंतर्गत जिला के सभी घरों को जलआपूर्ति नल के माध्यम से करने के कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कर दिया गया है। इसके अंतर्गत जिले में छह विकासखंडो हैं तथा इनमें 1 लाख 13 हजार 905 घरों को इस योजना के अंतर्गत जोड़ने का कार्य पूर्ण किया गया है, जबकि जल जीवन मिशन दो के अंतर्गत जनभागीदारी के साथ इस मिशन कि अधोसरचना की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा इसके रख रखाव को बेहतर बनाने पर बल दिया गया है। बैठक की कार्यवाही का संचालन अधिशाषी अभियंता जलशक्ति अमित कुमार ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## गुशैणी स्कूल बना जज्बे की मिसाल

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैणी ने प्राकृतिक आपदा में अपना भवन खो दिया, पर उसने अपनी रूह नहीं खोई। परिस्थितियां बदलीं, चुनौतियां बढ़ीं, स्थान नया हुआ लेकिन बच्चों, शिक्षकों और स्कूल प्रबंधन का जज्बा पहले जैसा ही मजबूत बना रहा।

इस बार यह समारोह हर बार की तुलना में बिलकुल अलग था। बदले माहौल और सीमित संसाधनों के बावजूद कार्यक्रम का सफल आयोजन विद्यालय की अद्भुत एकजुटता और संकल्प को दर्शाता है। स्कूल प्रबंधन, अध्यापक वर्ग और सहयोग देने वाले सभी दानी लोगों का प्रयास वास्तव में काबिले तारीफ़ है। विपरीत हालात में भी शिक्षा की मशाल को जलाए रखने का यह जज्बा पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। गुशैणी विद्यालय ने साबित किया है कि इमारतें टूट सकती हैं, लेकिन हिम्मत, मेहनत और एकता के दम पर सपनों की नींव हमेशा मजबूत रहती है। प्राकृतिक आपदा के बावजूद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुशैणी ने बुधवार को अपने नए स्कूल परिसर बाड़ीरोपा में अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी राजा हिर मल्होत्रा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश्वर प्रसाद डोड, महेन्द्र चौहान उपप्रधान ग्राम पंचायत कंडीधार और भवन भारती भारती शामिल रहे।स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, अभिभावक



तथा विद्यालय के सभी अध्यापक, अध्यापिकाएं और स्थानीय लोग भी काफी संख्या में मौजूद रहे। सभी का विद्यालय परिवार की ओर से पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य केएल शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह विद्यालय वर्ष 1924 में प्राथमिक पाठशाला के रूप में स्थापित हुआ था। 1966 में मिडिल, 1973 में हाई स्कूल और 2002 में वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के रूप में उन्नत किया गया है।उन्होंने कहा कि विद्यालय प्राकृतिक आपदाओं की मार लगातार झेलता आ रहा है। वर्ष 2005 और 2023 की बाढ़ तथा 2024-25 के बड़े भूस्खलन ने विद्यालय भवन और इस क्षेत्र को पूरी तरह असुरक्षित बना दिया। वर्तमान सत्र की पढ़ाई जारी रखने के लिए विद्यालय को तुरंत वैकल्पिक भवन में स्थानांतरित करना पड़ा।

# सैंज में अस्थायी मार्केट के विरोध के बीच अब प्रशासन का हस्तक्षेप

## सैंज पुलिस को अस्थायी बाजार की अनुमति जांच व दस्तावेज चैक करने के आदेश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सैंज में खुल रहे अस्थायी बाज़ार के विरोध के स्वर और तेज हो रहे हैं। वहीं, लगातार हो रहे विरोध के बीच अब स्थानीय प्रशासन ने भी इस मामले पर हस्तक्षेप किया है।

वीरवार को प्रशासन ने पुलिस, व्यापार मंडल व देवता कमेटी के साथ बैठक आयोजित कर स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में व्यापारियों ने दो टूक कहा कि अस्थाई बाजार की अनुमति से स्थानीय दुकानदारों के कारोबार पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही स्कूल क्षेत्र के आसपास बाज़ार लगने से बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। तहसीलदार सैंज ने सभी पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस थाना प्रभारी को अस्थाई बाजार की अनुमति जांच व दस्तावेज चैक करने के आदेश जारी किए हैं। तहसीलदार सैंज नरेंद्र कुमार ने कहा कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का अस्थाई बाज़ार संचालित नहीं किया जाएगा तथा जल्द ही इस मामले पर अगला निर्णय लिया जाएगा। बैठक के बाद व्यापार मंडल ने उम्मीद जताई है कि



तहसीलदार सैंज ने बैठक कर ली पूरी जानकारी।

प्रशासन जल्द ही ठोस कदम उठाकर वर्षों से चल रहे नियमित दुकानदारों के हितों की रक्षा करेगा। सैंज में खुल रहे अस्थाई बाजार को लेकर उपजी स्थिति पर प्रशासन ने वीरवार को महत्वपूर्ण बैठक बुलाई। तहसीलदार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस विभाग, व्यापार मंडल सैंज तथा देवता कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी पक्षों ने अस्थायी बाजार से उत्पन्न हो रही अव्यवस्थाओं तथा स्थानीय दुकानदारों की चिंताओं पर विस्तृत चर्चा की।


व्यापार मंडल ने मांग उठाई कि अस्थायी बाजार को व्यवस्थित तरीके से बंद किया जाए, ताकि स्कूल परिसर तथा स्थानीय दुकानदारों का व्यवसाय प्रभावित न हो। देवता कमेटी के सदस्यों ने भी क्षेत्र में शांति व व्यवस्था बनाए रखने पर जोर देते हुए प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की अपील की। तहसीलदार ने सभी पक्षों की बात सुनने के बाद कहा कि प्रशासन समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में कार्य कर रहा है और बहुत जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी जाएगा। सैंज में अस्थायी बाजार संचालन को लेकर चल रहे विवाद के बीच प्रशासन भी अब पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में तहसीलदार सैंज ने अस्थाई बाजार की अनुमति संबंधी समस्त प्रक्रिया की जांच के लिए थाना प्रभारी सैंज को आवश्यक आदेश जारी कर दिए हैं। तहसीलदार ने पुलिस विभाग से कहा है कि यह पता लगाया जाए कि अस्थाई बाजार लगाने की अनुमति है या नहीं इसकी जांच की जाए। साथ ही यह भी जांचने को कहा गया है कि अनुमति प्रक्रिया में कोई नियमों का उल्लंघन तो नहीं हुआ है। इस मामले को लेकर पिछले कुछ दिनों से व्यापारियों व स्कूल प्रबंधन में रोष बना हुआ है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा उचित कार्रवाई की मांग उठाई थी। जांच आदेश जारी होने के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि पूरे प्रकरण की हकीकत जल्द ही सामने आएगी और प्रशासन स्थिति को स्पष्ट करने के लिए ठोस कदम उठाएगा। इस अवसर पर देवता कमेटी के सदस्य करण सिंह, थाना प्रभारी सैंज छजू राम,व्यापार मंडल सैंज के अध्यक्ष झावे राम ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलदेव, उपाध्यक्ष वीना, कोषाध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर, सचिव रेनू दीपक, जीवन लाल व सनदूप चौध आदि उपस्थित रहे।

## लाल चंद प्रार्थी स्वयं में एक पूर्ण संस्थान: सत्य प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश के पहले संस्कृति और सहकारिता मंत्री शेरे कुल्लू लाल चंद प्रार्थी की 43वीं पुण्य तिथि भुट्टिको के सभागार में आयोजित की गई।

इसमें सर्वप्रथम उनके चित्र पर श्रद्धांजलि के फूल अर्पित किए गए तथा दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत नेता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष ठाकुर सत्य प्रकाश ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रार्थी जी स्वयं में एक पूर्ण संस्थान थे जिनके भीतर कला, संस्कृति, साहित्य, समाज सेवा, कृषि ज्ञान, स्वास्थ्य, आर्युवेद, सहकारिता, पहाड़ी समाज के उत्थान का चिंतन सदैव मुखर रहता था। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में मंत्री रहते हुए डॉ. यशवंत सिंह परमार के साथ जिस भी मंत्रालय में रहे अभूतपूर्व विकास कर अपनी विशेष पहचान को स्थापित किया है। कला क्षेत्र के लिए कुल्लू का कलाकेंद्र, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कुल्लू का अस्पताल, शिक्षा के लिए कॉलेज की स्थापना जैसे कार्य इनके जीवंत उदाहरण हैं। सत्य प्रकाश ने कहा कि साहित्य के लिए उनकी लिखी पुस्तक कुल्लूत देश की कहानी आज एक ऐतिहासिक पुस्तक के रूप में चर्चित है जो कई शोधार्थियों के लिए एक प्रमुख माध्यम है। कुल्लू के हथकरघा



उत्पादों में कुल्लू का पट्टू और टोपियों आदि को प्रसिद्ध करने में प्रार्थी जी और उनके परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो भुट्टिको के लिए सहायक सिद्ध हुई है। देश प्रेम के प्रति प्रार्थी जी हमेशा समर्पित रहते थे देश की स्वतंत्रता के लिए उनका योगदान प्रमुख रहा है। बेगारी प्रथा को समाप्त करने के लिए उन्होंने अंग्रेजों की मुखालफत कर उनसे सीधा मुकाबला किया था। भुट्टिको में प्रार्थी के नाम पर पहाड़ी भाषा, कला संस्कृति व सभ्यता संवर्धन के लिए पहाड़ी भाषा कला संस्कृति राष्ट्रीय पुरस्कार प्रति वर्ष प्रदान किया जाता है और इसी याद में एक शानदार सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होता है।

# अधूरी बस्सी-तताहर सड़क पर ग्रामीणों का हंगामा

## निर्माण कार्य अधूरा छोड़ मशीनरी ले जा रही कंपनी को ग्रामीणों ने रोका, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शांत कराया विवाद

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत एफडीआर तकनीक से बन रही बस्सी-तताहर सड़क पर गुरुवार सुबह उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब निर्माण कंपनी निर्भया कंस्ट्रक्शन का स्टाफ अधूरा काम छोड़ मशीनरी को दूसरी साइट पर ले जाने लगा। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुँचकर कंपनी कर्मचारियों को घेर लिया और काम पूरा किए बिना न जाने की चेतावनी दी।

लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सड़क का कार्य पिछले एक वर्ष से लटका हुआ है। धीमी प्रगति के कारण दुकानदारों और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल-मिट्टी के कारण दुकानों का सामान खराब हो रहा है, जिससे कारोबारियों को लाखों का नुकसान हो चुका है। उधर, खराब सड़क पर लगातार चलने से वाहनों को भी क्षति पहुंच रही है। पपलाह पंचायत के प्रधान अंकुश सैणी को जैसे ही मशीनरी हटाने की भनक लगी, वे तुरंत मौके पर पहुंचे। खड्डू बाजार के उपप्रधान शशिकांत शर्मा ने बताया कि कंपनी का एक टिप्पर जा चुका था, लेकिन सड़क साफ करने वाले ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने रोक लिया। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने कंपनी को अधूरा काम छोड़कर अन्यत्र जाने से रोक दिया।



उपमंडल भोरंज के अंतर्गत एफडीआर तकनीक से बन रही बस्सी-तताहर सड़क निर्माण स्थल पर ग्रामीण कंपनी कर्मचारियों को अधूरा काम छोड़ने से रोकते हुए।

ग्रामीणों से बातचीत में कंपनी कर्मचारियों ने दावा किया कि वे झनिकर सड़क पर कार्य कराने के लिए राजनीतिक दबाव में मशीनरी ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि झनिकर का काम पूरा कर वे दोबारा बस्सी-तताहर सड़क पर लौट आएंगे। हालांकि ग्रामीण इस तर्क से संतुष्ट नहीं हुए और मौजूदा कार्य पूरा होने तक मशीनरी न हटाने पर अड़े रहे।

ग्रामीणों ने कंपनी पर निम्न स्तरीय निर्माण का आरोप भी लगाया। भरेड़ी चौक के पास सड़क उखड़ना शुरू हो गई है। लगभग 15-20 पैच पेवर ब्लॉक के लिए खाली छोड़े गए हैं, जिनकी हालत खराब है। बरसात का मलबा अभी तक नहीं हटाया गया है और नालियाँ बंद पड़ी हैं। कई स्थानों पर सड़क की ऊपरी परत भी उखड़ गई है। इन खामियों के चलते ग्रामीणों में कंपनी और पीडब्ल्यूडी दोनों के प्रति रोष है। विवाद बढ़ता देख पुलिस भी मौके पर पहुँची। काफी प्रयासों के बाद माहौल शांत हुआ और कंपनी ने सड़क का अधूरा कार्य दोबारा शुरू कर दिया। प्रधान अंकुश सैणी, खिरड़ उपप्रधान शशिकांत शर्मा, प्रवीण, कमल किशोर शर्मा, काकू, विपन चौधरी, रिखी राम, भोला सहगल, अनिल चौधरी सहित कई ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग के SDO प्रवीण कुमार ने बताया कि कंपनी ने कार्य फिर शुरू कर दिया है। 'पहले भरेड़ी से खड्डू बाजार तक का अधूरा काम पूरा किया जाएगा, उसके बाद ही मशीनरी दूसरी साइट पर भेजी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा के कई गांवों में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा में 12 दिसंबर को लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते गांव टैहली, दाड़, दुग्गां, मिहाड़े और अन्य गांवों में बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुशील कुमार शर्मा ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### मिनी सचिवालय में शिफ्ट उपरोजगार कार्यालय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि बड़सर के उपरोजगार कार्यालय को अब बड़सर के नवनिर्मित मिनी सचिवालय में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले यह कार्यालय ग्राम पंचायत बल्याह के किराये के भवन में संचालित किया जा रहा था। अब इसे नवनिर्मित मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 410 और 411 में स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे क्षेत्र के युवाओं को काफी सुविधा होगी।

### नाल्टी में कृषि ऋण योजनाओं की जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर ने बुधवार को नाल्टी में कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सर्कल कार्यालय के प्रमुख नीरज कुमार आनंद और जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल उपस्थित रहे। इस अवसर पर नीरज कुमार आनंद ने कहा कि पीएनबी अपने ग्राहकों को बेहतरीन बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके लिए वित्तीय सलाहकार की भूमिका में भी कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में, फील्ड में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नीरज कुमार आनंद ने लोगों से बैंक की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। कार्यक्रम के दौरान कृषि से संबंधित ऋणों के 209 मामले मंजूर किए गए, जिनकी कुल राशि 7.30 करोड़ रुपये है।

### हमीरपुर कॉलेज की खो-खो टीम उप विजेता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता (महिला वर्ग) का सफल आयोजन राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में किया गया। डॉ पवन वर्मा ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर के लगभग 12 महाविद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की खो-खो टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उप विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। महाविद्यालय पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतीश सोनी ने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने टीम की खिलाड़ियों कृतिका, कविता, मनीषा, शिवानी, श्रेया, नरगिस, सान्वी, रितिका, रजिया, परीक्षिता और मुस्कान को विशेष रूप से बधाई दी।प्राचार्य ने टीम इंचार्ज प्रो. बबीता सुमन तथा डॉ. पवन वर्मा के मार्गदर्शन और योगदान की भी सराहना की। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है।

### छात्रों ने जाना शहद उत्पादन का विज्ञान

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा के छात्रों ने मधुमक्खी पालन केंद्र ग्वाल पत्थर का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का नेतृत्व डॉ. अजय कुमार और डॉ. अंजना कुमारी ने किया। केंद्र के संचालक गोपाल कपूर और राजेंद्र कुमार ने छात्रों को मधुमक्खी पालन की तकनीकों, शहद निर्माण की प्रक्रिया, मधुमक्खियों की देखभाल और उनके संवर्धन से जुड़ी आवश्यक बातों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, मधुमक्खी पालन के लिए आवश्यक उपकरणों, संसाधनों तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर भी प्रकाश डाला। दौरे का प्रमुख उद्देश्य छात्रों में मधुमक्खी पालन के महत्व, इसके आर्थिक लाभ और पर्यावरण संरक्षण में इसकी बड़ी भूमिका के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### महाप्रबंधक ने की बैंक की योजनाओं की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के शिमला जोन के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने वीरवार को यहां कुमार पैलेस में जिला हमीरपुर और ऊना की विभिन्न शाखाओं के प्रबंधकों के साथ बैठक करके बैंक की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के प्रमुख नीरज कुमार आनंद, जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल, मुख्य प्रबंधक गोपाल तिवारी, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा शाखा प्रबंधकों ने भाग लिया।

### आयकर विभाग के विभिन्न नियम बताए

**अनंत ज्ञान, भोटा।** नगर पंचायत में वीरवार को आयकर विभाग द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भोटा के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। जागरूकता शिविर में आयकर अधिकारी राजेश ठाकुर, इंस्पेक्टर प्रशिक्षित शर्मा ने स्थानीय व्यापारियों और लोगों को आयकर विभाग के विभिन्न नियमों के बारे में अवगत करवाया है। उन्होंने लोगों को समय पर आरटीआर रिटर्न फाइल करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी है। इस मौके पर भोटा व्यापार मंडल के प्रधान सन्नी शर्मा, उप प्रधान अनिल धीमान व सचिव संजीव, और नगर पंचायत के पार्षद अश्वनी सोनी, व्यापार मंडल के प्रतिनिधि व गणमान्य व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

### शिक्षिका का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के बुढ़ाण गांव में जन्मी पल्ली रुचिका शर्मा का अचानक निधन से क्षेत्र में मायूसी का माहौल बन गया है। वह पिछले चार-पांच महीनों से अस्वस्थ चल रही थी उनका इलाज पीजीआई चंडीगढ़ में चल रहा था। आज लगभग 11 बजे के करीब उन्होंने अंतिम सांस ली। रुचिका के पिता का 2018 में निधन हो गया था। वे शिक्षा विभाग में कार्यरत थे। रुचिका पिछले 5 वर्षों से किड बड्स पब्लिक स्कूल बिझड़ी में एमएससी फिजिक्स के रूप में सेवाएं दे रही थी उनके निधन पर स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार शर्मा ने गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा है रुचिका की कमी हमेशा खलेगी उनकी याद में शुक्रवार को प्रार्थना सभा में दिवंगत आत्मा के लिए 5 मिनट का मौन रखा जाएगा। स्कूल के बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण पर जाना था, सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। उनका अंतिम संस्कार पैतृक श्मशान घाट में शुक्रवार को सुबह 9 बजे के करीब होगा।

### शनिदेव मंदिर बड़ा में कल लगेगा भंडारा

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के प्रसिद्ध शनिदेव मंदिर में मंदिर की स्थापना दिवस के दौरान 13 दिसम्बर को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी. के संयोजक रघुनन्दन कौंडल ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडारे के आयोजन को लेकर मंदिर कमेटी द्वारा एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कमेटी के सभी सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक में ये भी निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी भंडारे वाले दिन विश्व शांति के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कमेटी ने सभी क्षेत्र वासियों से इस आयोजन को सफल बनाने का विशेष आग्रह किया है।

### पेंशनर्स की लंबित मांगों पर होगा मंथन: गौतम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष के.सी. गौतम ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशनर दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय पेंशनर्स दिवस समारोह 17 दिसंबर 2025 को 'मिलन गैस्ट हाउस', घुमारवीं, जिला बिलासपुर में मनाया जाएगा। इसी कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी की आम बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों और समस्याओं पर मंथन किया जाएगा और आगामी रणनीति पर विचार होगा। गौतम ने बताया कि सरकार से लगातार पत्राचार चल रहा है और 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता किस्त व चिकित्सा बिलों का भुगतान शुरू हो चुका है। उन्होंने समस्त जिलों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे आयोजन को सफल बनाने हेतु प्रचार-प्रसार करें और अधिक से अधिक पेंशनर्स को भागीदारी सुनिश्चित करें।

### प्रतीकात्मक मुद्दों पर संसद का समय बर्बाद कर रही मोदी सरकार: सुनील गोल्डी

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** आप जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार गोल्डी ने संसद के शीतकालीन सत्र में 'वंदे मातरम' पर चर्चा को लेकर कड़ा ऐतराज जताया। उन्होंने कहा कि जब देश की जनता बेरोजगारी, महंगाई, प्रदूषण और भ्रष्टाचार जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, तब संसद में प्रतीकात्मक मुद्दों पर समय खर्च करना जनता के साथ छल है। गोल्डी ने कहा कि लाखों युवा रोजगार की तलाश में हैं, किसानों की स्थिति लगातार बिगड़ रही है और आम आदमी महंगाई से त्रस्त है, पर इन मुद्दों पर सरकार गंभीर नहीं दिखती। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक भावना के विपरीत बताते हुए मीडिया व जनता से अपील की कि वे अपने प्रतिनिधियों पर वास्तविक समस्याओं पर ठोस व सार्थक चर्चा करने के लिए दबाव बनाएं।

## मैंने कोई गलत काम नहीं किया, प्रताड़ित करने की हो रही कोशिश: आशीष शर्मा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** हमीरपुर के भाजपा विधायक आशीष शर्मा बुधवार को सुजानपुर थाना परिसर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने पुलिस कार्रवाई में पूरा सहयोग देने के लिए अधिकारियों से मुलाकात की। मीडिया से बातचीत करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि उन्हें न्यायालय और उसकी कार्यप्रणाली पर पूरा भरोसा है। पुलिस जो भी पूछताछ करेगी, वह हर प्रश्न का सत्य और ईमानदारी के साथ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देशों के अनुसार वह सुजानपुर थाना में दूसरी बार हाजिर हुए हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां पुलिस ने बुलाया वह हर जगह पहुंचे और पूछे गए हर सवाल का जवाब दिया। आशीष शर्मा ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ द्वेषभावना से प्रेरित होकर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने कोई गलत काम नहीं किया है। यह सब सरकार के इशारे पर प्रताड़ित करने की कोशिश है। विधायक ने कहा कि हमीरपुर की जनता जानती है कि उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार 3 साल पूरा होने का जश्न मना रही है लेकिन प्रदेश के हालात बाद से बदतर हो चुके हैं।



## हमीरपुर में जिलास्तरीय स्वास्थ्य समीक्षा बैठक का आयोजन

## गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य को लेकर दिया विशेष जोर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरपुर डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में सीएमओ ऑफिस के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय मासिक स्वास्थ्य समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय अत्री, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील वर्मा, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षक, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, लेखाकार और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



डॉ. चौधरी ने गर्भवती महिलाओं के प्रजनन और बाल स्वास्थ्य रजिस्टर में रजिस्ट्रेशन, योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के उपायों का परामर्श और डिलीवरी के तुरंत बाद नवजात शिशु को मां का दूध पिलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कम वजन या समय से पहले जन्मे बच्चों को कंगारू मदर केयर प्रदान करना अनिवार्य है। होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर के तहत आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सात दौरे किए जाएं और 100% सेवा सुनिश्चित की जाए। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य पर्यवेक्षक द्वारा सटीक पर्यवेक्षण और रिपोर्टिंग जरूरी है।

उन्होंने सभी बच्चों के टीकाकरण, आशा कार्यकर्ताओं की समय पर कार्यसूची, आंकड़ों के विश्लेषण और विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत धनराशि के समय पर खर्च पर भी ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारना और जिले में मातृ व शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाना था।

## हिमाचल को तटीयकरण के लिए अब तक 8625 करोड़ का आवंटन: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने आज संसद में प्रश्न काल के दौरान केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से प्रश्न पूछा कि हिमाचल को तटीयकरण तथा क्षतिग्रस्त तटीय संरचनाओं के पुनर्निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने अब तक कितनी राशि जारी की है। जवाब में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि हिमाचल प्रदेश को अब तक तटीयकरण कार्यों के लिए कुल 8625 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि न केवल मौजूदा संरचनाओं के पुनर्निर्माण बल्कि नई चैनलाइजेशन परियोजनाओं के लिए भी उपलब्ध करवाई गई है।



अनुराग ठाकुर ने संसद में बोलते हुए कहा 'हिमाचल प्रदेश में पिछले 2-3 वर्षों के दौरान आई भीषण बाढ़, अचानक आने वाले फ्लैश फ्लड्स और क्लाउड बर्स्ट की घटनाओं के कारण प्रदेश की प्राकृतिक संपदा, ग्रामीण ढांचे तथा जल स्त्रोतों के तटीयकरण को भारी नुकसान पहुंचाया है। प्रदेश में अवैध खनन माफिया और टिंबर माफिया के सक्रिय होने से नदियों और जलधाराओं का स्वरूप प्रभावित हुआ, जिससे भारी वर्षा के समय पानी का दबाव कई गुना बढ़ा और विनाशकारी बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई। पूरे देश ने देखा कि हिमाचल में बाढ़ आने पर कैसे पुष्पा फिल्म की तरह हजारों कटे पेड़ पानी में बह रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाएँ तो अपनी जगह हैं, लेकिन अवैध खनन माफिया और टिंबर माफिया ने नुकसान को और बढ़ा दिया।'

प्रश्न उत्तर में जलशक्ति मंत्री ने बताया कि हिमाचल प्रदेश को अब तक तटीयकरण कार्यों के लिए कुल 8625 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह राशि न केवल मौजूदा संरचनाओं के पुनर्निर्माण बल्कि नई चैनलाइजेशन परियोजनाओं के लिए भी उपलब्ध करवाई गई है।

## प्रदेश में चौथा स्थान हासिल करने वाली सुहानी राज्यस्तरीय सम्मान से सम्मानित

**संजीव चौहान, अनंत ज्ञान**

**टौणी देवी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा वर्ष 2025 में संचालित कक्षा +2 की परीक्षा में प्रदेश भर में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की मेधावी छात्रा सुहानी शर्मा को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु द्वारा मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि यह पूरे विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि गाँव कोहलविन निवासी सतीश कुमार की होनहार पुत्री सुहानी शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर प्रदेश स्तर पर यह उत्कृष्ट स्थान हासिल किया है। प्रधानाचार्य ने कहा कि सुहानी की यह सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो सीमित संसाधनों में भी बड़े सपने देखते हैं और उन्हें साकार करने का साहस रखते हैं। मंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने सुहानी शर्मा को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियाँ आज शिक्षा, खेल, विज्ञान और हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं और राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। सुहानी जैसी प्रतिभाशाली छात्राएं आने वाले समय में समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मुख्यमंत्री ने छात्रा के माता-पिता और शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।



सुहानी शर्मा की इस सफलता के पीछे उनके माता-पिता का मार्गदर्शन, शिक्षकों का सतत सहयोग और स्वयं सुहानी की अथक मेहनत प्रमुख आधार रहा है।

## बड़ा कस्बा में तेंदुए की दहशत

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान**

- तेंदुआ अब तक कई पालतू और आवारा कुत्तों को बना चुका शिकार
- पंचायतवासियों ने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांगी मदद

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा के पंचायत वासी वर्तमान समय में जंगली तेंदुए की दहशत के साये में जी रहे हैं। इस जंगली तेंदुए ने अब तक ग्राम पंचायत बड़ा के कई पालतू और आवारा कुत्तों को अपना शिकार बना चुका है। इस कारण पंचायत के लोग अब अपने खेतों में दिन में घास काटने के लिए भी डर का सामना कर रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोग अपने बच्चों को भी अकेले स्कूल भेजने से डर रहे हैं।

पंचायत वासियों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों से बात की और तेंदुए से छुटकारा दिलाने की मांग की। साथ ही, वन विभाग के अधिकारियों से भी अनुरोध किया गया है कि वे पंचायत क्षेत्र में जंगली तेंदुओं को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाएँ ताकि इस दहशत से निजात मिल सके।

पंचायत बड़ा के उप प्रधान अशोक कुमार ने भी इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि उन्हें आज ही तेंदुए के शिकार की जानकारी मिली है और यह सत्य है कि अब तक कई पालतू और आवारा कुत्ते तेंदुए का शिकार बन चुके हैं। उप प्रधान अशोक कुमार ने कहा कि इस मामले में वे शीघ्र ही वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराएंगे और समाधान के लिए आग्रह करेंगे।

स्थानीय लोग भय और असुरक्षा की स्थिति में हैं, क्योंकि तेंदुआ दिन में भी खेतों में घूमता देखा गया है। पंचायत और ग्रामीण चाहते हैं कि वन विभाग की ओर से तुरंत कार्रवाई की जाए ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और जंगली जानवरों के साथ मनुष्यों का सुरक्षित सह-अस्तित्व बनाए रखा जा सके। पंचायत बड़ा के निवासियों को यह उम्मीद है कि वन विभाग शीघ्र इस समस्या का समाधान करेगा और तेंदुए की दहशत से उन्हें राहत मिलेगी।

## पीएनबी की नवीनीकृत शाखा का लोकार्पण



**अनंत ज्ञान, जाहू।** पंजाब नेशनल बैंक की जाहू शाखा के नवीनीकृत परिसर का वीरवार को लोकार्पण कर दिया गया। बैंक के शिमला जोन के महाप्रबंधक राजेश कुमार ने इसका लोकार्पण किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने बैंक के ग्राहकों से संवाद भी किया और विभिन्न योजनाओं के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने लोगों से पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इससे पहले, शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने मुख्य अतिथि, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी ग्राहकों का स्वागत किया तथा जाहू शाखा की उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में बैंक के सर्कल कार्यालय हमीरपुर के प्रमुख नीरज कुमार आनंद, सेवानिवृत्त उप महाप्रबंधक डीआर कालिया, जिला अग्रणी प्रबंधक धर्मेंद्र स्याल, मुख्य प्रबंधक गोपाल तिवारी, अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय पंचायत के पूर्व प्रधान चमन लाल और बैंक के ग्राहक भी उपस्थित रहे।

### गुरु महाराज के मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, जाहू।** मनकी गांव के लोगों के द्वारा गुरु महाराज के मंदिर पर हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। गांव के लोगों के द्वारा सामूहिक रूप से हवन में आहुति डाली गई। इस अवसर पर गांव की महिलाओं के द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया। गांव के लोगों रवि कुमार, हंस राज, अमृत लाल, प्यार चंद, राकेश कुमार, रतन चंद, बाल कृष्ण, ओम प्रकाश, शिव दूत, राज कुमार, संजय वर्मा विपन कुमार, सुनील कुमार, सोनू कुमार ने बताया की हर साल गुरु महाराज के मंदिर में प्रसाद के आयोजन किया जाता है। गांव के लोगों के सहयोग से ही प्रसाद और भंडारे का आयोजन किया जाता है।

**तैयारी** मुख्यमंत्री की अगुवाई में 16 को होगा विशाल पैदल मार्च, जिला प्रशासन ने जांची सुविधाएं

# चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॉन की तैयारियां तेज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार द्वारा आरंभ किए गए चिट्टा विरोधी अभियान के तहत 16 दिसंबर को आयोजित किए जाने वाले मैगा वॉकथॉन के लिए जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस के आईजी विमल गुप्ता और उपायुक्त अमरजीत सिंह ने वीरवार को जिला के अधिकारियों के साथ शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैदान का निरीक्षण करके मैगा वॉकथॉन की तैयारियों की समीक्षा की।

इस अवसर पर उन्होंने मैदान के आस-पास चल रहे मरम्मत कार्यों, स्टेज के निर्माण, मैदान में हजारों लोगों के प्रवेश एवं निकलने के लिए सभी गेटों पर पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल एवं रिफ्रेशमेंट के वितरण, मेडिकल सुविधा, सफाई एवं शौचालय सुविधा, पुलिस के प्रसिद्ध ऑर्केस्ट्रा 'हॉरमनी ऑफ पाइन्स' के शो और अन्य प्रबंधों को लेकर अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की तथा उन्हें दिशा-निर्देश जारी किए।



चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लेते उपायुक्त अमरजीत सिंह।

इससे पहले, उपायुक्त कार्यालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने अधिकारियों से कहा कि चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॉन में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के साथ-साथ आम लोग भी भारी संख्या में भाग लेंगे तथा सुबह 9 बजे से ही लोग मैदान में पहुंचने शुरू हो जाएंगे। इसलिए, आयोजन स्थल और वॉकथॉन के रूट पर आवश्यक प्रबंधों में किसी भी तरह कमी नहीं रहनी चाहिए। वॉकथॉन का रूट स्कूल ग्राउंड से नादौन चौक, गांधी चौक, मुख्य बाजार, भोटा चौक, बस स्टैंड और वापस स्कूल मैदान तक होगा। मुख्यमंत्री स्वयं इसकी अगुवाई करके पैदल मार्च करेंगे।

- विद्यार्थियों और आम जनता के लिए विशेष पेयजल, मेडिकल और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित

इस दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस की ओर से ट्रैफिक प्लान बनाया जा रहा है, जिसमें आम लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

इस अवसर पर एसपी बलवीर सिंह ने भी अधिकारियों को वॉकथॉन की रूपरेखा से अवगत करवाया। बैठक में एडीसी अभिषेक गर्ग, एएसपी राजेश कुमार, एसडीएम संजीत सिंह, नगर निगम के आयुक्त राकेश शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त रामप्रसाद शर्मा, आरटीओ अंकुश शर्मा, उपायुक्त के सहायक आयुक्त चिराग शर्मा, सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी, होमगार्ड के कमांडेंट विनय कुमार, एचआरटीसी के डीएम राजकुमार पाठक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## प्रदेश की सुक्खू सरकार का जन संकल्प सम्मेलन 'फीका व निराशाजनक': राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने मंडी में आयोजित सुक्खू सरकार के तीन साल पूरे होने पर हुए समारोह को 'फीका और निराशाजनक' करार दिया है। राणा ने कहा कि सरकार की झूठी गारंटियों और अधूरे वायदों की वजह से यह कार्यक्रम जनता के बीच कोई उत्साह पैदा नहीं कर सका। जारी प्रेस बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि समारोह में पहुंचे लोग भी सरकार के कामकाज से असंतुष्ट और भ्रमित दिखाई दिए। कार्यक्रम में प्रदेश के कुछ मंत्रियों द्वारा दूरी बनाए रखना इस बात का प्रमाण है कि सरकार भीतर से बिखर चुकी है और सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री के तेवर भी यह जताते हैं कि मंत्री और विधायक मुख्यमंत्री की कार्यशैली से नाराज हैं। डिप्टी चीफ मिनिस्टर द्वारा समारोह के मंच से अफसरशाही को नसीहत देना इस बात की ओर इशारा है कि सरकार के शीर्ष स्तर पर भी तालमेल खत्म होता जा रहा है। राणा ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए प्रशासनिक मशीनरी का जमकर दुरुपयोग किया गया। अलग-अलग सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों को समारोह में पहुंचाने के लिए अधिकारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जिससे स्पष्ट है कि सरकार को जनता का स्वैच्छिक समर्थन नहीं मिल रहा। राजेंद्र राणा ने कहा कि यह आयोजन उपलब्धियों का जश्न नहीं बल्कि सरकार की विफलताओं का मातम था।

## न्यूज ब्रीफ

### हाईकोर्ट ने डॉक्टरों की हड़ताल पर याचिका खारिज की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने प्रदेश में डॉक्टरों की चल रही हड़ताल को लेकर दायर याचिका वीरवार को खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि याचिका को प्रॉपर फार्मेट में दाखिल नहीं किया गया है। इसमें केस से संबंधित ऑर्डर, जजमेंट की कॉपी नहीं लगी हुई है, इसलिए इस याचिका निपटारा किया जाता है। कोर्ट ने याचिका को नए सिरे से दाखिल करने के लिए कहाइस बीच पुलिस ने पंचकूला में स्वास्थ्य महानिदेशक कार्यालय के बाहर धरना दे रहे डाक्टरों को उठाने का प्रयास किया तो पुलिस व डॉक्टरों के बीच धक्का-मुक्की हुई। पंचकूला पुलिस और हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन (एचसीएमएसए) के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजेश ख्यालिया के साथ पुलिस की तीखी बहस हुई। डॉक्टरों ने मीटिंग तक धरना हटाने से इनकार कर दिया।

### गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने वाला काबू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-56 थाना एरिया में गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने के मामले में पुलिस ने दो पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई की है। जिस युवक ने गाय को मोमोज खिलाए उसे भी पकड़ा है और जिन्होंने उसके साथ मारपीट की थी, उन्हें भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मारपीट करने वाले पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। युवक के पिता की शिकायत पर न्यू कॉलोनी थाना पुलिस ने गौ रक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर यह कार्रवाई की। गाय को नॉनवेज मोमोज खिलाने वाले युवक ऋतिक निवासी न्यू कॉलोनी को सेक्टर-56 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-56 थाना पुलिस ने चमन खटाना की शिकायत पर ऋतिक के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप है कि ऋतिक ने सोशल मीडिया पर फेमस होने और रुपए कमाने के लिए सेक्टर-56 में गौवंश को नॉनवेज मोमोज खिलाए थे। इस कृत्य को करने के लिए वह सोशल मीडिया पर लाइव भी आया था। जब यह वीडियो वायरल होने के बाद गौरक्षकों को मिली तो उनका गुस्सा फूट गया और उन्होंने ऋतिक के घर न्यू कॉलोनी का रुख कर लिया। यहां जमकर हंगामा करने के साथ ही ऋतिक की पिटाई भी की। साथ ही उससे माफी मांगते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाला। वहीं, मारपीट किए जाने के मामले में ऋतिक के पिता ने न्यू कॉलोनी थाना पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने ऋतिक के पिता की शिकायत पर गोरक्षकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान चमन खटाना (45) निवासी पटेल नगर, गुरुग्राम, रोहित (29) निवासी बार गुर्जर 3. ललित (25) निवासी बुलंदशहर (उत्तर-प्रदेश) वर्तमान निवासी मारुति कुंज, गुरुग्राम, तेशव (22) निवासी ज्योति पार्क (गुरुग्राम) व आयुष्मान (20) निवासी न्यू पालम विहार (गुरुग्राम) के रूप में हुई। फिलहाल दोनों ही मामलों में पुलिस ने कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस दोनों ही मामलों की जांच कर रही है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि किसी भी सूरत में कानून के नियमों की अवहेलना नहीं करने दी जाएगी।

### पटरी पर रील बनाते दो युवक आए ट्रेन की चपेट में

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** दिल्ली-रोहतक रेल लाइन पर बहादुरगढ़ में छोटू राम नगर के पास रेलवे ट्रैक पर सोशल मीडिया के लिए रील बनाने का शौक दो युवकों को भारी पड़ गया। तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। बताया गया कि यह युवक चलती ट्रेन के आगे खड़े होकर रील बना रहे थे। मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों के शवों को पहचान के लिए नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ की शव गृह में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस थाना बहादुरगढ़ से जांच अधिकारी एएसआई उर्मिला ने बताया कि वीरवार को थाने में जानकारी मिली थी कि छोटूराम नगर के पास दो युवक ट्रेन की चपेट में आ गए हैं। सूचना पर वह और हेडकांस्टेबल नरेश मौके पर पहुंचे, तो दोनों युवकों के शव ट्रैक के पास पड़े मिले। एक युवक का शव रेलवे लाइन के बीच में और दूसरे का थोड़ा आगे पड़ा था। दोनों युवकों की पहचान नहीं हो पाई। घटनास्थल पर इकट्ठे हुए काफी लोगों से पूछताछ के बावजूद ऐसी कोई जानकारी नहीं मिली जिससे मृतकों की पहचान की जा सके। मृतकों के कपड़ों की जेब में भी ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला जिससे उनकी पहचान हो सके। आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि दोनों युवक रेलवे ट्रैक पर रील बना रहे थे। इसी दौरान ट्रेन की टक्कर से दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों शवों को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ के शव गृह में रखवा दिया है। यहां इनको अधिकतम 72 घंटे के लिए रखा जाएगा।

# विपक्ष केवल दुष्प्रचार व देश को गुमराह करने का करता है काम : नायब सिंह सैनी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष केवल दुष्प्रचार करता है और देश को गुमराह करने का काम करता है। विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बयान वीरवार को दिल्ली दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास कहने के लिए कुछ नहीं है। इनके पास एक भी योजना ऐसी नहीं है, जो भ्रष्टाचार के दल-दल में न फंसी हो। योजना धरातल पर नहीं उतरती थी। कांग्रेस अपना विजन देश के सामने रखे, विकास की बात करे। आप वोट चोरी की बात करते हैं तो लोग इन पर हंसते हैं। लोग इनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्ति का विकास हुआ है। गरीब व्यक्ति को आज कोई आस जगी है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जगी है। आज लोग सोचते हैं कि आजादी के बाद यदि किसी व्यक्ति ने गरीब की सुध ली है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है। कांग्रेस ने कभी आम आदमी के लिए कुछ नहीं किया। आम जनता का भला किसी ने किया है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है।



### प्रधानमंत्री का किया धन्यवाद

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, 'मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देने आया था। हरियाणा में हमारे दो बड़े कार्यक्रम थे। पहला श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस और दूसरा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती उत्सव। दोनों कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री जी के पधारने से हरियाणा का गौरव बढ़ा है। इसके लिए प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद दिया है।

### हरियाणा आएंगे अमित शाह

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 24 दिसंबर 2025 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हरियाणा आ रहे हैं। हरियाणा पुलिस के नवनियुक्त 5,000 जवानों की पासिंग आउट परेड है, इसमें बतौर मुख्यातिथि अमित शाह पहुंचेंगे।

# हरियाणा विधानसभा में अधिकारियों व कर्मियों के लिए नियमित चलेंगे प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में दक्षता लाने के लिए उनके नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएंगे। गुरवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में स्पीकर ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों को अपनी पदोन्नति के लिए भी न तो इंतजार करना पड़ेगा और न ही किसी सिफारिश की जरूरत पड़ेगी।

स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने विधानसभा सचिवालय की कार्य पद्धति में सुधार का मेगा प्लान तैयार किया है। पूर्व में हुई भर्तियों पर उठ रहे सवालों को लेकर उन्होंने कहा कि यह आंतरिक जांच का विषय है, जिस पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि वे अब तक देश के 11 राज्यों की विधानसभा की कार्यप्रणाली को नजदीक से देख-समझ चुके हैं। विधानसभाओं का दौरा करने का उनका सिलसिला जारी है। किसी राज्य की विधानसभा का भवन (ढांचा) कैसा है, यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि महत्व इस बात का है कि वहां क्या श्रेष्ठ प्रैक्टिस चल रही हैं। हरविंद्र कल्याण ने कहा कि दूसरे राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को हरियाणा विधानसभा की कार्यप्रणाली में शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों के साल भर होने वाले नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम इसी का उदाहरण हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों के आंतरिक टेस्ट लेने की प्रक्रिया शुरू की गई है। उनका रिजल्ट सार्वजनिक नहीं किया जाता। यह टेस्ट इसलिए होते हैं, ताकि हम यह जान सकें कि हमारा कौन सा अधिकारी या कर्मचारी कितना काबिल है और उसके आगे बढ़ने की कितनी संभावना है। उन्होंने चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा के नये भवन के लिए दावेदारी छोड़ने से जुड़े सवाल पर कहा कि हरियाणा का नई विधान सभा बनाने का प्रस्ताव कायम है। इस कार्य में देरी जरूर हो रही है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हरियाणा ने अपनी दावेदारी छोड़ दी है। हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से आरंभ होकर 22 दिसंबर तक चलेगा। अभी विपक्ष की ओर से कोई ध्यानाकर्षण अथवा काम रोको प्रस्ताव विधानसभा सचिवालय को नहीं भेजा गया है।

### जर्मनी का वीजा दिलाने के नाम पर ठग लिए 90 हजार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हिमाचल के युवक से ट्रैवे कंसल्टेंसी ने जर्मनी वर्क वीजा के नाम पर 90 हजार रुपए ऐंठ लिए। न वीजा दिया और न ही रुपए वापस किए। पीड़ित ने अब सेक्टर-26 पुलिस थाने में शिकायत दी है। शिकायत में नीरज ने बताया कि सेक्टर-26 के ट्रैवे कंसल्टेंसी की हरनीत वालिया ने जर्मनी का वर्क वीजा दिलाने का भरोसा देकर अलग-अलग तारीखों में उनसे 1.30 लाख लिए। यह रकम अक्तूबर 2024 और फरवरी 2025 में हरनीत के निजी बैंक खाते में जमा करवाई गई, उन्हें बाद में नकली वर्क परमिट पकड़ा दिया गया और महीनों तक बहाने बनाए जाते रहे, जब वह ऑफिस पहुंचे, तो वह बंद मिला। पीड़ित ने बताया कि आरोपी सिर्फ 40 हजार रुपए लौटाए, जबकि 90 हजार रुपए देने से इनकार कर दिया।

# लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्पोर्ट्स, फिजिकल एजुकेशन, फिटनेस एंड लीजर स्किल काउंसिल (एसपीईएफएल-एससी) ने, सीईओ तहसीन जाहिद के नेतृत्व में, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) समर्थन के तहत आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की है।

यह पहल लैंगिक समानता, सामाजिक कल्याण और कौशल-आधारित सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से युवा सशक्तिकरण के प्रति आईआरएफसी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कार्यक्रम को निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों के मार्गदर्शन और सहयोग से लागू किया जा रहा है। मनोज कुमार दुबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, आईआरएफसी हिमांशु जैन, आईएएस उपायुक्त, लुधियाना प्रगति वर्मा, आईएएस अतिरिक्त उपायुक्त, लुधियाना डिंपल मदन, जिला शिक्षा अधिकारी कुलवीर सिंह, जिला खेल समन्वयक यह पहल स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को व्यावहारिक आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण देने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य युवा महिलाओं में आत्मविश्वास, मानसिक दृढ़ता और शारीरिक तैयारी को बढ़ाना है, ताकि वे वास्तविक जीवन की सुरक्षा चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना कर सकें।

# 10वां ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो परेड ग्राउंड, सेक्टर-17 में शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो आज विजिटर्स के बीच जबरदस्त क्रेज के साथ शुरू हुआ, जिसने परेड ग्राउंड, सेक्टर-17 में एक शानदार और जोशीले ओपनिंग डे की शुरुआत की। इस इवेंट को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोग एक्सपो में आए, जिससे यह हाल के सालों की सबसे सफल ओपनिंग में से एक बन गया।

शोमैन एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड, जो प्रदर्शनियों को आयोजित करने में अपने 32 सालों के अनुभव और 467 सफल शो के रिकॉर्ड के लिए जानी जाती है, ने ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो के 10वें एडिशन का बहुत उत्साह के साथ उद्घाटन किया। अपनी सिल्वर जुबली विशेषज्ञता के साथ, यह एक्सपो लेटेस्ट और सबसे इनोवेटिव कंज्यूमर प्रोडक्ट्स की एक बड़ी रेंज दिखाता है। सतीश शर्मा, शोमैन



ऑर्गनाइजर, और ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो 2025 की समर्पित टीम के नेतृत्व और प्रयासों से, इस साल के एडिशन में जानी-मानी मल्टीनेशनल कंपनियों के साथ-साथ प्रतिष्ठित नेशनल ब्रांड्स भी हिस्सा ले रहे हैं। यह बच्चों के फन राइड भी उपलब्ध है जिसमे छोटे बच्चे काफी एन्जॉय क्र सकते है। इस मौके पर बोलते हुए, सतीश शर्मा ने कहा, 'मुझे यकीन है कि कंज्यूमर्स और एग्जिबिटर्स दोनों को इस एक्सपो से ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। हम एक ऐसा शानदार प्लेटफॉर्म देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां क्वालिटी, वैरायटी और वैल्यू सभी के लिए एक साथ मिलें। प्रदर्शनी 'ग्रैंड शॉपिंग एक्सपो' सबसे बड़ी ग्राउंड प्रदर्शनी के रूप में खड़ी है, जो फर्नीचर और डेकोर, कंज्यूमेबल्स, फैशन और अपैरल, ब्रांड और कंज्यूमेबल्स एक्सपो, फूड और हेल्थ एक्सपो, ब्रांडेड फूड प्रोडक्ट्स, कंज्यूमर आइटम्स, कॉस्मेटिक्स और डिजाइनर ज्वेलरी, बेकरी और कन्फेक्शनरी, किचन इक्विपमेंट, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और एक्सेसरीज, हेल्थकेयर आइटम्स, मार्बल आर्ट इफेक्ट्स, होम डेकोर, होम अप्लायंसेज, डिजाइनर वियर, गारमेंट्स, टेक्सटाइल्स, फर्नीचर और फर्निशिंग, इंटीरियर और एक्सटीरियर प्रोडक्ट्स, फिटनेस इक्विपमेंट, रियल एस्टेट, पुरुषों के डेनिम और ट्राउजर, पर्सनल और कॉर्पोरेट सर्विसेज, सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर, और कई अन्य कंज्यूमर-केंद्रित सेगमेंट जैसी कई तरह की कैटेगरी पेश करती है।

## देश-विदेश

# सेंसेक्स 426 अंक चढ़कर 84,818 पर बंद, निफ्टी में 140 अंक की बढ़त

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को बढ़त रही। सेंसेक्स 426 अंक की तेजी के साथ 84,818 पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी में भी करीब 140 अंक की बढ़त रही, ये 25,898 पर बंद हुआ है। वहीं, सेंसेक्स के 30 शेयर्स में से 21 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 में 39 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। बैंकिंग, एनर्जी और ऑटो शेयर्स में खरीदारी देखने को मिली। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई इंडेक्स 0.90% गिरकर 50,148 पर और कोरिया का कोस्पी 0.59% गिरकर 4,110 पर बंद हुए हैं। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.040% गिरकर 25,530 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.70% गिरकर 3,873 पर बंद हुए। (अनंत ज्ञान)



### अलगाववादी शब्बीर अहमद की याचिका पर अब सात जनवरी को होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह आतंकवाद वित्त पोषण मामले में कश्मीरी अलगाववादी शब्बीर अहमद शाह की जमानत याचिका पर सात जनवरी को सुनवाई करेगा। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह आदेश उस समय दिया, जब एनआईए की ओर से पेश वकील ने मामले को स्थगित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उनकी ओर से बहस करेंगे। इसके बाद बेंच ने मामले को सात जनवरी के लिए तय किया और कहा कि एनआईए को आगे मामले की सुनवाई टालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका का एक्शन : वेनेजुएला के बड़े क्रूड ऑयल टैंकर पर किया कब्जा

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो बोले- यह कार्रवाई समुद्री डकैती

**वॉशिंगटन/कराकस**

**अमेरिका** ने वेनेजुएला के तट के पास बीच समंदर में एक बहुत बड़े क्रूड ऑयल टैंकर को जब्त कर लिया। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पैम बॉन्डी ने सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का 45 सेकेंड का वीडियो जारी किया। वीडियो में दो सैन्य हेलिकॉप्टर समुद्र के ऊपर से तेजी से उड़ते हुए एक टैंकर को घेरते हैं। उनसे कई कमांडो रस्सियों के सहारे टैंकर के डेक पर उतरते हैं और कुछ ही मिनटों में टैंकर को अपने कब्जे में ले लेते हैं। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस जब्ती की पुष्टि की। दूसरी ओर, वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने इस कार्रवाई को समुद्री डकैती और खुलेआम चोरी करार देते हुए कड़ी निंदा की है। (अनंत ज्ञान)



वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने कहा कि अमेरिका उनका तेल हथियाना चाहता है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, सितंबर से अब तक अमेरिका कैरेबियन सी में 22 से अधिक हमले कर चुका है, जिनमें 80 से ज्यादा लोग मारे गए।

### ट्रंप बोले- तेल हम रख लेंगे

**ट्रंप** ने कहा, कि हमने वेनेजुएला के तट पर एक टैंकर जब्त कर लिया है, बहुत बड़ा टैंकर, शायद अब तक का सबसे बड़ा टैंकर। जब उनसे पूछा गया कि जहाज में भरे लाखों बैरल तेल का क्या होगा, तो ट्रंप ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, 'हम रख लेंगे, मुझे ऐसा लगता है'। अटॉर्नी जनरल बॉन्डी ने कहा कि यह जहाज कई सालों से अमेरिकी प्रतिबंधों की सूची में था, क्योंकि यह वेनेजुएला और ईरान के प्रतिबंधित तेल को गैरकानूनी तरीके से ले जा रहा था। इस तेल की कमाई से विदेशी आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाई जा रही थी। वहीं, तीन अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न बताने की शर्त पर न्यूयॉर्क टाइम्स से बताया कि जहाज वेनेजुएला का तेल लेकर जा रहा था। मिलिट्री ऑपरेशन का जहाज के कर्मचारियों ने कोई विरोध नहीं किया और ऑपरेशन में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

# रूस की जमीन कब्जाने की फिराक में चीन बॉर्डर के पास की जमीन को ले रहा लीज पर

**एजेंसी, बीजिंग**

**रूस** के साइबेरियाई इलाके व्लादिवोस्तोक और अमूर ओब्लास्ट के एक आईलैंड पर चीन की नजर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इन दोनों इलाकों पर अपना कब्जा जमाने के लिए दावा मजबूत करने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिकी मैगजीन न्यूजवीक के मुताबिक, चीनी सरकार रूस की सीमा के पास कृषि भूमि खरीद रहे है और लंबे वक्त के लिए लीज पर ले रही है। हाल में ऐसे मामले बढ़े हैं। ये दोनों इलाके पहले चीन के किंग साम्राज्य का हिस्सा रह चुके हैं। 150 साल पहले किंग राजवंश ने इन दोनों इलाकों को रूसी साम्राज्य को सौंप दिया था। (अनंत ज्ञान)

### चीन ने 150 साल पहले मजबूरी में छोड़े इलाके

19वीं सदी में चीन बहुत कमजोर था। वह अफीम युद्धों में ब्रिटेन और फ्रांस से हार चुका था। इस स्थिति का फायदा रूस ने उठा लिया। रूस को प्रशांत महासागर तक पहुंच चाहिए थी, जो चीन के सुदूर पूर्व इलाकों से होकर मिल सकती थी। 1858 में रूस ने चीन से ऐगुन संधि करवा ली। इससे अमूर नदी के उत्तर का बड़ा इलाका रूस को मिल गया। 1860 में चीन एक और युद्ध हार रहा था। उसी समय रूस ने फिर दबाव डाला। चीन को डर था कि रूस पश्चिमी देशों का साथ दे देगा, इसलिए उसने मजबूरी में पेकिंग संधि पर हस्ताक्षर कर दिए।

# भारत की समुद्री सीमा में घुसी पाकिस्तानी नाव

### तटरक्षक बल ने किया जब्त, चालक दल के 11 सदस्यों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी, अहमदाबाद**

**भारत** की जल सीमा के अंदर घुसने वाली एक पाकिस्तानी नाव को तटरक्षक बल ने वीरवार को जब्त कर लिया। इस नाव में सवार 11 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने भारतीय जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में एक पाकिस्तानी नाव को जब्त कर लिया है और उसके चालक दल के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को आगे की जांच के लिए



गुजरात की जाखौ मरीन पुलिस को सौंप दिया गया है। गुजरात रक्षा पीआरओ विंग कमांडर अभिषेक कुमार तिवारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय तटरक्षक बल ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के अंदर चालक दल के 11 सदस्यों वाली एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त किया। उन्होंने कहा कि यह पाबंदी तटरक्षक बल के निरंतर समुद्री अभियानों और भारत के समुद्री क्षेत्रों (एमजेडआई) के भीतर अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मजबूत प्रवर्तन को बनाए रखते हुए अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए देश की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने आगे कहा, 'भारत के समुद्री क्षेत्र में निरंतर सतर्कता हमारी राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा रणनीति की एक आधारशिला बनी हुई है।' आईसीजी ने भी इस पाबंदी की पुष्टि की। (अनंत ज्ञान)

# पाकिस्तान के पूर्व आईएसआई चीफ हमीद को 14 साल कैद

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** की एक मिलिट्री कोर्ट ने पूर्व आईएसआई चीफ फैज हमीद को 14 साल कैद की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ करीब 15 महीने तक कोर्ट मार्शल की कार्रवाई चली।

फौज की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, फैज पर चार गंभीर आरोपों में मुकदमा चलाया गया। उन पर राजनीतिक गतिविधियों में शामिल होने, ऑफिशियल सीक्रेट्स एक्ट का उल्लंघन कर देश के हितों को नुकसान पहुंचाने, सरकारी अधिकार और संसाधनों का दुरुपयोग करने और लोगों को नुकसान पहुंचाने के आरोप थे। सेना ने कहा कि कोर्ट ने सभी आरोपों में फैज को दोषी पाया है, हालांकि उन्हें फैसले के खिलाफ अपील करने का अधिकार भी दिया गया है।

फैज को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का करीबी माना जाता है। फैज हमीद को पिछले साल 12 अगस्त को हाउसिंग घोटाला केस में आर्मी ने अरेस्ट किया था। उनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट ने कार्रवाई का आदेश दिया था, जिसके बाद उनका कोर्ट मार्शल शुरू किया गया। (अनंत ज्ञान)

# तीन दिन में रोकें नाम, फोटो और आवाज का अनधिकृत इस्तेमाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बॉलीवुड** अभिनेता सलमान खान की ओर से अपनी पर्सनैलिटी राइट्स यानी नाम, तस्वीर, आवाज और छवि के दुरुपयोग के खिलाफ दायर याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने वीरवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी की। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों और अन्य इंटरमीडियरीज को निर्देश दिया कि वे सलमान खान की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करें। तीन दिन में इस पर कार्रवाई करें।

अदालत ने कहा कि वह स्वयं उन सभी व्यक्तियों और संस्थानों के खिलाफ स्टे आदेश (प्रतिबंधात्मक आदेश) जारी करेगी, जो सलमान

### सलमान खान की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट का आदेश

खान के नाम, फोटो, वीडियो, आवाज या उनकी अन्य पर्सनैलिटी विशेषताओं का बिना अनुमति व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सलमान खान ने याचिका में आरोप लगाया है कि कई इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म और ऑनलाइन संस्थान उनके नाम, वीडियो और आवाज का अनधिकृत उपयोग कर रहे हैं और इससे उनके व्यक्तिगत अधिकारों का गंभीर उल्लंघन हो रहा है। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ के समक्ष हुई। (अनंत ज्ञान)

### पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान अपग्रेड करेगा अमेरिका

**एजेंसी, वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमानों को अपग्रेड करने के लिए 686 मिलियन डॉलर (लगभग 5,800 करोड़ रुपए) का प्रस्ताव संसद को भेजा है। 8 दिसंबर को डिफेंस सिक्योरिटी कोऑपरेशन एजेंसी ने संसद को एक नोटिफिकेशन भेजा है, जिसमें पाकिस्तान के एफ-16 अपग्रेड पैकेज (686 मिलियन) को मंजूरी की घोषणा की गई है। यह प्रक्रिया आर्म्स एक्सपोर्ट कंट्रोल एक्ट के तहत होगी। अब अमेरिकी संसद के पास इसे रोकने या पास करने के लिए 30 दिन का समय है। इस पैकेज में 37 मिलियन डॉलर की मेजर डिफेंस इक्विपमेंट और बाकी 649 मिलियन डॉलर की सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और लॉजिस्टिक सपोर्ट शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# चांदी 2,793 रुपए बढ़कर 1.88 लाख किलो के ऑलटाइम हाई पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चांदी वीरवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, चांदी 2,793 रुपए बढ़कर 1,88,281 रुपए किलोग्राम हो गई है। इससे पहले बुधवार को यह 1,85,488 रुपए पर थी।

इस साल इसकी कीमत 1,00,971 रुपए (117%) बढ़ चुकी है। वहीं, सोना 808 रुपए बढ़कर 1,28,596 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 1,27,788 रुपए पर था। सोने ने 17 अक्तूबर को 1,30,874 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया



था। आईबीजेए सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता, इसलिए अलग-अलग शहरों के रेट्स अलग-अलग होते हैं। पंजाब नेशनल बैंक समेत कई बैंक गोल्ड लोन रेट तय करने के लिए इन कीमतों का इस्तेमाल करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 'एक देश, एक चुनाव' संबंधी संसदीय समिति का कार्यकाल बढ़ाया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** लोकसभा ने उन विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति का कार्यकाल बृहस्पतिवार को बढ़ा दिया, जिनमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रावधान है। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त समिति के कार्यकाल को वर्ष 2026 के बजट सत्र के आखिरी सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ाने की मांग करते हुए प्रस्ताव पेश किया। लोकसभा ने इस प्रस्ताव को ध्वनि मत से पारित कर दिया। पिछले साल दिसंबर में गठन के बाद से समिति ने संवैधानिक विशेषज्ञों, अर्थशास्त्रियों, विधि आयोग के अध्यक्ष दिनेश माहेश्वरी समेत कई लोगों के साथ विचार-विमर्श किया है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने लॉन्च किया गोल्ड कार्ड, 10 लाख डॉलर से मिलेगी अमेरिका की परमानेंट रेजिडेंसी

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी इमिग्रेशन और वीजा नीतियों को लेकर लगातार चर्चा में हैं। ट्रंप ने इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए 'गोल्ड कार्ड' को पेश किया है।

बुधवार को लॉन्च किया गया ट्रंप प्रशासन का गोल्ड कार्ड एक महंगा इमिग्रेशन प्रोग्राम है। इसे ऐसे लोगों और कंपनियों को लीगल स्टेटस और अमेरिकी नागरिकता देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो इसके लिए एक बड़ी रकम खर्च कर सकते हैं। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि इससे प्रतिभाशाली लोग अमेरिका आएंगे और देश की अर्थव्यवस्था बेहतर होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'अमेरिकी सरकार का ट्रंप गोल्ड कार्ड आज यहां है। यह सभी योग्य और सत्यापित लोगों के लिए नागरिकता का सीधा रास्ता है। हमारी महान अमेरिकी कंपनियां आखिरकार अपनी अमूल्य प्रतिभा को बनाए रख सकेंगी।' ट्रंप का यह चौंकाने वाला ऐलान उनके सख्त अप्रवासन नियमों के बीच आया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 विश्व कप टीम में दो भारतीय खिलाड़ी शामिल

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारतीय मूल के दो खिलाड़ियों आर्यन शर्मा और जॉन जेम्स को नामीबिया और जिम्बाब्वे में 15 जनवरी से छह फरवरी तक होने वाले पुरुषों के अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के लिए मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आर्यन उपयोगी बल्लेबाज और धीमी गति के बाएं हाथ के स्पिनर हैं, जबकि जेम्स ऑलराउंडर हैं, जो दाएं हाथ से मध्यम गति की गेंदबाजी करते हैं। यह दोनों उस टीम का हिस्सा थे जो सितंबर में युवा टेस्ट और वनडे सीरीज में भारत के खिलाफ खेली थी। भारतीय मूल के क्रिकेटरों के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में श्रीलंकाई मूल के दो खिलाड़ी (नादेन कूरे और नितेश सैमुअल) और चीनी मूल का एक खिलाड़ी (एलेक्स ली यंग) भी शामिल हैं। ओलिवर पीक टीम के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया की जूनियर टीम के मुख्य कोच टिम नीलसन ने कहा, ''आईसीसी अंडर19 विश्व कप के लिए एक मजबूत और संतुलित टीम की घोषणा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमारा ध्यान ऐसे खिलाड़ियों के चयन पर रहा है जिनके कौशल एक-दूसरे के पूरक हों और जिनसे हम टूर्नामेंट में सफलता हासिल करने की उम्मीद कर सकते हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### गल्फ जायंट्स ने आईएलटी 20 में शारजाह वॉरियर्स को 6 विकेट से हराया

**एजेंसी, दुबई।** बाएं हाथ के स्पिनर अयान खान की शानदार गेंदबाजी और रहमानुल्लाह गुरबाज के अर्द्धशतक की मदद से गल्फ जायंट्स ने यहां आईएलटी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में शारजाह वॉरियर्स को छह विकेट से हरा दिया। वॉरियर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 157 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जॉनसन चार्ल्स (32 गेंदों में 36 रन), कुसल मेंडिस (15 गेंदों में 23 रन) और ड्वेन प्रिटोरियस (17 गेंदों में 36 रन) ही कुछ योगदान दे पाए। संयुक्त अरब अमीरात के स्पिनर अयान खान ने चार ओवर में 17 रन देकर तीन विकेट लिए। जायंट्स ने 19.4 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाकर जीत हासिल की। गुरबाज (36 गेंदों में 50 रन) और जेम्स विंस (28 गेंदों में 35 रन) ने पहले विकेट के लिए 78 रन जोड़कर जायंट्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। इन दोनों के अलावा गेरहार्ड इरास्मस (18 गेंदों में 15 रन) और अजमतुल्लाह उमरजई (21 गेंदों में 28 रन) ने भी उपयोगी योगदान दिया। (अनंत ज्ञान)

### चैंपियंस लीग फुटबाल: मैनचेस्टर सिटी से हारा रियाल मैड्रिड

**एजेंसी, मैनचेस्टर (इंग्लैंड)।** रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में मैनचेस्टर सिटी से 2-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके कोच ज़ाबी अलोंसो के भविष्य को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। आर्सेनल ने क्लब ब्रुग के खिलाफ 3-0 की जीत से अपना अजेय अभियान जारी रखा और वह अंक तालिका में तीन अंकों की बढ़त बनाए हुए है। मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने एथलेटिक बिलबाओ के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रॉ खेला। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी के बीच बुधवार को हुआ मुकाबला इस राउंड का सबसे चर्चित मैच था। इस सप्ताह के शुरू में खबरें आई थी कि अलोंसो का पद खतरे में है और अब एक और हार के बाद उनकी स्थिति को लेकर अटकलें और तेज होने की संभावना है। रियाल मैड्रिड ने अब तक आठ मैचों में सिर्फ दो में जीत हासिल की है। रोड्रिगो ने 28वें मिनट में रियाल मैड्रिड को बढ़त दिलाई थी, लेकिन हाफ टाइम से पहले निको ओरेली और एर्लिंग हालैंड के गोल ने मैनचेस्टर सिटी की जीत सुनिश्चित कर दी। रिकॉर्ड 15 बार का यूरोपीय चैंपियन रियाल मैड्रिड तालिका में सातवें स्थान पर है। केवल शीर्ष आठ टीमें ही सीधे राउंड ऑफ 16 में प्रवेश करेंगी। इस बीच आर्सेनल का शानदार प्रदर्शन बरकरार है। उसकी तरफ से नोनी मैडुके ने दो, जबकि गैब्रियल मार्टिनेली ने एक गोल किया। (अनंत ज्ञान)

## वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन स्टंप्स तक बनाए 73 रन

# डेब्यू पर मिच हे का अर्द्धशतक, न्यूजीलैंड ने दूसरी टेस्ट पारी में बनाई बढ़त

**एजेंसी, वेलिंगटन**




मिच हे ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण पर अपनी पहली पारी में ही 61 रन बनाए जिससे न्यूजीलैंड ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन पहली पारी में 73 रन की बढ़त हासिल की।

न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के 205 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में 278 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए हैं और वह अभी न्यूजीलैंड से 41 रन पीछे है। स्टंप उखड़ने के समय ब्रैंडन किंग 15 और केवम हॉज तीन रन पर खेल रहे थे। माइकल रे ने जॉन कैंपबेल (14) को बोल्ड किया जबकि जैकब डफी ने नाइटवॉचमैन एंडरसन फिलिप (00) को एलबीडब्ल्यू आउट किया। सात एकदिवसीय और 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके विकेटकीपर बल्लेबाज मिच हे को चोटिल टॉम ब्लंडेल के स्थान पर टेस्ट क्रिकेट में मौका दिया गया। उन्होंने अपने चयन को सही साबित किया तथा 93 गेंदों का सामना करके नौ चौके और एक छक्का लगाया। न्यूजीलैंड ने सुबह अपनी पहली पारी बिना किसी नुकसान के 24 रन से आगे बढ़ाई। कप्तान टॉम लैथम (11) ज्यादा देर तक नहीं टिक पाए लेकिन उनके सलामी जोड़ीदार डेवोन कॉनवे ने 60 रन की उपयोगी पारी खेली। पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने 37 रन बनाए।

दिन के पांचवें ओवर में केमार रोच की गेंद पर लैथम बोल्ड हो गए। गेंद ऑफ स्टंप के बाहर से तेजी से अंदर की ओर आई और उनके रक्षात्मक शॉट को भेद गई। विलियमसन को फिलिप ने बोल्ड किया। कॉनवे ने लंच से पहले 87 गेंदों में अपना 15वां टेस्ट अर्द्धशतक पूरा किया, जो वेस्ट इंडीज के खिलाफ उनका पहला अर्द्धशतक है। इसके बाद दूसरे सत्र की शुरुआत में ही कॉनवे और रचिन रविंद्र (5) लगातार ओवरों में आउट हो गए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 117 रन हो गया।

मिच हे और डैरिल मिशेल (25) ने पांचवें विकेट के लिए 73 रन की साझेदारी की। ग्लेन फिलिप्स ने रोस्टन चेज की गेंद पर डीप मिडविकेट पर कैच आउट होने से पहले 18 रन बनाए। जैक फाउल्क्स 23 रन बनाकर नाबाद रहे। पहले दिन फील्डिंग के दौरान कंधे में चोट लगने के कारण ब्लेयर टिकनर बल्लेबाजी नहीं कर पाए। (अनंत ज्ञान)

# डी कॉक के दम पर साउथ अफ्रीका ने दी कड़ी चुनौती



**एजेंसी, चंडीगढ़**

**भारत** और साउथ अफ्रीका के बीच टी-20 सीरीज का दूसरा मैच न्यू चंडीगढ़ स्थित मुल्लांपुर स्टेडियम में खेला गया। यहां पहली बार इंटरनेशनल मैच आयोजित हुआ। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन विपक्षी टीम ने दमदार बल्लेबाजी कर भारत के समक्ष कड़ी चुनौती पेश की। समाचार लिखे जाने तक साउथ अफ्रीका ने 15 ओवर में दो विकेट पर 156 रन बना लिए थे। क्विंटन डी कॉक और डेवाल्ड ब्रेविस क्रीज पर डटे थे।

डी कॉक ने 26 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की और वे शतक के करीब थे। 12वें ओवर की आखिरी बॉल पर वरुण चक्रवर्ती ने ऐडन मार्करम (29 रन) को अक्षर पटेल के हाथों कैच कराया। उन्होंने 83 रनों की पार्टनरशिप को ब्रेक किया। चक्रवर्ती को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने अपनी पहली बॉल पर रीजा हेंड्रिक्स (8 रन) को बोल्ड किया था। 12वें ओवर में ऐडन मार्करम ने लगातार दो छक्के मारे।

उन्होंने दूसरी और तीसरी बॉल को बाउंड्री लाइन के बाहर पहुंचाया। वरुण ने मार्करम को ओवर की आखिरी बॉल पर अक्षर पटेल के हाथों कैच भी करा दिया। मार्करम 29 रन ही बना सके। इसी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप ब्रेक हुई। अर्शदीप सिंह ने 11वें ओवर में 18 रन खर्च कर दिए। उन्होंने इस ओवर में 7 वाइड बॉल फेंकी। उनके ओवर की पहली बॉल पर डी कॉक ने 87 मीटर का छक्का लगाया। उसके बाद अर्शदीप का लाइन लेंथ बिगड़ गया। (अनंत ज्ञान)

## खिलाड़ियों की भूमिका से ज्यादा छेड़छाड़ करना सही नहीं : डिविलियर्स

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के इस विचार से 'कुछ हद तक' सहमत हैं कि वनडे बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है, लेकिन उन्होंने टीम में लचीलापन और खिलाड़ियों की मुख्य भूमिका के बीच संतुलन बनाने की जरूरत पर जोर दिया। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में 2-1 से जीत के बाद गंभीर ने कहा था कि उन्हें लगता है कि वनडे प्रारूप में बल्लेबाजी क्रम को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाता है। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, ''मैं उनसे कुछ हद तक सहमत हूं। मुझे वनडे में बल्लेबाजों के क्रम में बदलाव करना पसंद रहा है, लेकिन यह एक नाजुक मामला है क्योंकि आप खिलाड़ियों की भूमिकाओं के साथ ज्यादा छेड़छाड़ नहीं कर सकते।''

उन्होंने कहा, ''इसमें शीर्ष तीन, चार से छह नंबर के बल्लेबाज शामिल होते हैं। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों की बारी आती है। यह लगभग तीन खंडों की तरह है और आप वास्तव में इसके साथ रचनात्मक हो सकते हैं। दाएं और बाएं हाथ के संयोजन बनाने के लिए और खेल की कुछ विशेष परिस्थितियों के अनुसार बदलाव करना सही है।'' भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता जो उसकी 31 मैचों में 27वीं जीत है। (अनंत ज्ञान)

## चेन्नई में मिली जीत के बाद भावुक हुए दिलराज सिंह, बोले-

# मां के त्याग ने बनाया चैंपियन

**एजेंसी, चेन्नई**

जूनियर हॉकी विश्व कप में नौ साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के स्ट्राइकर दिलराज सिंह के लिए यह सफलता सिर्फ एक पदक नहीं, बल्कि अपनी मां की कुर्बानियों को समर्पित भावनात्मक जीत थी। चेन्नई में मिली उपलब्धि के बाद दिलराज भावुक हो उठे।

उन्होंने बताया कि जीत के बाद सबसे पहले उन्होंने अपनी मां रूपिंद्र कौर से बात की, जो उनके मैचों के दौरान घबराहट के कारण टीवी भी नहीं देखतीं और लगातार अरदास करती रहती हैं।

दिलराज ने कहा कि बचपन में पढ़ाई से बचने के लिए वह हॉकी मैदान तक पहुंचे थे, लेकिन जल्दी ही उन्हें जीवन ने जिम्मेदारियां समझा दीं। शुरुआती दिनों में वह गोलकीपर थे, लेकिन गोलकीपिंग



किट की जरूरत पड़ने पर उनकी मां ने अपने गहने बेचकर किट खरीदी। यह त्याग दिलराज को भीतर तक झकझोर गया और उसी दिन उन्होंने तय कर लिया कि खेल के जरिए परिवार की तकदीर बदलनी है।

पंजाब के बटाला में रहने वाले दिलराज के पिता की तबीयत ठीक नहीं रहती थी, जिससे परिवार की पूरी जिम्मेदारी मां पर आ गई। कई बार टूर्नामेंट में जाने लायक पैसे भी नहीं होते थे, लेकिन जहां किसी आयोजन में इनाम मिलता, उसी से खर्च चलता था। दिलराज कहते हैं कि क्लब के लिए खेलते हुए मिली पहली कमाई पांच से छह हजार रुपए सीधे मां को देने का सुख आज भी उनकी सबसे बड़ी याद है।

उनका सफर संघर्षों और बदलावों से भरा रहा। शरारतों से परेशान होकर परिवार ने उन्हें चीमा हॉकी अकादमी में भेजा, लेकिन दिलराज रोते हुए वापस आ गए। गोलकीपर बनने की बजाय वह मिडफील्ड और फिर फॉरवर्ड पोज़िशन पर आए। घुमन कलां में कोच कुलविंद्र सिंह और बाद में सुरजीत हॉकी अकादमी में उन्होंने खेल को नई दिशा दी। हंसते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी जूनियर टीम के कोच और दिग्गज गोलकीपर पीआर श्रीजेश को नहीं बताया कि वह कभी गोलकीपर भी रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## पाकिस्तान में फुटबॉल मैच के बाद आपस में भिड़े खिलाड़ी, जांच शुरू

**एजेंसी, कराची।** पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) और पाकिस्तान ओलंपिक संघ कराची में पाकिस्तान आर्मी और वाप्डा टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच के बाद खिलाड़ियों के आपस में भिड़ने की घटना की जांच कर रहे हैं, जिसमें कई खिलाड़ी और अधिकारी घायल हो गए थे।

केपीटी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राष्ट्रीय खेलों की फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और अधिकारी भी बीच में कूद पड़े। वे एक-दूसरे को मुक्के और लात मार रहे थे। मैच का सीधा प्रसारण होने के दौरान ही इस घटना के दृश्य कैमरे में कैद हो गए और बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद कई लोगों ने दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। यह झड़प तब शुरू हुई जब आर्मी के खिलाड़ियों द्वारा अपने डगआउट के सामने जीत का जश्न मनाने पर वाप्डा के कुछ सदस्यों ने गुस्सा जताया।

पीएफएफ के एक अधिकारी ने कहा कि उन्होंने घटना का संज्ञान लिया है। पाकिस्तान ओलंपिक संघ भी इस मामले की जांच करेगा क्योंकि राष्ट्रीय खेल उसके दायरे में आते हैं। उन्होंने कहा, ''हम भी इस घटना की जांच करेंगे और इसमें शामिल खिलाड़ियों और अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।'' वीडियो में दिखाया गया है कि वाप्डा के कुछ खिलाड़ियों ने मैच रेफरी के साथ हाथापाई की। वाप्डा के खिलाड़ी रेफरी द्वारा आर्मी की टीम को पेनल्टी किक दिए जाने से नाखुश थे। (अनंत ज्ञान)

# पर्यटकों को मिले हर सुविधा और पूरा सहयोग : विवेक भाटिया



जिला शिमला में आयोजित पर्यटन हितधारकों की बैठक में विचार-विमर्श करते आला अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला पर्यटन विकास की ओर से राजधानी शिमला में सभी पर्यटन हितधारकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पर्यटन विभाग के निदेशक विवेक भाटिया ने की। उन्होंने कहा कि बैठक का मूल उद्देश्य सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र में शुरू की गई पहलों पर विचार-विमर्श करना और इन्हें जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए सभी हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। भाटिया ने सुझाव देने की प्रवृत्ति का स्वागत करते हुए कहा कि जिला पर्यटन विकास अधिकारियों के साथ मिलकर कार्य करने से ही व्यापक परिवर्तन संभव होगा।

बैठक के दौरान हितधारकों ने कई मुद्दों पर विभाग का ध्यान आकर्षित किया। हितधारक बलदेव ठाकुर ने बताया कि कुफरी के वन क्षेत्रों में पर्यटन से जुड़ी कुछ गतिविधियाँ अनियंत्रित रूप से चल रही हैं, जिनका रेगुलेशन आवश्यक है ताकि पर्यावरण और पर्यटन व्यवस्था दोनों सुरक्षित रहें। वहीं, हितधारक संजय ठाकुर ने कहा कि कुछ ब्लॉगर्स द्वारा किए जा रहे नकारात्मक प्रचार को रोकने के लिए विभाग को हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि इसका व्यापक असर प्रदेश की पर्यटन छवि पर पड़ता है। हितधारकों ने बैठक में यह भी मांग रखी कि गाइडों और फोटोग्राफरों को अलग पहचान देने के लिए विशेष जैकेट उपलब्ध करवाई जाएं। इससे न केवल पर्यटकों को सही व्यक्तियों की पहचान करने में सुविधा होगी बल्कि पर्यटन सेवाओं में भी पारदर्शिता आएगी।

## कोटी में कृषि विक्रय केंद्र बंद, सात पंचायतों के किसान परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटी में लगभग तीस वर्षों से चल रहा कृषि विक्रय केंद्र बंद होने से जुन्गा क्षेत्र की सात पंचायतों कोटी, दरभोग, सतलाई, पीरन, बलोग, जनेडघाट और भरांडी के किसानों में गहरा रोष है। पंचायत प्रतिनिधियों का कहना है कि अब बीज और कृषि उपकरण लेने के लिए किसानों को मशोबरा जाना पड़ेगा, जहां पहुंचने के लिए तीन बसें बदलनी पड़ती हैं और लगभग 120 किलोमीटर की आवाजाही करनी होती है। इससे समय और धन, दोनों की हानि हो रही है।

किसानों ने यह भी बताया कि कोटी केंद्र में लंबे समय से कृषि प्रसार अधिकारी का पद रिक्त है और कभी-कभार ही मशोबरा मुख्यालय से कर्मचारी आकर सामग्री देते हैं। प्रगतिशील किसानों का कहना है कि वर्षों से क्षेत्र में कृषि विभाग ने न कोई प्रशिक्षण शिविर लगाया और न ही आधुनिक कृषि तकनीकों पर कोई मार्गदर्शन दिया। इससे सरकार के कृषि विकास के दावे खोखले सिद्ध हो रहे हैं और किसान अपने स्तर पर ही खेती और नकदी फसलों का प्रबंधन करने को मजबूर हैं। कृषि उपनिदेशक शिमला अजब नेगी का कहना है कि कृषि प्रसार अधिकारी की नियुक्ति होते ही कोटी विक्रय केंद्र को दोबारा क्रियाशील किया जाएगा।

## रणधीर शर्मा बोले-राज्य में अराजकता का माहौल, 2027 में भाजपा की वापसी तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मंडी में कांग्रेस सरकार के तीन साल पूरे होने पर आयोजित भव्य रैली उस समय राजनीतिक तूफान में बदल गई, जब उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मंच से ही मुख्यमंत्री को निकम्मा और निर्णयहीन कहकर पूरे कार्यक्रम की दिशा बदल दी। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी और वरिष्ठ विधायक रणधीर शर्मा ने इस बयान को हिमाचल की राजनीतिक परंपरा में सबसे अभूतपूर्व और शर्मनाक करार देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार भीतर से बिखर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि रजनी पाटिल द्वारा उपमुख्यमंत्री को 'मैन ऑफ द मैच' बताना इस टूट को और अधिक उजागर करता है, जिससे जनता में यह संदेश गया कि सत्ता संघर्ष अब खुले मंच पर पहुंच चुका है।

शर्मा ने कहा कि उपमुख्यमंत्री द्वारा अफसरों को 'रात के अंधेरे में निपटा देने, रगड़कर रख देने और नेस्तनाबूद कर देने' जैसी धमकियां हिमाचल की लोकतांत्रिक मर्यादा पर सीधा प्रहार हैं। उनके अनुसार, यह भाषा बताती है कि सत्ता के पास विकास के आंकड़े नहीं बचे, इसलिए अब प्रशासन को डराकर चलाने की प्रवृत्ति सामने आ रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आपदा से जूझ रहे मंडी जिले में जश्न मनाना पीड़ितों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है, और रैली की व्यवस्थाओं पर खर्च तक आपदा राहत राशि से किए जाने की चर्चाओं ने सरकार की संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है।

भाजपा नेता ने कहा कि रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों और लाभार्थियों की भीड़ दिखाई दी, जो सरकारी तंत्र के दुरुपयोग का संकेत है। उन्होंने सवाल उठाया कि कांग्रेस तीन साल में कौन-सी उपलब्धि की वजह से जश्न मना रही है। झूठी गारंटियाँ, बढ़ी हुई महंगाई, बंद की गई योजनाएं, ठप विकास या जनता की बदहाली? शर्मा ने दावा किया कि हिमाचल की जनता सब देख रही है और 2027 में कांग्रेस को उसके 'पापों की सजा' मिलने वाली है, जबकि भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगी।

## सीएम सुक्खू ने इंडियन कॉफी हाउस में सांभर वड़ा खाकर जेब से चुकाया बिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू गुरुवार को मंडी से लौटकर सीधे शिमला के मॉल रोड पहुंचे, जहां उन्होंने इंडियन कॉफी हाउस में सांभर और वड़ा का स्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने भोजन का बिल स्वयं अपनी जेब से अदा किया। इसके बाद वे रिज और मॉल रोड पर टहलते हुए पर्यटकों व स्थानीय लोगों से मिले और उनसे प्रदेश के हालात, पर्यटन और मौसमी गतिविधियों पर अनौपचारिक बातचीत की। मुख्यमंत्री की यह सादगी भरी मौजूदगी लोगों के बीच उत्सुकता का विषय रही। कई पर्यटकों ने उनसे मुलाक़ात कर तस्वीरें भी लीं, जबकि स्थानीय लोगों ने रोज़मर्रा की समस्याएँ और सुझाव उनके सामने रखे। सुक्खू का यह सहज संवाद जनता के साथ उनके सीधे जुड़ाव का प्रतीक माना जा रहा है।

## एंटी-चिट्टा रैली की तैयारियों को लेकर हुई समन्वय बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार के नशा मुक्त हिमाचल सुरक्षित भविष्य अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए विकास खंड स्तर पर एंटी चिट्टा रैली आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में रामपुर में उपमंडलाधिकारी (नागरिक) हर्ष अमरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें 22 दिसंबर को रामपुर और 23 दिसंबर को ननखरी में प्रस्तावित रैली की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपमंडलाधिकारी ने सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि रैली का उद्देश्य छात्रों, युवाओं, महिला मंडलों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय समुदायों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

## ड्राइवर की बर्खास्तगी पर बिजली बोर्ड घेरे में, सोशल मीडिया पर आरोपों के बाद ड्राइवर की नौकरी खत्म

# हिमाचल में फर्जी लॉगबुक विवाद गहराया

**सत्यदेव भारद्वाज अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड में आउटसोर्स ड्राइवर कमल ठाकुर की सेवा समाप्ति का मामला अब तेजी से राजनीतिक और प्रशासनिक रंग लेने लगा है। कमल ने सोशल मीडिया पर बोर्ड के एक उच्च अधिकारी और लोक संपर्क अधिकारी पर गाड़ियों के दुरुपयोग और फर्जी लॉगबुक भरने के गंभीर आरोप लगाए थे। आरोपों के तुरंत बाद बिजली बोर्ड ने कमल और गगन नामक दूसरे ड्राइवर की सेवाएं समाप्त कर दीं। यह कहते हुए कि दोनों शराब पीकर ड्यूटी पर पहुंचे और हंगामा किया।

बोर्ड कर्मचारी यूनियन इस फैसले के खिलाफ खुलकर सामने आ गई है। यूनियन ने चेयरमैन को पत्र लिखकर कहा कि अनियमितताएं

### मामले ने पकड़ा तूल, यूनियन ने कार्रवाई को प्रतिशोध बताया जांच की मांग उठी

### कमल ठाकुर बोले- सच बताने की सजा मिली, फर्जी लॉगबुक का पूरा रिकॉर्ड मौजूद

उजागर करना किसी कर्मचारी का दायित्व है और इसे गलत आचरण करार देना प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध है। यूनियन का कहना है कि दोनों ड्राइवर वर्षों से नाममात्र वेतन पर बिना किसी अनुशासनहीनता के काम कर रहे थे, लेकिन सच सामने लाने पर उन पर कार्रवाई कर दी गई। यूनियन ने लगाए गए सभी आरोपों की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

कमल ठाकुर ने आरोप लगाया कि दो से दस अक्तूबर तक वह बैजनाथ में ड्यूटी पर था, लेकिन लॉगबुक में शिमला, कांगड़ा, धर्मशाला, पालमपुर और अन्य स्थानों की यात्रा दर्ज कर दी गई। ईंधन भरने की कई फर्जी एंट्री भी दर्ज की गईं, जबकि वाहन बैजनाथ से बाहर गया ही नहीं। उन्होंने कहा कि सरकारी गाड़ियां नियमित रूप से अधिकारियों के निजी कामों में उपयोग की जाती हैं और कई गाड़ियां मुख्यालय में खड़ी जंग खा रही हैं, जबकि निजी टैक्सियां कुछ अधिकारियों की रोजमर्रा की आवाजाही के लिए लगाई जाती हैं। कमल ने मानसिक प्रताड़ना, टॉयलेट साफ कराने और रात में मेडिकल कराने की मजबूरी जैसे आरोप भी लगाए।

### प्रबंधन वर्ग ने आरोपों को नकारा

**चेयरमैन** प्रबोध सक्सेना ने बताया कि पूरे मामले को एमडी को भेज दिया गया है और कार्रवाई उन्हीं के स्तर पर होगी। एमडी आदित्य नेगी के अनुसार, ड्राइवर पर शराब पीकर ड्यूटी पर आने का आरोप था, इसलिए आउटसोर्स एजेंसी को उसे बदलने को कहा गया। उन्होंने कहा कि कमल की शिकायत सोशल मीडिया पर है, लिखित रूप में मिलती तो जांच अनिवार्य होती।

### जांच के इंतजार में बढ़ा दबाव

**बहरहाल** मामला जैसे-जैसे गहराता जा रहा है, यूनियन और कर्मचारियों के बढ़ते दबाव के बीच बिजली बोर्ड पर निष्पक्ष जांच की मांग ज़ोर पकड़ रही है। अब सबकी निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ड्राइवर की लिखित शिकायत आने पर प्रबंधन क्या कदम उठाता है और क्या आरोपों में छिपे सच की परतें खुल पाएंगी।

## जुब्बल-कोटखाई में कांग्रेस को बड़ा झटका

# नावर में 12 कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



भाजपा में शामिल नावर क्षेत्र के 12 कार्यकर्ता सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जुब्बल-कोटखाई के नावर क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को सियासी हलचल तेज हो गई, जब क्षेत्र के 12 सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

इनमें विपिन नैंटा ग्राम टिक्करी, प्रदीप शर्मा ग्राम शेखल, खुशविंद्र थापटा ग्राम कोटी, विक्की कालटा ग्राम फरोग, बॉबी लाल पुजारली नंबर चार, अश्वनी जस्टा व रविंद्र जस्टा ग्राम खहलावन, देवराज दुल्टा ग्राम डमडैडी, शुभम देशष्टा ग्राम खांगटा, सुरेश नेगी ग्राम कुठाडी और मुन्नी लाल ग्राम कड़ीवन शामिल हैं। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन-कल्याणकारी सोच और राष्ट्रहित की नीतियों को अपने निर्णय का आधार बताया।

इस मौके पर प्रदेश प्रकोष्ठों के संयोजक पुरुषोत्तम गुलेरिया और भाजपा नेता चेतन बरागटा ने सभी कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण फाल्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अभूतपूर्व विकास की राह पर है और जनता का भाजपा पर भरोसा लगातार मजबूत हुआ है। भाजपा नेता चेतन बरागटा ने कहा कि भाजपा एक जन-आंदोलन से जन्मी पार्टी है और यहां कार्यकर्ता ही उसकी असली शक्ति होते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नए साथी पार्टी की नीतियों और योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।